RNI : JHAHIN/2014/54374

हिन्दी दैनिक

Rashtria Mukhyadhara

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक

https://rashtriyamukhyadhara.com/

बोकारो, गुरुवार

26.2.2026

पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/

वर्ष : 12, अंक : 128

mukhyadhara.daily@gmail.com

+91 8873 319 159



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित: देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

## पीएम मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे

### इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने पत्नी के साथ एयरपोर्ट पर रिसीव किया

**एजेंसी। तेल अवीव**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के इजराइल दौरे पर पहुंचे हैं। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया। पीएम मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। मोदी 9 साल बाद इजराइल पहुंचे हैं। इससे पहले वे जुलाई 2017 में गए थे। मोदी आज इजराइल की संसद को भी संबोधित करेंगे। वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे।

**भारत-इजराइल में हथियारों की डील पर बातचीत संभव** : मोदी के इस दौरे पर भारत और इजराइल के हथियारों से जुड़ी डील पर बातचीत की संभावना है। इनमें ड्रोन और एंटी बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम शामिल हैं। इजराइली अखबार, द जेरूसलम पोस्ट ने पीएम मोदी के दौरे पर उनके स्वागत के लिए एक खास फ्रंट पेज छापा। फ्रंट पेज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर के साथ हिंदी में लिखा 'नमस्ते' नजर आ रहा है। वहीं उसके बगल में हिब्रू भाषा में भी 'शालोम' लिखा है, जिसका मतलब हेलो या नमस्ते है। इसका दूसरा अर्थ शांति भी होता है। आधिकारिक प्रवक्ता के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25-26 फरवरी को इजराइल की राजकीय यात्रा पर रवाना हुए हैं। यह प्रधानमंत्री की इजराइल की दूसरी यात्रा है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इजराइल में नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा करेंगे और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, रक्षा एवं सुरक्षा, कृषि, जल प्रबंधन, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था तथा जन-समुदाय के आदान-प्रदान सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा करेंगे। दोनों नेताओं के बीच पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होने की उम्मीद है।

## चुनाव आयोग के सम्मेलन में 'राष्ट्रीय घोषणा' को अपनाया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और राज्य चुनाव आयुक्तों (एसईसी) के मंगलवार को आयोजित राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन में 'राष्ट्रीय घोषणा 2026' को सर्वसम्मति से अपनाया गया। साथ ही यह संकल्प लिया गया कि इस प्रकार की बैठक अब हर वर्ष आयोजित की जाएगी। चुनाव आयोग के मुताबिक 27 वर्षों के अंतराल के बाद आयोजित इस सम्मेलन में 30 राज्यों के राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने भाग लिया। सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने की। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहे। सम्मेलन में चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें ईसीआईनेट, ईवीएम, मतदाता सूची प्रबंधन और प्रशिक्षण सुविधाओं को राज्यों के साथ साझा करने पर सहमति बनी। राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने कहा कि शुद्ध और अद्यतन मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है तथा पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करती है। राष्ट्रीय घोषणा 2026 में यह भी तय किया गया कि पंचायत और नगर निकाय चुनावों से संबंधित कानूनों को संसद और विधानसभा चुनावों से जुड़े प्रावधानों के साथ समन्वय में लाया जाएगा, ताकि चुनावी प्रक्रिया में एकरूपता सुनिश्चित हो सके। निर्वाचन आयोग ने राज्यों से अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी का आग्रह भी किया। सम्मेलन में राज्यों से प्राप्त सुझावों की समीक्षा के लिए कानूनी और तकनीकी अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित करने का निर्णय लिया गया। यह टीम तीन महीने के भीतर राज्यवार कार्ययोजना तैयार कर आयोग को सौंपेगी।

## राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्णः राष्ट्रपति

**एजेंसी। बुलढाणा**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शिरगांव में आयोजित राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि संत गजानन महाराज की पावन भूमि पर स्वास्थ्य और जनकल्याण को समर्पित कार्यक्रम का उद्घाटन करना उनके लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में "आरोग्यं परमं सुखम्" कहा गया है अर्थात अच्छा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा सुख है। राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा-रिग्पा और होम्योपैथी जैसी आयुष प्रणालियां केवल उपचार तक सीमित नहीं हैं बल्कि संतुलित आहार, दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग और ध्यान पर आधारित समग्र जीवनशैली ढांचा प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व यह समझ रहा है कि वास्तविक स्वास्थ्य शरीर और मन के संतुलन से ही संभव है। महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आयुर्वेद को प्रकृति पर आधारित कालातीत वैज्ञानिक परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनि प्रथम शोधकर्ता थे, जिन्होंने पंचमहाभूतों पर आधारित शरीर विज्ञान की गहरी समझ विकसित की। उन्होंने गुणवत्ता, प्रामाणिकता और अनुसंधान को सुदृढ़ करने पर बल दिया। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने राष्ट्रीय आरोग्य मेले को भारतीय पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का "महाकुंभ" बताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल स्वास्थ्य शिविर नहीं बल्कि देश की समग्र स्वास्थ्य परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने का राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने आयुष पर्यटन की अपार संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत समग्र वेलनेस के क्षेत्र में "विश्व का मुकुट" बन सकता है। इससे रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और औषधीय पौधों की खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। आयुष मंत्रालय के सचिव राजेश कोटेचा ने कहा कि आरोग्य मेले जन-जागरूकता और प्रामाणिक आयुष पद्धतियों के प्रदर्शन का प्रभावी मंच हैं। मंत्रालय गुणवत्ता, अनुसंधान और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित चिकित्सकों को 'लाइफटाइम आयुर्वेदिक गौरव सम्मान' प्रदान किया। सम्मानित होने वालों में वैद्य देवेंद्र त्रिगुणा, वैद्य राकेश शर्मा, आशुतोष गुप्ता, मनीषा कोटकर, पीएम वैरियर और रामदास शामिल रहे। मेले में निःशुल्क परामर्श, औषधि वितरण, विशेषज्ञ व्याख्यान और औषधीय पौधों की खेती से जुड़े किसानों के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खड़से सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आयुष विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के कश्मीरी गेट पर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग, एक घायल



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली का कश्मीरी गेट इलाका मंगलवार रात गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्रा उठा। आईएसबीटी के पास स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के सामने बेखौफ बदमाशों ने एक कार को निशाना बनाते हुए अंधाधुंध फायरिंग की। कार में सवार पांच लोगों में से एक ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम का वकील होने का दावा किया है। इस जानलेवा हमले में कार सवार एक युवक को दो गोलियां लगी हैं, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और हमलावरों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह वारदात रात करीब 10:30 बजे की है। कार में सवार अधिवक्ता दीपक खत्री अपने सहयोगियों और संदीप नामक शख्स के साथ हनुमान मंदिर में दर्शन करने आए थे। जैसे ही दर्शन करने के बाद सभी लोग कार में बैठे और ड्राइवर ने गाड़ी आगे बढ़ानी शुरू की, तभी अज्ञात बदमाशों ने कार पर पीछे से धावा बोल दिया। बदमाशों ने ताबड़तोड़ चार राउंड फायरिंग की, जिससे कार का पिछला शीशा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। इस हमले में पीछे की सीट पर बैठे संदीप को कंधे के पास दो गोलियां लगीं। गोलियां चलने से मौके पर भगदड़ मच गई, जिसका फायदा उठाकर हमलावर फरार होने में कामयाब रहे। वारदात के समय कार के ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय दिया और घबराने के बजाय कार की रफ्तार बढ़ाकर उसे सुरक्षित स्थान की ओर ले गया।

### अमेरिकी सैनिक टॉयलेट रोककर करेंगे जंग! क्या यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड जाएगा वापस?



**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध जैसे हालात हैं। ईरान ने दशकों में पहली बार इस इलाके में अपनी सबसे बड़ी सैन्य ताकत झोंक दी है। जवाब में अमेरिका ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अपने सबसे शक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को मोर्चे पर लगा दिया है, लेकिन इस 13 बिलियन डॉर् की लागत वाले जहाज के अंदर एक गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जहाज के 650 टॉयलेट में से ज्यादातर काम करना बंद कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यूएस ने इस इलाके में यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को भी तैनात किया है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर माना जाता है, लेकिन इन सबके बीच यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड पर विदेश में तैनात नाविकों को एक अलग समस्या का सामना करना पड़ रहा है जो है टॉयलेट संकट। यह एयरक्राफ्ट कैरियर पिछले साल जून से समुद्र में है। इसने जनवरी में वेनेजुएला के पूर्व प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन फोर्ड की तैनाती को और बढ़ाने के अमेरिकी प्रेसिडेंट के फैसले ने इसके लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लंबे समय तक तैनाती के कारण फोर्ड का सीवेज सिस्टम खराब हो गया है।

## कांग्रेस पार्टी अपने युवा निडर सिपाहियों के साथ खड़ी : प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में पुलिस द्वारा इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शर्मनाक करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने युवा निडर सिपाहियों के साथ खड़ी है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पोस्ट कर लिखा कि सत्य के लिए शांतिपूर्ण एवं अहिंसक प्रतिरोध हमारी गौरवशाली विरासत है जो हमें महात्मा गांधी और लाखों-करोड़ों भारतीय पूर्वजों से मिली है। दुनिया भर के दबाव में झुककर, भारत के हितों से समझौता करने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाने में 140 करोड़ भारतवासियों का हित है। जनता की आवाज उठाने के लिए युवा कांग्रेस के साथियों पर कार्रवाई अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक है। दरअसल यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नाराजगी जाहिर की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जो लोग जनता के लिए आंदोलन कर रहे हैं, जो आम लोगों की आवाज उठा रहे हैं, जो किसानों की आवाज उठा रहे हैं, केंद्र सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि अगर सरकार का विरोध करना जुर्म है, तब कांग्रेस का हर व्यक्ति यह जुर्म बार-बार करेगा। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मां रजनीबाला ने कहा कि चिब को सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रदर्शन को साजिश बताया, लेकिन मुझे समझ नहीं आ रहा है कि देश में विरोध करना कब से साजिश होने लगा।

## त्सोमगो झील के पास फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया

**एजेंसी। गंगटोक**



पूर्वी सिक्किम में मौजूद त्सोमगो झील (चांगू झील) के पास भारी बर्फबारी के कारण फंसे 2,700 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि शेराथांग और आसपास के ऊंचाई वाले इलाकों में तेज हिमपात से सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हुई थीं। हालात इतने खराब थे कि '15वें मील' से त्सोमगो झील के बीच का संपर्क कट गया और कुल 541 पर्यटक वाहन बर्फ में फंस गए। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन वाहनों में सवार 2,736 पर्यटक कठिन परिस्थितियों में फंसे हुए थे। शून्य से नीचे तापमान (सब-ज़ीरो) और कम दृश्यता के बीच राहत एवं बचाव दलों ने समन्वित अभियान चलाया। यह रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार देर रात तक जारी रहा। प्रशासन, पुलिस और अन्य संबंधित एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से सभी वाहनों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और सभी पर्यटकों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। बर्फबारी इतनी तीव्र थी कि सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया था। कई स्थानों पर बर्फ की मोटी परत जमने से वाहन फिसल रहे थे और यातायात पूरी तरह ठप हो गया था। ऐसे में राहत दलों ने प्राथमिकता के आधार पर पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का काम किया। घटना के बाद सिक्किम पर्यटन विभाग ने पर्यटकों और टूर ऑपरेटरों के लिए सख्त एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने कहा है कि यात्रा से पहले मौसम विभाग के अलर्ट अवश्य जांचें। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में टायरों पर 'स्नो चेन' का उपयोग अनिवार्य रूप से करें ताकि वाहन फिसलने से बचें। साथ ही, वाहनों में पर्याप्त भोजन, गर्म कपड़े और आपातकालीन किट रखना जरूरी है। यह घटना पहाड़ी क्षेत्रों में मौसम की अनिश्चितता और सावधानी की अहमियत को रेखांकित करती है।

## जल्द बांग्लादेश लौटेंगे और सड़कों पर संघर्ष भी करेंगेः शेख हसीना



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने महीनों की खामोशी के बाद एक ऐसा कदम उठाया है जिसने ढाका के सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। जुलाई 2024 के तख्तापलट और हिंसक विद्रोह के बाद भारत में शरण लेने वाली शेख हसीना ने अब अपने वतन लौटने की तैयारी का स्पष्ट संकेत दे दिया है। दिल्ली से अपनी पार्टी, आवामी लीग के नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मानसिक और शारीरिक रूप से संघर्ष के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा, बोरिया-बिस्तर बांध लो, अब देश लौटने और मैदान में उतरने का वक्त आ गया है। शेख हसीना का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज किए हैं और उनकी पार्टी पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। दिल्ली में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक के दौरान हसीना ने न केवल अपनी वापसी का संकल्प दोहराया, बल्कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की वैधता पर भी गंभीर सवाल खड़े किए।

## आईआरसीटीसी की 'ई-पेंट्री मील बुकिंग सर्विस' को मिले 65 हजार से ज्यादा आर्डर



**नई दिल्ली।** ट्रेन में सफर करने वाले यात्री अपना मील चुनते हैं। इन्हीं यात्रियों की पसंद को समझते हुए आईआरसीटीसी ने आंकड़े जारी किए हैं, जिसमें बताया गया है कि ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में से यात्रियों को सबसे ज्यादा कौन सा मील पसंद आता है। वंदे भारत, शताब्दी और राजधानी जैसी प्रीमियम ट्रेनों में टिकट के साथ ही मील बुक करने का विकल्प दिया जाता है और इनमें पेंट्री कार नहीं होती। यहां आईआरसीटीसी के बेस किचन से खाना पहुंचाया जाता है। दूसरी ओर कई मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में पेंट्री कार मौजूद होती है, जहां से ऑर्डर पर यात्रियों को भोजन सर्व किया जाता है। हालांकि लंबी दूरी की उन ट्रेनों में समस्या आती है, जिनमें पेंट्री कार नहीं होती है। ऐसी परेशानी को दूर करने के लिए आईआरसीटीसी ने अप्रैल 2025 में 'ई-पेंट्री मील बुकिंग सर्विस' शुरू की थी, जिसने यात्रियों को काफी राहत दी है। यह सेवा सबसे पहले विवेक एक्सप्रेस में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू की गई थी और सफल परीक्षण के बाद इसे 25 मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में लागू किया गया। ई-पेंट्री के तहत यात्री अपनी पसंद का भोजन पहले से ऑनलाइन बुक कर सकते हैं, जो तय समय पर उनकी सीट तक पहुंचा जाता है।


## गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता कियाः पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता पीयूष गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी परिवार ने हमेशा देशहित से समझौता किया और इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई थी। भाजपा मुख्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में गोयल ने कहा कि गांधी परिवार समझौतावादी राजनीतिक परिवार रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास और वर्तमान दोनों इस बात के उदाहरण हैं कि किस प्रकार यह परिवार राष्ट्रहित से समझौता करता रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए गोयल ने उन्हें नकारात्मक राजनीति का पोस्टर बॉय बताया। गोयल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी विदेशी ताकतों के प्रभाव में देशहित के विरुद्ध बयान देते हैं और भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का देश विरोधी ताकतों के साथ संबंध है। किस प्रकार से वो बॉर्डर सेंसेटिव एरिया लद्दाख में जाकर साकिर मिराली जैसे विदेशी लोग, जो भारत के हितों के खिलाफ काम करते हैं, उनके साथ संबंध रखते हैं। आज पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी किस प्रकार से ओछी राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के कार्यकाल में भी ऐसे कई फैसले लिए गए, जिन्हें वे देशहित के प्रतिकूल बताते हैं। गोयल ने 1971 के शिमला एग्रीमेंट का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय 93 हजार पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा किया गया लेकिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर वापस नहीं लिया गया। उन्होंने बोफोर्स मामले का जिक्र करते हुए कहा कि उस प्रकरण में निष्पक्ष जांच नहीं होने दी गई।

## केंद्र का हिस्सा सीधे किसान के खाते में जाएगाः शिवराज

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, पूसा में आयोजित तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती-किसानी को "विकसित कृषि-आत्मनिर्भर भारत" की दिशा में ले जाने वाले कई बड़े कृषि सुधारों का रोडमैप सामने रखा। उन्होंने साफ संदेश दिया कि अब किसान का पैसा रोक कर रखने की पुरानी व्यवस्था नहीं चलेगी, एमएसपी खरीदी से लेकर केसीसी लोन, पेस्टिसाइड लाइसेंस और केवीके की भूमिका तक हर स्तर पर पारदर्शिता, समयबद्धता और जवाबदेही तय की जाएगी। बुधवार को पूसा स्थित आईसीएआर–आईएआरआई परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित पूसा कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एम. एल. जाट और आईएआरआई के निदेशक डॉ. सी. एच. श्रीनिवास राव सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सात किसानों को आईएआरआई कृषि अध्येता पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे "किसान प्रथम" की भावना को और बल मिला। कृषि रिफॉर्म्स पर अपनी बात रखते हुए शिवराज चौहान ने सबसे पहले किसानों के बकाया भुगतान में देरी का मुद्दा उठाया। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो भी एजेंसी या राज्य सरकार किसानों का पैसा रोकेगी, उसे उस राशि पर 12 प्रतिशत ब्याज देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसान को देर से भुगतान और सरकारी खातों में पैसा "पार्क" रखकर लाभ कमाने की प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार अपनी ओर से देरी नहीं करेगी और यदि किसी योजना में राज्यों की ओर से भुगतान में विलंब होता है तो भी केंद्र का हिस्सा सीधे किसान के खाते में भेजने के विकल्प पर काम किया जा रहा है। उनका संदेश था कि किसान को कम से कम केंद्र की ओर से मिलने वाला लाभ समय पर और बिना अड़चन के पहुँचे। कृषि यंत्रीकरण, ड्रिप, स्प्रिंकलर, पाली हाउस और ग्रीन हाउस जैसी तकनीकों के लिए दी जा रही सहायता का ज़िक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों को 18 से अधिक योजनाओं के तहत संसाधन उपलब्ध करा रही है लेकिन केवल पैसा भेज देना पर्याप्त नहीं है।

### कांग्रेस ने भारत के सोलर पैनलों पर 126 फीसदी अमेरिकी शुल्क लगाने की आलोचना की

**नई दिल्ली।** अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा भारत से आयातित सोलर सेल्स और पैनलों पर 125.87 प्रतिशत शुल्क लगाने के निर्णय की कांग्रेस ने आलोचना की है। महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत पर अमेरिका का यह कदम बेहद अजीब है। इससे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की वास्तविकता सामने आ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस समझौते की सराहना की थी और कहा था कि इससे अमेरिका में भारत के निर्यात के लिए दरवाजे खुलेंगे, वह दरअसल पूरी तरह एकतरफा है।

we will make your Epaper & NEWS PORTAL
MAXIMUM PERFORMANCE

आपकी डिजिटल और प्रिंट पहचान एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर

हम तैयार करते हैं:
- प्रिंट-रेडी ई-पेपर व न्यूज़लेटर (PDF अख़बार)
- साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक व त्रैमासिक पत्र/पत्रिका
- किताबों व रिपोर्ट की PDF
- ब्रोशर, फ्लायर, कैटलॉग व ई-सोवीनियर
- रिसर्च जर्नल व डॉक्यूमेंट सेटअप
- News Portal (Making to News Uploading)

किसके लिए:
- मीडिया हाउस
- संस्थान व स्कूल
- लेखक व कवि
- कार्यक्रम आयोजक
- शोधकर्ता
- Web Journalists/Publishers

PDF PRESS SERVICES

क्यों चुनें ?
- प्रोफेशनल लेआउट • आकर्षक डिज़ाइन
- समय पर डिलीवरी • बजट फ्रेंडली पैकेज
- आपकी जरूरत के मुताबिक कस्टम काम

संपर्क करें आज ही

pdfpresssolutions@gmail.com +91 9288319159, 9576159316

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### उधवा में डीटीओ का छापा अवैध बालू लदा एक हाईवा जब्त



**उधवा/साहिबगंज।** जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने बुधवार को उधवा-बरहरवा मुख्य मार्ग स्थित मोहनपुर टावर चौक के समीप से बालू लदा एक हाईवा को जब्त किया है। जब्त किए गए हाईवा को आगे की कार्रवाई के लिए राधानगर थाना को सुपुर्द कर दिया है।जानकारी के अनुसार जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बालू लदा हाईवा चालक को रोककर कागजात की मांग किया। हालांकि चालक के द्वारा कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। वहीं डीटीओ ने उक्त हाईवा को जब्त कर राधानगर थाना पुलिस को सूपूर्द कर दिया है। डीटीओ ने बताया कि उक्त हाईवा का चालान काट दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### इसरी में आतंक: टोटो से उतरते ही झपटी सोने की चेन

**डुमरी** : निमियाघाट थाना क्षेत्र के इसरी में बुधवार को दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन झपटकर बाइक सवार अपराधी फरार हो गए।घटना उस समय हुई जब इसरी बाजार निवासी योगेंद्र बरनवाल की पुत्री टोटो से अपने घर के समीप उतरी ही थी।इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक पर सवार दो युवक अचानक पहुंचे और महिला के गले से चेन झपटकर तेजी से भाग निकले।अचानक हुई इस वारदात से महिला घबरा गई और शोर मचाने लगी लेकिन तब तक अपराधी भाग चुके थे ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक घटना को अंजाम देने के बाद इसरी की ओर तेज रफ्तार से भागते देखे गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।सूचना मिलने पर निमियाघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा अपराधियों की पहचान में जुटी है।क्षेत्र में लगातार हो रही झपटमारी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

### 79 टेबल पर होगी मतगणना, सुबह 8 बजे से शुरू होगा परिणामों का सिलसिला

**पलामू** : मेदिनीनगर में नगर निकाय चुनाव की मतगणना को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले के पांचों नगर निकायों के लिए 246 बूथों पर 23 फरवरी को मतदान संपन्न हो चुका है और अब 27 फरवरी को जी.एल.ए. कॉलेज में मतगणना की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बुधवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

शुक्रवार को सुबह 8 बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। सभी नगर निकायों के लिए अलग-अलग टेबल और काउंटर बनाए गए हैं। मेदिनीनगर नगर निगम की मतगणना 27 टेबल के माध्यम से 5 राउंड में पूरी की जाएगी। विश्रामपुर नगर परिषद के लिए 13 टेबल के जरिए 3 राउंड में मतों की गिनती होगी। छतरपुर नगर पंचायत के परिणाम 12 टेबल पर 2 राउंड में घोषित किए जाएंगे। हुसैनाबाद नगर पंचायत के लिए 15 टेबल पर 2 राउंड में मतगणना होगी, जबकि हरिहरगंज नगर पंचायत के लिए 12 टेबल और 2 राउंड निर्धारित किए गए हैं। इस प्रकार कुल 79 टेबल के माध्यम से मतों की गिनती संपन्न कराई जाएगी।

मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाने के लिए 90 से अधिक पर्यवेक्षकों और 170 से अधिक मतगणना सहायकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

# दलमा तराई क्षेत्र के 84 मौजा और 135 गांवों को इको-सेंसिटिव ज़ोन के नाम पर प्रभावित करने की प्रक्रिया

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**सरायकेला** : माकुलाकोचा (दलमा)स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित दलमा क्षेत्र ग्राम सभा सुरक्षा मंच के महा जन सम्मेलन में जनसभा को संबोधित करते हुए विस्थापित अधिकार मंच के अध्यक्ष राकेश रंजन ने कहा कि दलमा तराई क्षेत्र के 84 मौजा और 135 गांवों को इको-सेंसिटिव ज़ोन के नाम पर प्रभावित करने की प्रक्रिया आदिवासी एवं मूलवासी समाज के अस्तित्व, अधिकार और विरासत पर सीधा हमला है।

उन्होंने कहा कि Dalma Wildlife Sanctuary के आसपास इको-सेंसिटिव ज़ोन घोषित करने के नाम पर स्थानीय समुदायों को विस्थापित करने की तैयारी की जा रही है, जबकि सदियों से यही समुदाय जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते आए हैं। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या पर्यावरण संरक्षण के नाम पर केवल गरीब और वनाश्रित समाज पर ही नियम लागू होंगे? क्या बड़े उद्योगों और व्यावसायिक गतिविधियों को भी समान रूप से रोका जाएगा?

अपने संबोधन में राकेश रंजन ने ग्रामीणों से अपील की कि आज समय आ गया है जब सभी को जातिवाद और राजनीतिक दलों से ऊपर उठकर एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़नी होगी। उन्होंने विशेष रूप से उपस्थित माताओं और बहनों से आग्रह किया कि इस आंदोलन में महिलाओं की भागीदारी निर्णायक होगी। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है — जब महिलाएं आगे आती हैं, तब आंदोलन मजबूत और सफल होता है।

सरकार की नीतियों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण के समय सरकार बड़ी-बड़ी और मनमोहक बातें करती है — बेहतर पुनर्वास, रोजगार, विकास और उज्ज्वल भविष्य का वादा किया जाता है। लेकिन एक बार जमीन अधिग्रहित हो जाने के बाद विस्थापितों को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, "मैं स्वयं Chandil Dam से प्रभावित एक विस्थापित हूं। आज 42 वर्ष बीत जाने के बाद भी हम लोगों को पूर्ण न्याय नहीं मिला है। पुनर्वास, मुआवजा और मूलभूत अधिकारों के लिए आज भी संघर्ष जारी है।"

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इतिहास से सबक नहीं लिया गया तो दलमा क्षेत्र के 135 गांवों का भविष्य भी चांडिल बांध विस्थापितों जैसा हो सकता है।

यदि 135 गांवों को हटाया गया तो हजारों परिवारों की आजीविका समाप्त हो जाएगी। सरना स्थल, पहाड़,और पारंपरिक पूजा स्थल भी प्रभावित होंगे, जिससे सांस्कृतिक पहचान पर गहरा आघात पहुंचेगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसूचित क्षेत्रों में किसी भी भूमि अधिग्रहण या विस्थापन से पूर्व ग्राम सभा की सहमति, सामाजिक प्रभाव आकलन और समुचित पुनर्वास योजना अनिवार्य है। बिना इन प्रक्रियाओं के किसी भी प्रकार की कार्रवाई कानूनन और नैतिक रूप से स्वीकार्य नहीं होगी।

**अपने संबोधन के अंत में राकेश रंजन ने कहा,**-"हम विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विनाश के खिलाफ हैं। दलमा हमारे लिए केवल जंगल नहीं, बल्कि हमारी मां, हमारी पहचान और हमारी संस्कृति है। जल, जंगल, जमीन हमारा अधिकार है — और यह अधिकार हम संविधान के दायरे में रहकर मांग रहे हैं।"

सभा में उपस्थित लोगों ने शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## लायंस क्लब और विहिप के शिविर में 120 लोगों की हुई नेत्र जांच

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**डुमरी**: लायंस क्लब ऑफ इसरी डुमरी और विहिप डुमरी प्रखंड के तत्वाधान में क्लब सभागार में 22 एवं 25 फरवरी को निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया।अध्यक्ष आलोक डागा विहिप प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार डॉ बिपिन कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।जिसमें पहले दिन 65 लोगों को और दूसरे दिन 55 लोगों का एकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से आए अनुभवी डॉ के द्वारा नेत्र जांच आधुनिक मशीन से किया गया।जांच में 26 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन मधुबन में किया जाएगा।इस दौरान 28 लोगों को फ्री चश्मा और दवाई दिया गया।कार्यक्रम की सफलता में क्लब सचिव लायन उमेश उजाला,लायन विजयंत मोहन लायन रामकिशोर शरण,ला अशोक गुप्ता,ला धर्मजय जायसवाल,ला सौरभ वर्मा,ला शिवकुमार जायसवाल, ला पवन गुप्ता,ला कैलाश माथुर, अतुल जैन, मिथलेश शर्मा, अमित का सहयोग सराहनीय रहा।

## बाइक और ऑटो की आमने-सामने की भिड़ंत, बाइक चालक की इलाज के दौरान मौत


राष्ट्रीय मुख्यधारा



**उधवा/साहिबगंज।** राधानगर थाना क्षेत्र के उधवा-सिरासीन आरईओ सड़क कटहलबाड़ी सत्यावान मेडिकल हॉल के पास बुधवार शाम 3 बजे ऑटो और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान थाना क्षेत्र के पूर्वी प्राणपुर शांतिमोड़ के सेंटू मास्टर के 16 वर्षीय पुत्री रूकसार खातुन एवं सेनाउल शेख का पुत्र उमर फारूक (20)के रूप में की गई है।मिली जानकारी के अनुसार उक्त छात्रा स्वामी विवेकानन्द उच्च विद्यालय श्रीधर से शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे इंटर की परीक्षा देकर अपाची बाइक से अपनी घर लौट रही थी,तभी विपरीत दिशा उधवा की ओर से आ रही एक ऑटो ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। जिससे बाइक का चालक व उनमें सवार छात्रा सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गया।बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।स्थानीय लोगों ने दोनों घायल को एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।वहीं चालक को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मालदा रेपर कर दिया था। मालदा ले जाने के क्रम में उमर फारूक (20) ने रास्ता में दम तोड़ दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जबकि छात्रा की हालत स्थिर बताई जा रही है।बताया जा रहा है कि ऑटो चालक इंग्लिश गांव का है। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## पाठक टोला, गोला में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भव्य नगर भ्रमण, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल।

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**गोला** : गोला क्षेत्र के पाठक टोला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भव्य नगर भ्रमण का आयोजन किया गया। संध्या समय सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए और पूरे क्षेत्र में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।भजन-कीर्तन और जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा। इस पावन अवसर पर आचार्य बिरेंद्र पाठक के सान्निध्य में कथा का रसपान कराया जा रहा है, जबकि नारायणकर्ता के रूप में भगवत बल्लभ भक्त विशेष रूप से उपस्थित हैं। कार्यक्रम में मोहल्ले के गणमान्य लोगों में राजेंद्र पाठक, श्यामलान पाठक, कृष्ण बल्लभ पाठक, सतीश पाठक, अजय पाठक, सुरेश पाठक, रविंद्र पाठक, निशिकांत पांडेय, संजीव कुमार सिन्हा, आनंद यादव, शंकर अग्रवाल, कुनाल, समृद्ध, सुशांत, नमित, नैतिक आनंद, अमरेंद्र गुरु सहित अनेक श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी रही।

महिलाओं एवं बालिकाओं में नियति, तृप्ति, दीप्ति, स्वीटी, श्रुति, शेफाली, नेहा, परी, खुशी, वानिया, स्वाति, हर्षिता ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। पूरा पाठक टोला और गोला क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। आयोजन की भव्यता और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल और यादगार बना दिया।

## बकाया महंगाई भत्ते के भुगतान की मांग तेज

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**रांची** : केन्द्र सरकार द्वारा 50 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों और 65 लाख पेंशनभोगियों के 18 महीने के बकाया महंगाई भत्ता और महंगाई राहत के भुगतान की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। यह बकाया राशि 1 जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक की है, जिसे उस समय फ्रीज कर दिया गया था। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि मौजूदा महंगाई भत्ते की दरें वास्तविक खुदरा महंगाई की तुलना में अपर्याप्त हैं, इसलिए लंबित भुगतान को शीघ्र जारी किया जाना आवश्यक है।

28 अक्टूबर 2025 को केन्द्र सरकार द्वारा आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन किया जा चुका है और आयोग ने अपना काम भी शुरू कर दिया है। कर्मचारी संगठनों का मत है कि वेतन आयोग में महंगाई भत्ता और महंगाई राहत को मूल वेतन में समाहित किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति उत्पन्न न हो। संगठनों ने पूर्व में सरकार को ज्ञापन सौंपकर 1 जनवरी 2026 से 20 प्रतिशत अंतरिम राहत देने, नई पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा कम्युटेशन बहाली की अवधि 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष करने की मांग भी रखी है। उनका आरोप है कि सर्वोच्च अदालत के आदेश के बावजूद कुछ मुद्दों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों और पेंशनभोगियों में असंतोष बढ़ रहा है।

21 फरवरी 2026 को सिकंदराबाद में केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के लगभग 40 संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता साउथ-सेन्ट्रल रेलवे एम्प्लाइज संघ के महासचिव और जेसीएम नेता डॉ एम रघुवईया ने की। बैठक में आठवें वेतन आयोग से जुड़ी मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सभी मांगों को औपचारिक ज्ञापन के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। प्रस्ताव में स्पष्ट किया गया कि यदि वेतन आयोग मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करता है तो देशभर के केन्द्रीय कर्मचारी संगठन आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे। साथ ही यह भी मांग उठी कि पिछले वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर अंतरिम राहत का भुगतान और 18 महीने के बकाया महंगाई भत्ते का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि करोड़ों परिवार आर्थिक दबाव से बच सकें।

केन्द्रीय कर्मचारी एवं अधिकारी परिसंघ के अध्यक्ष डॉ सहदेव राम ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए बकाया महंगाई भत्ते के भुगतान का शीघ्र आदेश जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि देशभर में कर्मचारियों और पेंशनर्स की संयुक्त संख्या करोड़ों में है और वे लंबे समय से अपने अधिकारों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## मतगणना केंद्र का निरीक्षण, सुरक्षा के कड़े निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**पलामू** : मेदिनीनगर में नगरपालिका चुनाव 2026 की मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त समीरा एस और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उनके साथ उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नगर निकाय वार बनाए गए मतगणना केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त समीरा एस ने स्पष्ट निर्देश दिया कि 27 फरवरी को बिना वैध पास किसी भी व्यक्ति को काउंटिंग सेंटर में प्रवेश नहीं दिया जाए। केवल पासधारी वाहनों को ही परिसर में एंट्री की अनुमति होगी। उन्होंने मतगणना कार्य में लगे कर्मियों के लिए भोजन और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया तथा 26 फरवरी की शाम तक कर्मियों की संख्या का आकलन कर तैयारी पूरी करने को कहा। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया।

भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को मतगणना हॉल में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और मजबूत बैरिकेडिंग कराने को कहा गया। सभी मतगणना टेबल पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, नगरपालिका उप निर्वाचन पदाधिकारी रतन सिंह, डीएसपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोला थाना के हिंदू युवक पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया जानलेवा हमला

» सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कि दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग
» थाना के निकट गंभीर घटना होना कानून-व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा होता हैः राजीव

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**गोला।** गोला प्रखंड के बरवाटांड़ निवासी ऋतिक कुमार दांगी के साथ गोला थाना के समीप मंगलवार शाम को एक मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों द्वारा मारपीट एवं जानलेवा हमला किया गया। हमलावरों ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर बेरहमी से पीटा। इस घटना से पूरे क्षेत्र में भय, आक्रोश एवं असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही आज गोला थाना में माननीय सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि सह रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल पीड़ित युवक की माता प्रणीता देवी के साथ पहुंचे तथा थाना के पदाधिकारियों से दोषियों के विरुद्ध अविलंब एवं कठोर कार्रवाई की मांग की। राजीव जायसवाल ने कहा कि थाना के बिल्कुल समीप इस प्रकार की गंभीर घटना होना क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। इससे प्रतीत होता है कि अपराधियों में कानून का भय समाप्त हो गया है और वे बेखौफ होकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करते हुए सभी दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि पूरे मामले पर माननीय सांसद मनीष जायसवाल लगातार नजर बनाए हुए हैं। इस संबंध में उन्होंने रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार से दूरभाष पर बातचीत कर घटना की जानकारी दी तथा त्वरित कार्रवाई की मांग की। राजीव जायसवाल ने कहा कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र और सख्त कार्रवाई नहीं की जाती है तो माननीय सांसद स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे। प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा गोला मंडल अध्यक्ष जितेंद्र साहू, रजरप्पा मंडल अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, बरलंगा मंडल अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद, गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि प्रीतम झा, लालन कुशवाहा, सूरज वर्मा, महेंद्र ठाकुर, आशीष शर्मा, अरविंद दांगी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### लुगुबुरु पहाड़ पर हाथियों का डेरा, 15 गांवों के लिए हाई अलर्ट जारी, सुरक्षित रहने की अपील



**बोकारो :** जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत लुगुबुरु पहाड़ के आसपास बसे ग्रामीणों के लिए वन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है। वर्तमान में हाथियों का एक विशाल झुंड लुगुबुरु पहाड़ पर सक्रिय है, जिसके किसी भी समय नीचे रिहायशी इलाकों में उतरने की प्रबल संभावना है। हाथियों की इस हलचल ने क्षेत्र के पंद्रह गांवों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

बोकारो के वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिन्दे के मुताबिक प्रशासन की ओर से विशेष रूप से चोरगावा, मुरपा, खाखंडा, गंगपुर, बेलडीह, तुलबुल, पिंडरा, टुटीझरना, डाकासाडम, सेहेदा, तिलैया, नारण, लावालोंग, अंबाडीह और केरी के निवासियों को अत्यधिक सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इन गांवों की सीमाएं सीधे पहाड़ से जुड़ी हुई हैं, जिससे हाथियों का सामना होने का जोखिम सबसे अधिक है।

वन विभाग ने ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिसमें कहा गया है कि यदि हाथी गांव के करीब आते हैं, तो तुरंत किसी पक्के मकान या उसकी छत पर चले जाएं। पिछले अनुभवों और विशेषज्ञ सलाह के अनुसार, छत पर रहना हाथियों के हमले से बचने का सबसे सुरक्षित तरीका है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि हाथियों की अंधेरे में चलने की गति बहुत तेज होती है और वे शांत रहकर भी हमला कर सकते हैं। इसलिए सूरज ढलने के बाद घरों के अंदर ही रहें। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि अक्सर हाथी अनाज और भोजन की महक पाकर घरों के भीतर घुसने का प्रयास करते हैं। ऐसी स्थिति में सामान बचाने के बजाय अपनी जान बचाने को प्राथमिकता दें और सुरक्षित स्थान पर शरण लें।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि हाथियों के कारण किसी भी प्रकार की फसल या मकान की क्षति होती है, तो सरकारी प्रावधानों के अनुसार त्वरित मुआवजा प्रदान किया जाएगा। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे हाथियों के पास जाकर उन्हें छेड़ने या सेल्फी लेने जैसी खतरनाक हरकतें न करें और शांति बनाए रखें।

### हत्या के मामले में पति, ससुर व देवर को उम्र कैद की सजा

**पलामू :** जिला व्यवहार न्यायालय के षष्टम अपर जिला व सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा की अदालत ने महिला को ससुराल में हत्या कर बिना मायके वाले को बिना बताए लाश को जला देने के मामले में तीन लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है ।वही 20-20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में लातेहार थाना अंतर्गत जालिम निवासी संपत्ति कुंवर ने हैदरनगर थाना में अपने दामाद संजय साव, छोटेलाल साव व समधी सोहरी साव सभी निवासी बभनडीह थाना हैदर नगर जिला पलामू निवासी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जो हैदर नगर थाना कांड संख्या 42 सन 2021 तिथि 20 अप्रैल 2021 को भारतीय दंड विधान की धारा 302 /201 / 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मुदालहुम पर आरोप था कि संजय साव की शादी सूचिका के पुत्री रूबी देवी के साथ 2005 में हुई थी ।रूबी देवी के साथ मुदालयगण दहेज को लेकर बराबर मारपीट करते थे ।20 अप्रैल 2021 को रात्रि में सभी लोग मिलकर रूबी देवी को गला दबाकर हत्या कर दिए और मायके वालों को बिना बताए उसकी लाश को जला दिया। रूबी देवी के साथ अभियुक्तगण बराबर मारपीट किया करते थे ।एक बार उसके पति संजय साव रूबी देवी को मारकर हाथ भी तोड़ दिया था।

अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सत्र वाद संख्या 174/20 22 के आरोपी संजय साव, छोटेलाल साव, सोहरी साव को उम्र कैद की सजा सुनाई है ।वही 20-20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है ।अर्थदंड की राशि नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

# राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा में डीपीएस बोकारो के चार विद्यार्थी बने स्टेट टॉपर

## कुल 13 बच्चों की शानदार कामयाबी के साथ लगातार चौथे साल दबदबा बरकरार, प्राचार्य ने दी बधाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः अपनी मेधाविता एवं वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा मनवाया है। नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म (केएएमपी) की ओर से आयोजित राष्ट्रीय वैज्ञानिक अभिरुचि एवं प्रवृत्ति मूल्यांकन परीक्षा (एनएएसटीए) में लगातार चौथे साल डीपीएस बोकारो का दबदबा झारखंड में बरकरार रहा। केवल राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकित टॉपरों में इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने औसतन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया और यह उपलब्धि अर्जित करने वाला डीपीएस बोकारो झारखंड का एकमात्र विद्यालय बना। देश भर के सीबीएसई अचीवर्स में कुल 15 स्टेट टॉपर चुने गए, जिनमें चार डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी रहे। वहीं, आठ डिस्ट्रिक्ट अचीवर्स में आधे इसी स्कूल के बच्चे रहे। इनके अलावा पांच विद्यार्थी क्लास अचीवर्स की फेहरिस्त में शामिल रहे। इस प्रकार, कुल 13 विद्यार्थियों ने शानदार कामयाबी दर्ज की। बुधवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने इस बेहतरीन परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**ए प्लस ग्रेडिंग के साथ मिले उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र**-नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेम्परामेंट एंड एप्टीट्यूड (एनएएसटीए) - 2025 के कक्षावार स्टेट टॉपरों में विद्यालय की आठवीं कक्षा के छात्र प्रत्यूष कुमार, सातवीं के सात्विक रूपम द्विवेदी, छठी कक्षा के अनिकेत सिंह और पांचवीं के विद्यार्थी दीप्तांशु कुमार के नाम शामिल हैं। इन सभी को ए प्लस ग्रेडिंग के साथ सर्टिफिकेट ऑफ स्टेट एक्सीलेंस प्रदान किए गए हैं। वहीं, डिस्ट्रिक्ट टॉपर्स में शामिल कक्षा 6 के अक्षत स्पर्श, आठवीं के आलोक कुशवाहा, पांचवीं के दिव्यांशी राज और कक्षा 7 के सजग सूर्यांश पांडेय को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र के साथ-साथ ए प्लस की ग्रेडिंग भी दी गई है। इसके अलावा, अपनी कक्षाओं में ओम प्रकाश पात्रा, प्रत्यूष ठाकुर, अभिराज सिंह, ईशान स्नेही और अभिरूप अव्वल रहे। स्टेट टॉपरों को निकट भविष्य में नई दिल्ली बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। विगत 05 दिसंबर 2025 को आयोजित उक्त परीक्षा में देशभर से विभिन्न स्कूलों के कक्षा 3 से 12 तक के लाखों विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसका परिणाम कुछ दिन पूर्व ही जारी किया गया।

**वैज्ञानिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करती है केएएमपी-एनएएसटीए**-उल्लेखनीय है कि केएएमपी-एनएएसटीए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सीएसआईआर (काउंसिल फॉर साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) तथा एनआईएसपीआर (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस कम्युनिकेशन पॉलिसी रिसर्च) की एक महत्वपूर्ण पहल है। एनएएसटीए का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक प्रवृत्ति को पहचानना और उसे प्रोत्साहित करना है, जो कि केएएमपी के अर्थपूर्ण शिक्षा और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देने से संबंधित मिशन का हिस्सा है। यह छात्र-छात्राओं के वैज्ञानिक गुणों का मूल्यांकन करता है, जिसमें पहचान, अवलोकन, वर्गीकरण, समस्या समाधान, सटीकता, पूर्वानुमान, आलोचनात्मक सोच और व्याख्या जैसे आठ प्रमुख वैज्ञानिक गुण शामिल हैं।

**भारत को वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाना है उद्देश्य : डॉ. गंगवार**-एनएएसटीए में लगातार चौथे साल शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने नेशनल व स्टेट टॉपरों के साथ-साथ सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सर्वांगीण विकास को लेकर कटिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि विज्ञान एवं तकनीक से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परीक्षाओं में यहां के विद्यार्थियों ने न केवल अपने स्कूल, बल्कि अपने शहर और राज्य का नाम भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि केएएमपी-एनएएसटीए का उद्देश्य विद्यार्थियों के वैज्ञानिक एवं तकनीकी स्वभाव की पहचान करते हुए एवं उन्हें संरक्षित कर भारत को विज्ञान, तकनीक एवं मानवता के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनाना है। पिछले लगातार चार वर्षों से डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी एनएएसटीए में राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं।

# मिथिला सांस्कृतिक परिषद में 2 मार्च को होगी फागुन उत्सव की धूम

» कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया सर्वसम्मत निर्णय

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** बोकारो में मिथिला-मैथिलों की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से इस वर्ष भी भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मिथिलांचल के पारंपरिक गीतनाद, गायन-वादन आदि कार्यक्रमों के साथ आगामी 2 मार्च को परिषद द्वारा संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में संध्या 6:30 बजे से फगुआ महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मंगलवार देर शाम मिथिला एकेडमी के विद्यापति सभागार में हुई परिषद कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से इस आशय का निर्णय लिया गया।

परिषद के निदेशक मंडल संयोजक राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में होली मिलन कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पांच-सदस्यीय एक समिति भी बनाई गई, जिसमें उपाध्यक्ष समरेंद्र झा के नेतृत्व में वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर, एसके झा, अविनाश झा अवि, तरुण झा और विजय कुमार मिश्र अंजू शामिल किए गए।

बैठक में उक्त लोगों के अलावा मुख्य रूप से परिषद निदेशक मंडल के सदस्य कृष्ण चंद्र झा एवं विजय कुमार झा, महासचिव नीरज चौधरी, विद्यालय के सचिव दिलीप कुमार झा व परिषद के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक सहित प्रदीप कुमार, प्रकाश, प्रदीप झा, सुशील कुमार झा, अरविंद कुमार मिश्रा, शिवेश पाठक, सुनील मोहन ठाकुर, आनंद नारायण मिश्रा, सुदीप कुमार ठाकुर, रोशन कुमार तरुण आदि उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 10वीं के 9369 विद्यार्थियों ने दी विज्ञान की परीक्षा, आसान प्रश्न देख खिल उठे चेहरे

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की चल रही परीक्षाओं के क्रम में बुधवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार के अनुसार, बोकारो जिले के सभी 23 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त रही। सभी केंद्रों को मिलाकर कुल 9369 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कुल पंजीकृत 9438 परीक्षार्थियों में से 69 अनुपस्थित रहे।

डॉ. गंगवार ने केन्द्रवार जानकारी देते हुए बताया कि डीपीएस चास में 264, डीएवी तेनुघाट में 152, केंद्रीय विद्यालय, बोकारो थर्मल में 155, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर- 5 में 831, होली क्रॉस स्कूल बालीडीह में 624, चिन्मय विद्यालय में 453, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में 290, गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल चास में 398, डीएवी स्वांग में 315, डीएवी ढोरी में 399, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर- 4 में 772, एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में 613, होली क्रॉस स्कूल चंदनकियारी में 324, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो, सेक्टर-4 में 415, डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर- 6 में 195, आदर्श विद्या मंदिर चास में 347, श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में 588, पेंटेकोस्टल असेंबली स्कूल में 325, केंद्रीय विद्यालय-1, बोकारो में 341, पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया में 475, केंद्रीय विद्यालय चंद्रपुरा में 352, सरस्वती विद्या मंदिर, 3सी में 375 तथा डीएवी बीआरएल भंडारीदह में 366 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।

परीक्षा के बाद सेंटर से बाहर निकले अधिकतर छात्र-छात्राओं ने प्रश्नपत्र को लेकर काफी प्रसन्नता व्यक्त की। ज्यादातर विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को आसान बताया। विषयों के विशेषज्ञों ने भी कहा कि क्वेश्चन काफी संतुलित थे। विद्यार्थी संतुष्ट रहे। उन्हें साइंस में अच्छे अंक आने से पूरे आसार हैं।

# कसमार : पांच महीने बाद अपने घर मुरहुलसुदी लौटे दिनेश महतो

» रोजगार के लिए जा रहे थे चेन्नई, भटक कर चले गए थे आसाम

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**कसमार (बोकारो) :** कसमार प्रखंड के मुरहुलसूदी गांव निवासी स्वर्गीय शिबू महतो के पुत्र दिनेश महतो (58 वर्ष) करीब पांच महीने बाद बुधवार को अपने घर लौट आए हैं। दिनेश के परिजनों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो ने बताया कि 13 सितंबर को रोजगार की तलाश में चेन्नई के लिए रवाना हुए थे, लेकिन रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। दिनेश महतो अपने ही पंचायत के पिरगुल निवासी लक्ष्मण गंझू, जुमरा निवासी झगरू महतो और भागीरथ मुंडा के साथ निकले थे। सभी साथी चेन्नई पहुंच गए, लेकिन दिनेश महतो ट्रेन यात्रा के दौरान ही अचानक कहीं गायब हो गए। बताया जा रहा है कि वह मुरी स्टेशन पर ट्रेन में सवार हुए थे, परंतु गंतव्य तक नहीं पहुंचे। परिवार ने उन्हें ढूंढने की काफी कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। उनकी पत्नी मुटका महतो ने कसमार थाना में लिखित आवेदन देकर पति की गुमशुदगी की सूचना दी थी और प्रशासन से खोजबीन की अपील की थी। दिनेश महतो के अचानक लापता होने से परिवार और गांव के लोग बेहद चिंतित थे। दिनेश ने बताया कि वे भटक कर आसाम चले चले थे। किसी का संपर्क नंबर नहीं होने के कारण घर वालों से संपर्क नहीं हो सका। वह वहां एक कारखाना में काम मिलने पर वहीं रुक गए और काम करने लगे। इस बीच क्षेत्र के कुछ लोगों के संपर्क में आए। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो को सूचना मिलने के बाद उन्होंने उनसे संपर्क स्थापित किया और उन्हें वापस घर लाने में सफल हुए हैं। उनके वापस लौटने से परिजनों में खुशी की लहर है।

यदि नाथ का नाम दयानिधि है तो दया भी करेंगे कभी न कभी...

# भागवत की महिमा से सुप्त ज्ञानेन्द्रियां हो जाती हैं जागृत : गोविंदजी शास्त्री

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** मैथिली कला मंच काली पूजा ट्रस्ट की ओर से नगर के सेक्टर-2 स्थित श्यामा माई मंदिर में आयोजित होली महोत्सव सह श्रीमद्भागवत कथा वृष्टि रस कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को गोविंदजी शास्त्री ने राजा परीक्षित और शुकदेव प्रसंग का वर्णन किया। इसके माध्यम से उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि इस कथा श्रवण का यही माहात्म्य है कि इससे निरर्थक जीवन भी सार्थक हो जाता है। इस क्रम में शास्त्री जी ने यदि नाथ का नाम दयानिधि है तो दया भी करेंगे कभी न कभी... जैसे भजनों से भक्तिमय वातावरण में और चार चांद लगा दिए। उनके साथ-साथ श्रद्धालु भी भाव-विभोर हो झूमते नाचते और गाते रहे।

शास्त्रीजी ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वनों में काफी दूर चले गए। उनको प्यास लगी, पास में समीक ऋषि के आश्रम में पहुंचे और बोले- ऋषिवर, मुझे पानी पिला दो, मुझे प्यास लगी है, लेकिन समीक ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि इसने मेरा अपमान किया है, मुझे भी इसका अपमान करना चाहिए। उसने पास में से एक मरा हुआ सर्प उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने नदी का जल हाथ में लेकर शाप दे डाला कि जिसने मेरे पिता का अपमान किया है, आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी आएगा और उसे जलाकर भस्म कर देगा।

शास्त्री जी ने कहा- समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। देवयोग वश परीक्षित ने आज वही मुकुट पहन रखा था। समीक ऋषि ने यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प पक्षी तुम्हें जलाकर नष्ट कर देगा। यह सुनकर परीक्षित महाराज दुःखी नहीं हुए और अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां पर बड़े-बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पर पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। शुकदेव इस संसार में भागवत का ज्ञान देने के लिए ही प्रकट हुए हैं। शुकदेव का जन्म विचित्र तरीके से हुआ। कहते हैं बारह वर्ष तक मां के गर्भ में शुकदेव जी रहे। एक बार शुकदेव जी पर देवलोक की अप्सरा रंभा आकर्षित हो गई और उनसे प्रणय निवेदन किया। शुकदेव ने उसकी ओर ध्यान नहीं दिया। जब वह बहुत कोशिश कर चुकी, तो शुकदेव ने पूछा, आप मेरा ध्यान क्यों आकर्षित कर रही हैं। मैं तो उस सार्थक रस को पा चुका हूं, जिससे क्षण भर हटने से जीवन निरर्थक होने लगता है। मैं उस रस को छोड़कर जीवन को निरर्थक बनाना नहीं चाहता।

मंदिर परिसर स्थित अमरेंद्र मिश्र सभागार में आयोजित इस अनुष्ठान में मुख्य रूप से मैथिली कला मंच, काली पूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चन्द्र झा, महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर सहित यज्ञाचार्य पं. राहुल शर्मा, मुख्य यजमान सुशीला मिश्र, कौशलेंद्र मिश्र, सतीश चंद्र मिश्र, कैलाश कुमार मिश्र, अरुण कुमार ठाकुर, प्रमिला देवी, किरण मिश्र, पं गोविंद झा, पं. गौरी शंकर झा, सुशील कुमार झा के अलावा सैकड़ों की संख्या श्रद्धालु रहे। कथा के दौरान प्रसंगों से संबंधित झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही।

# चास बाजार समिति में कल होगी चास नगर निगम और फुसरो नगर परिषद की मतगणना, मास्टर ट्रेनर्स ने सिखाए त्रुटिरहित गणना के गुर

राष्ट्रीय मुख्यधारा




**बोकारो :** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 की मतगणना को पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में प्रशिक्षण कोषांग द्वारा बुधवार को डीएवी इस्पात विद्यालय, सेक्टर 2/सी में मतगणना कर्मियों के लिए एक सघन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मतगणना को बिना किसी तकनीकी त्रुटि के एक ही दिन में संपन्न कराना है।

**60 सुपरवाइजर और 130 सहायकों को मिली ट्रेनिंग**-प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 60 मतगणना सुपरवाइजर तथा 130 मतगणना सहायकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग प्रभाष दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा और जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा की उपस्थिति रही। मास्टर ट्रेनर आशुतोष कुमार ने कर्मियों को मतगणना के दौरान होने वाली सामान्य मानवीय भूलों से आगाह करते हुए सावधानीपूर्वक कार्य करने का कड़ा निर्देश दिया। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से मतपत्रों की छंटाई, बंडलिंग और गणना की बारीकियों को समझाया।

**बढ़ाई गई टेबलों की संख्या**-नोडल पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा ने रणनीति साझा करते हुए बताया कि नगर निगम चास तथा फुसरो नगर परिषद के सभी वार्डों की मतगणना एक ही दिन में पूरी की जाएगी। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मतगणना टेबलों की संख्या में वृद्धि की गई है। सभी कर्मियों को मतगणना केंद्र पर समय से उपस्थित रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आदेश दिया गया है।

**पहले वार्ड फिर मेयर की गिनती**-प्रशिक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रपत्र-17 (डाले गए मतों का लेखा) और प्रपत्र-18 (पेपर सील लेखा) के अनिवार्य मिलान पर विशेष बल दिया गया। गणना का क्रम भी स्पष्ट किया गया। अधिकारियों के निर्देशानुसार सबसे पहले वार्ड से संबंधित सादे बैलेट पेपर गिने जाएंगे, जिसके बाद मेयर या अध्यक्ष पद के गुलाबी बैलेट पेपरों की गिनती शुरू होगी।

**एजेंटों के सामने खुलेगी सील**-प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को मतपेटिका की सील उम्मीदवारों के एजेंटों को दिखाने और फिर उसे खोलने का अभ्यास कराया गया। गणना को व्यवस्थित रखने के लिए मतपत्रों को टेबल पर सही ढंग से सजाने और 50-50 मतपत्रों के बंडल बनाकर गिनने की प्रक्रिया का भी रिहर्सल किया गया। शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए इस कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि कर्मियों की तत्परता से मतगणना का यह महाकुंभ समय पर और सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

# बिना दखल करवाये वापस लौटे कोर्टकर्मी व पुलिस, कोर्ट कर्मी देंगें रिपोर्ट

» ढ़ोल के साथ पहुंचे थे विवादित भूमि पर

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**बोकारोः** चीरा चास में एक विवादित भूमि पर दखल दिलाने गये कोर्ट कर्मी व पुलिस को विरोध के बाद वापस लौटना पड़ा। ज्ञात हो कि व्यवहार न्यायालय ने वेंकटेश नारायण के पक्ष में फैसला दिया था, फैसले के बाद कोर्ट कर्मी पुलिस लेकर जमीन पर गये जहाँ उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। ज्ञात हो कि चीरा चास स्थित पांडेयपुल के समीप खाता संख्या 263 प्लॉट 103, 104, 105 में 10 डिसमिल का विवाद वेंकटेश नारायण व प्रमोद सिंह के बीच चल रहा था। लोअर कोर्ट के फैसले के बाद जिला जज के न्यायालय में दूसरे पक्ष ने अपील किया, जिसके बाद जिला जज ने फैसला वेंकटेश नारायण के पक्ष में दिया तथा जमीन पर दखल कराने का निर्देश दिया लेकिन प्रमोद सिंह ने मापी नहीं होने दिया। उन्होंने कहा मामला हाई कोर्ट में है जिसपर स्टे लगा हुआ है लेकिन कोर्ट से आये कर्मी ने कहा निचली अदालत को कोई स्टे आर्डर नहीं मिला है। मै कोर्ट को रिपोर्ट करूँगा। बताते हैं कि लंबे समय से विवाद दोनों पक्षों में चल रहा है। वेंकटेश नारायण के मुताबिक उनके साथ जबरदस्ती हो रहा है।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



## संक्षिप्त समाचार

### कर्मियों को आईटी ट्रेनिंग देने हेतु कलेक्ट्रेट में बनेगा डाटा सेंटर सह ट्रेनिंग सेंटर



**धनबादः** आंगनबाड़ी सेविका तथा जिला प्रशासन के अन्य कर्मियों को आईटी की ट्रेनिंग देने के लिए कलेक्ट्रेट में डाटा सेंटर सह ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। यह निर्णय उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित डिस्ट्रिक्ट ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक में लिया गया।

उप विकास आयुक्त ने कहा कि कलेक्ट्रेट में 50 कंप्यूटर के साथ डाटा सेंटर सह ट्रेनिंग सेंटर बन जाने से जिला स्तर पर आंगनबाड़ी सविका सहित अन्य कर्मियों को आईटी से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। विशेष कर इसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं को विभिन्न ऐप चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

बैठक में हाई स्पीड इंटरनेट लीज लाइन लेने पर भारत संचार निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। साथ-साथ ई डिस्टिक मैनेजर कार्यालय के सुदृढ़ीकरण, टेलीकॉम टावर अधिष्ठापन सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान, जिला परियोजना पदाधिकारी यूआइडीएआइ अमित कुमार, बीएसएनएल के एजीएम जीएन दास, सीएससी मैनेजर मो.अंजार हुसैन व अन्य लोग मौजूद थे।

### उम्मीदवार, प्रतिनिधियों को दिया मतगणना का प्रशिक्षण



**धनबादः** नगर निकाय निर्वाचन 2026 के बाद मतगणना हेतु उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधियों को बुधवार को मतगणना का प्रशिक्षण न्यू टाउन हॉल में दिया गया।

प्रशिक्षण देते हुए मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने कहा कि राजकीय पॉलिटेक्निक में 27 फरवरी 2026 को पूर्वाह्न 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। पहले वार्ड 1, 6, 11, 16, 21, 26, 31, 36, 41, 46 और वार्ड 51 के मतों की गिनती प्रारंभ होगी। तत्पश्चात क्रमवार वार्ड की गणना की जाएगी।

वहीं मतगणना की प्रक्रिया बताते हुए उन्हें मतपेटिका के सील की स्थिति, पेपर सील की जानकारी, वैध और अवैध मतों की स्थिति के बारे में बताया गया। पहले वार्ड पार्षद/सदस्य के मतों की गिनती होगी और फिर महापौर/अध्यक्ष के मतों की गिनती की जाएगी।

उन्हें बताया गया कि मतगणना हॉल में मोबाइल ले जाना, धूम्रपान या तंबाकू का सेवन वर्जित रहेगा, सभी को शांति बनाए रखनी है तथा निर्वाची पदाधिकारी के आदेशों का मतगणना हॉल में अनुपालन करना है।

अन्य मास्टर ट्रेनर राज कुमार वर्मा एवं कुमार वंदन ने भी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में विभिन्न वार्डों के कुल 97 उम्मीदवार या उसके प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### काउंटिंग सुपरवाइजर व काउंटिंग असिस्टेंट का अंतिम प्रशिक्षण संपन्न



**धनबादः** श्रीश्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय के प्रशिक्षण केंद्र में टेबल पर मतपत्रों की गिनती करने वाले काउंटिंग सुपरवाइजर एवं काउंटिंग असिस्टेंट का अंतिम प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 540 कर्मी उपस्थित थे।

इस मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अभिषेक झा ने मतगणना कर्मियों को आवश्यक सुझाव और निर्देश दिए।

प्रशिक्षण में मतपेटिका के सील को खोलने, मतपत्रों को मतपेटिका से निकालकर मतलेखा से मिलान करने, वैध व अवैध मतपत्रों के वर्गीकरण, निर्वाचन मतगणना प्रपत्र 19 और 20 को भरने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, उमेश लाल, नीरज कुमार प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# ई-मेल से बम की धमकी के बाद धनबाद कोर्ट में सुरक्षा अलर्ट, एसएसपी के नेतृत्व में हाई लेवल सर्च ऑपरेशन

» डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता और मेटल डिटेक्टर से चप्पे-चप्पे की हुई जांच

» साइबर और टेकिनकल सेल की विशेष टीम मेल भेजने वाले की तलाश में जुटी

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** धनबाद कोर्ट परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बुधवार को पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ई-मेल के जरिए भेजी गई धमकी को पुलिस ने बेहद गंभीरता से लिया। सूचना मिलते ही एसएसपी प्रभात कुमार भारी पुलिस बल के साथ तत्काल कोर्ट परिसर पहुंचे और स्थिति की कमान स्वयं संभाली।

धमकी के बाद कोर्ट परिसर की तत्काल घेराबंदी कर दी गई। किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचाव के लिए प्रवेश और निकास द्वारों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। कोर्ट रूम, जजों के चैंबर, रिकॉर्ड रूम, लाइब्रेरी, बार एसोसिएशन हॉल, कैंटीन, पार्किंग क्षेत्र, गार्डन और आसपास के खुले स्थानों की बारीकी से तलाशी ली गई।

पूरे परिसर में सर्च ऑपरेशन कई घंटों तक चला। हर संदिग्ध वस्तु की जांच की गई और किसी भी अनजान पैकेट या लावारिस सामान को विशेष सावधानी के साथ चेक किया गया।

जांच के लिए डॉग स्क्वायड और बम निरोधक दस्ता को बुलाया गया। रेलवे सुरक्षा बल के दो स्निफर डॉग और सीआईडी धनबाद की टीम एक स्निफर डॉग के साथ मौके पर पहुंची। तीनों स्निफर डॉग की मदद से कोर्ट परिसर से लेकर जेल गेट तक सघन तलाशी ली गई।

इसके साथ ही हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर और अन्य आधुनिक उपकरणों की सहायता से जांच की गई। पार्किंग में खड़े सभी वाहनों की जांच की गई। कुछ संदिग्ध वाहनों को जब्त कर उनकी भी विशेष जांच की गई। कोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले लोगों से पूछताछ की गई और उनकी तलाशी भी ली गई।

एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। हालांकि, ई-मेल के जरिए भेजी गई धमकी की गहन जांच साइबर सेल द्वारा की जा रही है। मेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन का पता लगाने के लिए साइबर और टेक्निकल सेल की विशेष टीम को लगाया गया है। आईपी एड्रेस, सर्वर डिटेल और डिजिटल ट्रेल की जांच की जा रही है ताकि जल्द से जल्द आरोपी तक पहुंचा जा सके।

जांच पूरी होने के बाद कोर्ट परिसर को पूरी तरह सैनिटाइज किया गया। इसके पश्चात न्यायिक कार्य पुनः सामान्य रूप से शुरू कर दिया गया।

जेल गेट से लेकर पूरे कोर्ट परिसर तक सुरक्षा पहले से ही मजबूत थी, लेकिन धमकी के बाद इसे और अधिक सख्त कर दिया गया है। वॉच टावर से लगातार निगरानी की जा रही है और सभी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन जांच की जा रही है।

इस दौरान एसएसपी प्रभात कुमार के साथ ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, प्रशिक्षु आईपीएस अंकित सिन्हा, जिले के कई डीएसपी और एसडीपीओ समेत बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और जवान मौके पर मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने मिलकर पूरे अभियान की निगरानी की।

पुलिस ने आम नागरिकों और अधिवक्ताओं से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। एसएसपी महोदय ने कहा कि सुरक्षा के साथ जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की दहशत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बीएसएस बालिका उच्च विद्यालय के वर्ग 08 की बोर्ड परीक्षार्थियों को मिला प्रवेश पत्र

» परीक्षार्थियों के सम्मान में समारोह का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** वर्ग 08 की बोर्ड परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित कर प्रवेश पत्र दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को रोली चंदन का टीका व पुष्प के द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। वर्ग शिक्षक संजय कुमार के द्वारा बोर्ड परीक्षा की आवश्यक जानकारी दी गई और उनसे परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन हेतु मॉडल टेस्ट पेपर से अभ्यास करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय प्रधान एनाबेल कण्डूलना के द्वारा सभी बच्चों को भयमुक्त होकर परीक्षा में शामिल होने की बात कही गई। वर्ग शिक्षक एवं विद्यालय प्रधान के द्वारा सभी छात्र/छात्राओं को एक कलम के साथ प्रवेश पत्र देते हुए कहा गया कि इस लेखनी को हमेशा गतिशील रखना है, इसकी गतिशीलता में ही शिक्षा की सार्थकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र/छात्राओं को रसगुल्ला खिलाकर मुँह मीठा कराया गया और बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने हेतु शुभकामना प्रेषित किया गया। आज के कार्यक्रम में विद्यालय प्रधान एनाबेल सुषमा कण्डूलना, वर्ग शिक्षक संजय कुमार, रेणु कुमारी, अनुपम, सुप्रिया, रश्मि, नागेन्द्र प्रसाद, चंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, सुमंती सोरेंग,रिंकू कुमारी समेत दर्जनों अभिभावक भी उपस्थित थे।

## डीडीसी ने की रुर्बन मिशन व आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने बुधवार को रुर्बन मिशन एवं आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा की।

धनबादः उप विकास आयुक्त ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य रुर्बन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा एवं निगरानी करना है। साथ ही इसका प्रमुख फोकस रुर्बन पार्क के नवीनीकरण को आजीविका विकास गतिविधियों से जोड़ना, प्रस्तावित प्रमुख गतिविधियों में मत्स्य पालन, बत्तख पालन, पॉलीहाउस एवं ग्रीनहाउस के माध्यम से मौसमी सब्जी एवं फूलों की पौध तैयार करना, अमरूद एवं केला बागवानी, समुदाय आधारित आजीविका गतिविधियों का संवर्धन, वर्मी-कम्पोस्ट इकाई की स्थापना आदि शामिल करना है।

इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक, कौशल विकास एवं आजीविका (डीएमएफटी) अमर कुमार श्रीवास्तव ने पीपीटी एवं डीपीआर के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया, जिस पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक समापन से पहले उप विकास आयुक्त ने योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय तथा गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, बलियापुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाष चन्द्र दास, जेएसएलपीएस के डीपीएम सुदिप्तो बनर्जी व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

» विजय जुलूस निकालने के लिए एसडीएम ऑफिस से अनुमति लेना अनिवार्यः उपायुक्त

» किसी भी सूरत में नहीं बख्शे जाएंगे हुड़दंगीः एसएसपी

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में होली पर्व को लेकर बुधवार को न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिका चुनाव में विजय होने वाले प्रत्याशियों को विजय जुलूस निकालने के लिए अनुमंडल कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके अलावा चुनाव को लेकर शहर में लगे प्रत्याशियों के झंडे, बैनर, पोस्टर इत्यादि को हटाने का भी आदेश जिला प्रशासन ने दिया है।

उपायुक्त ने कहा कि नगर पालिका चुनाव की तरह होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिले में फ्लैग मार्च भी निकाला जाएगा। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि शांति समिति की बैठक में जो समस्या प्रकाश में आई है उसका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हुड़दंगियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से ऐसे लोगों की सूचना पुलिस को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होलीका दहन एवं होली पर्व को लेकर पुलिस 24 घंटे मुस्तैद रहेगी। उन्होंने जिले वासियों को आश्वस्त किया कि अन्य पर्व त्यौहार एवं नगर पालिका चुनाव की तरह होली पर्व भी शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होगा।

बैठक में उपस्थित जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि विभिन्न त्यौहार मनाने में धनबाद ने हमेशा मिसाल कायम की है। इस बार भी धनबाद मिसाल कायम करेगा। उन्होंने सभी से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने और अपनी जिम्मेदारी स्वयं निभाने का अनुरोध किया।

शांति समिति की बैठक में भोला राम, कयुम खान, राम विलास राम, राम गोपाल भुवानिया, अजीत कुमार मिश्रा, मेराज खान, भगत सिंह, मुख्तार खान, बैजनाथ यादव, घनश्याम ग्रोवर, विजय शर्मा, मदन महतो, वीरेंद्र कुमार, अशोक कुमार पाल सहित अन्य सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे।

जिसमें मुख्य रूप से अगजा के समय पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने, डस्ट से बचने के लिए सड़क पर जल छिड़काव करने, किसी पर जबरन रंग न डालने, मोहल्लों की साफ सफाई कराने, पर्याप्त पानी की आपूर्ति करने, होली के दिन (4 मार्च को) कोल माइनिंग एरिया में हाइवा जैसे भारी वाहनों का परिचालन बंद रखने, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत करने, हुड़दंगियों को होली से पहले हिरासत में लेकर थाना में बैठने, बाजार में बिकने वाले रंग एवं अबीर की गुणवत्ता की जांच करने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए।

उपायुक्त ने शांति समिति की बैठक में प्राप्त सभी सुझावों का समाधान करने का आश्वासन दिया।

बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, जिला परिषद की माननीय अध्यक्ष शारदा सिंह, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम के अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी और बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## कृषिगत गतिविधियों को तीव्रता से करने का निर्देश

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन



**धनबादः** उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने बुधवार को समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला की समीक्षा की।

इस क्रम में उन्होंने सभी कार्यकारी एजेंसी को बिरसा ग्रामों में कृषिगत गतिविधियों को तीव्रता से करने का निर्देश दिया। वहीं कृषक पाठशाला गोविंदपुर और अलकडीहा द्वारा बताया गया कि बिरसा ग्रामों में बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। कृषक पाठशाला गोविंदपुर में सूकर पालन, मुर्गी पालन शेड बन कर तैयार हो गए हैं। इसपर उप विकास आयुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को सभी भवन की जांच करने का निर्देश दिया और कार्यकारी संस्था को पशुपालन की गतिविधियों शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। जबकि टुंडी कृषक पाठशाला के भौतिक निरीक्षण उप विकास आयुक्त स्वयं करेंगे।

उन्होंने कृषक पाठशाला को कृषकों के प्रशिक्षण का एक प्रमुख सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए सभी एजेंसियों को अचूक रूप से समय बद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित तीनों कृषक पाठशाला के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राज सिन्हा ने झारखंड विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाए धनबाद व राज्य के गंभीर जनमुद्दे

राष्ट्रीय मुख्यधाराः राजीव रंजन




**धनबाद / रांचीः** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने बुधवार को विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से धनबाद सहित पूरे राज्य से जुड़े कई गंभीर एवं जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया।

विधायक राज सिन्हा ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मोहलबनी मुक्तिधाम स्थित विद्युत शवदाह गृह, जो लगभग 56 लाख रुपये की लागत से निर्मित है, के बंद पड़े होने का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि मात्र 65 हजार रुपये के क्वायल के जल जाने के कारण यह शवदाह गृह लंबे समय से बंद है, जिससे आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके साथ ही उन्होंने मटकुरिया स्थित विद्युत शवदाह गृह का मामला भी उठाया, जहां संवेदक द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व अधूरा निर्माण छोड़ दिए जाने के कारण स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

धनबाद को हरित राहत देने हेतु नगर वन के रूप में प्रस्तावित "दामोदरपुर अर्बन फॉरेस्ट" परियोजना के विगत पांच वर्षों से अधूरे पड़े रहने पर भी विधायक श्री सिन्हा ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि फंड की कमी, प्रशासनिक देरी एवं धीमी कार्यप्रणाली के कारण यह महत्वपूर्ण परियोजना अब तक पूर्ण नहीं हो सकी है। जबकि इसमें अब तक 31.5 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं और अतिरिक्त 50 लाख रुपये की मांग के लिए जिला मुख्यालय से राज्य मुख्यालय तक निरंतर पत्राचार होने के बावजूद अब तक राशि उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे निर्माण लागत लगातार बढ़ती जा रही है।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से जुड़े गंभीर मुद्दों को उठाते हुए विधायक राज सिन्हा ने कहा कि धनबाद जिले के लगभग 2450 स्कूलों सहित राज्य के करीब 45,000 स्कूलों में अब तक नल से जल की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। साथ ही उन्होंने बताया कि इन स्कूलों में महिलाओं एवं छात्राओं के लिए निर्माणाधीन शौचालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय है तथा लगभग 50 प्रतिशत स्कूलों में अब तक रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नहीं की गई है।

उन्होंने यह भी प्रश्न उठाया कि धनबाद के लगभग 506 स्कूलों सहित राज्य के 13,000 से अधिक स्कूलों में दिव्यांग बच्चों के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अतिरिक्त विधायक श्री सिन्हा ने धनबाद के सरकारी अस्पताल के शिशु विभाग में बेबी वार्मर उपकरणों की जर्जर स्थिति एवं कम उपलब्धता के कारण नवजात शिशुओं के उपचार पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को भी गंभीरता से उठाया।

विधायक राज सिन्हा ने सरकार से इन सभी गंभीर जनमुद्दों पर शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि धनबाद सहित पूरे राज्य की जनता को राहत मिल सके।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
https://rashtriyamukhyadhara.com/
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



## संक्षिप्त समाचार

### पाकुड़ में 'पलाश हर्बल गुलाल' लॉन्च, होली होगी इस बार केमिकल-फ्री

**स्थानीय उत्पाद अपनाएं,आत्मनिर्भरता को दें बल– डीसी**

मो० काजीरुल शेख



: **पाकुड़:** पाकुड़ में होली पर्व के मद्देनज़र प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल रंगों को बढ़ावा देने की दिशा में 'पलाश हर्बल गुलाल' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने अन्य जिला पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में किया।इस अवसर पर डीसी और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सहायता समूह की दीदियों से 'पलाश हर्बल गुलाल' क्रय कर उनके प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल महिला सशक्तिकरण, स्थानीय रोजगार सृजन और जिले के आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।पलाश हर्बल गुलाल अब पाकुड़ बाजार स्थित पलाश मार्ट, दीदी कैफे तथा अन्य दुकानों पर आमजन के लिए उपलब्ध है। यह हर्बल गुलाल कॉर्न स्टार्च, पालक, गेंदे के फूल, पलाश के फूल, चुकंदर और नीम की पत्तियों जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से तैयार किया गया है। इसे पूर्णतः पर्यावरण अनुकूल, रसायनमुक्त और त्वचा के लिए सुरक्षित बताया गया है। डीसी मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे स्थानीय स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदकर "वोकल फॉर लोकल" अभियान को सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने से ग्रामीण आजीविका मजबूत होगी और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को बल मिलेगा।

### रफ्तार के आगे हार गई जिंदगी,वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में पूरा परिवार खत्म

**उजाड़ दिया हंसता-खेलता परिवार**

मो० काजीरूल शेख





: **पाकुड़:** मंगलवार की देर रात नगरनबी रेलवे स्टेशन के पास जो हुआ, उसने पूरे शहर की आंखें नम कर दीं। कुछ ही पलों में एक हंसता-खेलता परिवार हमेशा के लिए बिखर गया। तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से पति-पत्नी और उनकी मासूम बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मृतकों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के कालीतल्ला मोहल्ला निवासी चंदन सरदार, उनकी पत्नी रूम्पा सरदार और उनकी तीन वर्षीय बेटी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तीनों अपनी बहन के घर से लौट रहे थे। घर पहुंचने की जल्दबाजी में वे नगरनबी के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। तभी न्यू जलपाईगुड़ी से हावड़ा जा रही ट्रेन वहां से गुजरी और सब कुछ खत्म हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भयावह थी कि तीनों के शव ट्रैक पर क्षत-विक्षत अवस्था में बिखरे मिले। रात की खामोशी अचानक चीख-पुकार में बदल गई। आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।हादसे की सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को ट्रैक से हटाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

सबसे मार्मिक पहलू यह है कि परिवार का एक 8 वर्षीय बेटा घर पर था, जो इस हादसे से बच गया। अब उसके सिर से मां-बाप और छोटी बहन का साया एक साथ उठ गया। कालीतल्ला मोहल्ले में मातम पसरा है। पड़ोसियों की आंखें नम हैं और हर कोई इस असहनीय दर्द को महसूस कर रहा है।एक पल की जल्दबाजी ने एक पूरा परिवार छीन लिया। यह हादसा न केवल एक घर की खुशियां ले गया, बल्कि पूरे शहर को गहरे शोक में डुबो गया।

# सौहार्द और सतर्कता के साथ होली मनाने की अपील

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका** : होली 2026 को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर दुमका में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने की, जिसमें पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार, उप विकास आयुक्त, जिले के वरीय एवं विभागीय पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष दंडाधिकारियों और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। नगर निकायों को साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अग्निशमन विभाग को अलर्ट मोड में रहने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने को कहा गया।

अफवाहों और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाने का संकेत दिया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध त्वरित और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि होली को भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी तरह की उकसावे की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें।

स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों की तैनाती और एंबुलेंस सेवाओं को तैयार रखने का निर्देश दिया गया। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने और तकनीकी खराबी की स्थिति में तत्काल समाधान करने के लिए कहा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी सेवा में व्यवधान नहीं होना चाहिए। शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव देते हुए सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों के प्रयोग की अपील की तथा जबरन रंग न लगाने की सलाह दी। प्रशासन ने कहा कि आमजन के सहयोग से ही होली को शांतिपूर्ण और सफल बनाया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि सभी थाना क्षेत्रों में भी शांति समिति की बैठकें आयोजित की जाएंगी और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। हुड़दंग और अव्यवस्था रोकने के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन कराया जाएगा, ताकि पर्व की खुशियों के बीच कानून-व्यवस्था पूरी तरह कायम रहे।

## हिरणपुर में महिला महाविद्यालय की माँग सदन में गूंजी

**भूमि तैयार, निर्णय ले सरकार: हेमलाल**

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**पाकुड़:** लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल के दौरान हिरणपुर प्रखंड में महिला महाविद्यालय की स्थापना की जोरदार माँग उठाई। उन्होंने सदन में कहा कि पूरे लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं के लिए अलग से कोई महिला महाविद्यालय नहीं है, जिसके कारण अनेक छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ता है।

विधायक ने जानकारी दी कि हिरणपुर प्रखंड में महाविद्यालय निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। यदि राज्य सरकार पहल करे तो महिला महाविद्यालय की स्थापना शीघ्र संभव है। उन्होंने कहा कि संसाधनों और स्थानीय शैक्षणिक संस्थान के अभाव में कई प्रतिभाशाली छात्राएं बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाती हैं, जो क्षेत्र के सामाजिक और शैक्षणिक विकास के लिए चिंता का विषय है।

हेमलाल मुर्मू ने जोर देकर कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारों से नहीं, बल्कि शिक्षा के विस्तार और संस्थागत सुविधाओं से संभव है। हिरणपुर में महिला महाविद्यालय खुलने से छात्राओं को स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा, जिससे न केवल उनकी शैक्षणिक प्रगति होगी, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी क्षेत्र सशक्त होगा।

उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि क्षेत्र की बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

## त्योहार में खलल डालने वालों को नहीं मिलेगी रियायत: मालपहाड़ी में सौहार्द का संकल्प

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**पाकुड़** : मालपहाड़ी ओपी परिसर में आगामी होली पर्व और पवित्र रमजान माह को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता ने की। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और सभी धर्मों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य दोनों पर्वों के दौरान क्षेत्र में शांति, सौहार्द और विधि-व्यवस्था बनाए रखना था।

ओपी प्रभारी राहुल कुमार गुप्ता ने कहा कि होली और रमजान सामाजिक एकता, भाईचारे और आपसी सम्मान के प्रतीक हैं। ऐसे अवसरों पर अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट, संदेश या वीडियो साझा न करें और बिना पुष्टि के किसी अफवाह पर विश्वास न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी और त्योहार में खलल डालने वालों को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी।

संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और गश्ती व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही गई। डीजे, जुलूस, नमाज, इफ्तार और होली मिलन कार्यक्रमों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि दोनों समुदायों के कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों और धर्मगुरुओं ने भी क्षेत्र में परंपरागत सौहार्द बनाए रखने का भरोसा जताया। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि होली की मस्ती और रमजान की रूहानियत के बीच आपसी भाईचारा और शांति कायम रखी जाएगी। अंत में ओपी प्रभारी ने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या या विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## सदर अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर एबीवीपी का प्रहार

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई ने सदर अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। परिषद ने अस्पताल में प्रशासनिक लापरवाही, संसाधनों के दुरुपयोग और मरीजों को समुचित उपचार न मिलने की शिकायत करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन शाह ने कहा कि अस्पताल में दवाइयों और चिकित्सीय उपकरणों की उपलब्धता के बावजूद मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने ठेकेदारी और निजी एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त सामग्रियों की गुणवत्ता पर भी संदेह जताया और कहा कि आम नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

ज्ञापन में परिषद ने कई प्रमुख मांगें रखीं। इनमें मरीजों को अनावश्यक रूप से निजी अस्पतालों में रेफर किए जाने की जांच, उपलब्ध मशीनों के समुचित उपयोग, बेड खाली रहने के बावजूद मरीजों को जमीन पर सुलाने की व्यवस्था पर रोक, साफ-सफाई और भोजन की गुणवत्ता में सुधार, सरकारी चिकित्सकों द्वारा निजी अस्पतालों में इलाज के मामलों की जांच, दवाओं की नियमित उपलब्धता, उपकरणों की तकनीकी जांच, चिकित्सकों की शीघ्र बहाली तथा अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग शामिल है।

परिषद ने यह भी कहा कि पूर्व में निरीक्षण होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उच्चाधिकारियों और स्वास्थ्य मंत्री, भारत सरकार को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन शाह, एसएफडी अनूप दत्त, कॉलेज अध्यक्ष अमन सेन, लक्ष्मी कुमारी, अमित कुमार और आकाश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एआई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका** : उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे। शिक्षकों द्वारा पठन-पाठन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग से बच्चों की पढ़ाई को सरल एवं रोचक बनाने के प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई।बैठक में शिक्षकों ने एक-एक कर एआई के उपयोग से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार संपूर्ण पाठ्यपुस्तक को एआई एप्लीकेशन में अपलोड कर मल्टीपल चॉइस प्रश्न तैयार किए जा रहे हैं, विद्यार्थियों की उपस्थिति की मॉनिटरिंग की जा रही है, पढ़ाई से संबंधित पीटी तैयार किए जा रहे हैं, प्रभावी लेसन प्लान बनाए जा रहे हैं तथा पीरियॉडिक टेबल जैसे जटिल विषयों को भी सरल तरीके से याद कराया जा रहा है।उपायुक्त ने शिक्षकों की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास शिक्षा को नई दिशा दे रहे हैं। जिला प्रशासन की मंशा है कि जिले के सभी विद्यालयों में एआई के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई और अधिक सुगम एवं प्रभावी हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में एआई के माध्यम से बड़े कार्य सहजता से संभव हैं और विद्यार्थियों के जिज्ञासु मन को संतुष्ट करने में यह तकनीक अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती है।उपायुक्त ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि दुमका जिले में संताली भाषा के व्यापक उपयोग को देखते हुए एआई के माध्यम से संताली भाषा में शिक्षण की संभावनाओं की भी जांच की जाए। यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान कर सकती है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को एआई एप्लीकेशन जैसे गूगल जेमिनी एवं चैट जीपीटी की विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया, ताकि वे इनका प्रभावी एवं सुरक्षित उपयोग कर सकें।इसी क्रम में उपायुक्त ने एआई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।बैठक में उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## त्योहार खुशियों के हैं, विवाद के नहीं: सीओ

**» होली और ईद से पहले मुफ्फसिल थाना में मंथन, सौहार्द बनाए रखने की अपील**

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**पाकुड़:** आगामी होली और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मुफ्फसिल थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अरविंद कुमार बेदिया ने की। इस अवसर पर पुलिस निरीक्षक मुफ्फसिल प्रभाग बबलु कुमार, थाना प्रभारी गौरव कुमार, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक में पर्वों के दौरान विधि-व्यवस्था सुदृढ़ रखने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और अफवाहों से सतर्क रहने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। अंचल अधिकारी अरविंद कुमार बेदिया ने कहा कि होली और ईद दोनों ही पर्व सामाजिक समरसता और भाईचारे के प्रतीक हैं। इन्हें मिल-जुलकर, एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध सूचना की पुष्टि प्रशासन से अवश्य करें।

पुलिस निरीक्षक बबलु कुमार ने बताया कि पर्व के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों की पहचान कर विशेष निगरानी रखी जाएगी। गश्ती दलों को सक्रिय रखा जाएगा और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शांति भंग करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान जुलूस मार्ग, नमाज स्थल, होलिका दहन स्थलों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। साथ ही बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुचारु रखने पर भी चर्चा की गई, ताकि त्योहारों के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अंत में सभी समुदायों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रशासन ने भी भरोसा दिलाया कि त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## कृषि विभाग की समीक्षा बैठक, ग्रांट टू एफपीओ योजनाओं की प्रगति पर जोर

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि विभाग की ग्रांट टू एफपीओ योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों द्वारा संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान योजना के तहत मत्स्य पालन, मुर्गी पालन, गाय एवं बकरी के चारा उत्पादन, खाद्य बीज उत्पादन तथा सब्जी उत्पादन से जुड़ी व्यावसायिक गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने कार्यों को पूरी लगन, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ करें। जिला प्रशासन हर स्तर पर सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं उत्पादक समूहों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनकी आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना है।

बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी सहित योजना से जुड़े लाभार्थी उपस्थित थे।

## मार्च तक गड्ढामुक्त होंगी सड़कें, सख्त हुआ प्रशासन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका** : सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि मार्च 2026 तक जिले की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाए।

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जनवरी माह को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसका सकारात्मक प्रभाव अब सड़कों पर दिख रहा है। उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए रंबल स्ट्रिप लगाने, सड़क किनारे आवश्यक संकेतक स्थापित करने और गड्ढों की मरम्मत कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

हिट एंड रन मामलों की भी गहन समीक्षा की गई। आगामी होली पर्व को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। सभी थाना क्षेत्रों में नियमित रूप से ड्रिंक एंड ड्राइव, हेलमेट जांच और वाहन जांच अभियान चलाने को कहा गया है। ब्रेथ एनालाइज़र मशीन का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने और ड्रिंक एंड ड्राइव में पकड़े गए लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। विद्यालयी बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिले में संचालित सभी स्कूल बसों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पीले रंग में रखने और उनमें जीपीएस सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित करने का निर्देश दिया गया। शहरी क्षेत्रों में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए प्रभावी यातायात प्रबंधन योजना तैयार करने पर भी बल दिया गया।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य "जीरो एक्सीडेंट" है और इसे हासिल करने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ ठोस और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी और जिला परिवहन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दुमका–भागलपुर लोकल पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**दुमका** : दुमका–हँसडीहा रेलखंड पर बुधवार सुबह करीब 9 बजे एक दर्दनाक रेल हादसे में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना नोनीहाट रेलवे स्टेशन से लगभग तीन किलोमीटर दूर दुमका की ओर रामगढ़ थाना अंतर्गत भंडारो गांव के समीप इलेक्ट्रिक पोल संख्या 93-3/94-4/95-5 के बीच हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुमका–भागलपुर लोकल पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से कुबढ़ा मुर्मू (55) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक रेड़ा गांव का निवासी बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन के गुजरने के दौरान वे रेलवे ट्रैक के निकट मौजूद थे, तभी यह हादसा हुआ।घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों ने दूरभाष के माध्यम से रामगढ़ थाना को सूचना दी। सूचना पाकर थाना पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की।परिजनों ने लिखित आवेदन देकर पोस्टमार्टम नहीं कराने तथा किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं लेने की बात कही, जिसे पुलिस ने अभिलेख में दर्ज कर लिया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय मुख्यधारा
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
+91 8873 319 159
बोकारो, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026



# शरीर तो मंदिर है

आस्तिकता और कर्त्तव्यपरायणता की सद्वृत्ति का प्रभाव सबसे पहले सबसे समीपवर्ती स्वजन पर पड़ना चाहिए। हमारा सबसे निकटवर्ती सम्बन्धी हमारा शरीर है। उसके साथ सद्व्यवहार करना, उसे स्वस्थ और सुरक्षित रखना अत्यावश्यक है। शरीर को नर कहकर उसकी उपेक्षा करना अथवा उसे सजाने-संवारने में सारी शक्ति खर्च कर देना, दोनों ही ढंग अकल्याणकारी हैं। शरीर हमारा सदा सहायक सेवक है। वह चौबीसों घंटे सोते-जागते हमारे लिए काम करता रहता है। वह अपनी सामर्थ्य भर आज्ञा पालन के लिए तत्पर रहता है। उसकी पांच ज्ञानेन्द्रियां न केवल ज्ञान वृद्धि का दायित्व उठाती हैं, वरन अपने-अपने ढंग से अनेक रसास्वादन भी कराती रहती हैं। इन विशेषताओं के कारण आत्मा उसकी सेवा-साधना पर मुग्ध हो जाती है और अपना सुख ही नहीं, अस्तित्व तक भूल उसी में रम जाती है। यह घनिष्ठता इतनी सघन हो जाती है कि व्यक्ति आत्मा की सत्ता और आवश्यकता तक भूल जाता है और शरीर को अपना ही आपा मानने लगता है। ऐसे वफादार सेवक को समर्थ, निरोग एवं दीर्घजीवी बनाए रखना प्रत्येक विचारशील का कर्त्तव्य है। चाहते तो सभी ऐसा ही हैं, पर जो रहन-सहन, आहार-विहार अपनाते हैं, वह विधा ऐसी उल्टी पड़ जाती है कि उसके कारण अपने प्रिय पात्र को अपार हानि उठानी पड़ती है और रोता-कलपता, दुर्बलता से ग्रसित होकर व्यक्ति असमय दम तोड़ देता है। स्वस्थ-समर्थ रहना कठिन नहीं है। प्रकृति के संकेतों का अनुसरण करने भर से यह प्रयोजन सिद्ध हो सकता है। प्रकृति के संदेश-संकेतों को जब सृष्टि के सभी जीवधारी मोटी बुद्धि होने पर भी समझ लेते हैं तो कोई कारण नहीं कि मनुष्य जैसा बुद्धिजीवी उन्हें न अपना सके। प्रकृति के स्वास्थ्य रक्षा के नियमों के लिए गुरुगम्य ज्ञान की आवश्यकता नहीं। वे सहज समझे और निबाहे जा सकते हैं। उचित-अनुचित का निर्णय करने वाले यंत्र इसी शरीर में लगे हैं, जो तत्काल बात देते हैं कि क्या करना चाहिए, क्या नहीं। आहार-विहार का ध्यान रखने से स्वास्थ्य रक्षा की समस्या हल हो जाती है। आहार प्रमुख पक्ष है, जिसे स्वास्थ्य अनुशासन का पूर्वार्ध कहा जा सकता है। उत्तरार्ध में विहार आता है, जिसका तात्पर्य है नित्य कर्म, शौच, स्नान, शयन, परिश्रम, संतोष आदि। शरीर रूपी मन्दिर को मनमानी बुरी आदतों के कारण रुग्ण बनाना प्रकृति की दृष्टि में बड़ा अपराध है। उसके फलस्वरूप पीड़ा बेचैनी, अशक्ति, अल्पायु, आर्थिक हानि और तिरस्कार जैसे दंड भोगने पड़ते हैं।

# पैक्स सिलिका में भारत का होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि



ललित गर्ग

इक्कीसवीं सदी का यह दौर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और तकनीकी आपूर्ति श्रृंकखलाओं की वैश्विक प्रतिस्पर्धा का दौर बन चुका है। ऐसे समय में भारत द्वारा एआई शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन और उसके तुरंत बाद अमेरिका के नेतृत्व वाले समूह पैक्स सिलिका से औपचारिक रूप से जुड़ना केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और रणनीतिक कदम है। यह उस नए भारत की घोषणा है जो तकनीकी शक्ति, नैतिक दृष्टि और वैश्विक संतुलन-तीनों को साथ लेकर चलने का सामर्थ्य अर्जित कर रहा है। एआई समिट के माध्यम से भारत ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह अब केवल तकनीक का उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्माता और मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। दुनिया की तीसरी बड़ी एआई शक्ति बनने की दिशा में यह एक ठोस चरणन्यास है।

दुर्लभ खनिजों और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला पर चीन का लगभग 90 प्रतिशत वर्चस्व पिछले कुछ वर्षों से वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है। कंप्यूटर चिप से लेकर रक्षा प्रणालियों और अंतरिक्ष तकनीक तक, हर क्षेत्र इन संसाधनों पर निर्भर है। इस पृष्ठभूमि में पैक्स सिलिका जैसे मंच की परिकल्पना एक संतुलित, विश्वसनीय और बहु-ध्रुवीय तकनीकी ढांचे के रूप में की गई है। भारत का इस समूह में शामिल होना केवल प्रतीकात्मक कदम नहीं, बल्कि रणनीतिक और अनिवार्य निर्णय है। भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, विशाल युवा प्रतिभा और उभरता हुआ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम इस गठबंधन को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह पहल किसी के विरुद्ध आक्रामकता नहीं, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में संतुलन और विविधता स्थापित करने का प्रयास है। जब शक्ति का केंद्रीकरण टूटता है और साझेदारी का विस्तार होता है, तभी विश्व व्यवस्था स्थिर और संतुलित बनती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत ने तकनीक को शासन और विकास के केंद्र में स्थापित किया है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और सेमीकंडक्टर मिशन जैसी पहलों ने एक मजबूत आधार तैयार किया है। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आज दुनिया के लिए एक मॉडल बन चुका है। आधार, यूपीआई और डिजिटल सेवाओं ने करोड़ों लोगों को आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ा है। इसी आधार पर एआई और चिप निर्माण के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की सक्रियता और वैश्विक मंचों पर भारत की प्रभावी उपस्थिति ने देश को एक विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में स्थापित किया है। उनका दृष्टिकोण केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीकी आत्मनिर्भरता को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने का है।

भारत में चिप डिजाइन, निर्माण और एआई अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए बड़े निवेश आकर्षित किए जा रहे हैं। वैश्विक कंपनियाँ भारत को स्थिर लोकतंत्र, कुशल मानव संसाधन और दीर्घकालिक नीति स्थिरता वाले देश के रूप में देख रही हैं। पैक्स सिलिका जैसे अंतरराष्ट्रीय ढांचे का हिस्सा बनने से भारत को तकनीकी सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, पूंजी निवेश और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में व्यापक लाभ मिलेगा। इससे न केवल चीन पर निर्भरता कम होगी, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता भी सुदृढ़ होगी। यह भागीदारी भारत को अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय देशों जैसी प्रमुख तकनीकी शक्तियों के साथ और अधिक निकटता से जोड़ेगी, जिससे वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ेगी। भारत की विशेषता केवल तकनीकी क्षमता नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि भी है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से प्रेरित भारत एआई को मानव-केंद्रित विकास का माध्यम बनाना चाहता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग से व्यापक जनकल्याण सुनिश्चित किया जा सकता है।




यदि तकनीक कुछ शक्तियों के हाथों में सिमट जाए तो असंतुलन बढ़ता है, किंतु जब लोकतांत्रिक और समावेशी राष्ट्र इसका नेतृत्व करते हैं तो यह वैश्विक कल्याण का साधन बन सकती है। भारत का प्रयास है कि एआई के नैतिक मानदंड सार्वभौमिक हों और तकनीक का उपयोग हथियार के रूप में नहीं, बल्कि मानव प्रगति के साधन के रूप में हो।

भारत की दृष्टि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी प्रगति का उपकरण नहीं, बल्कि मानवीय चेतना के विस्तार का माध्यम है। जिस देश ने विश्व को "वसुधैव कुटुम्बकम्" का मंत्र दिया, जिसने करुणा, अहिंसा और सह-अस्तित्व की परंपरा को जीवन-मूल्य के रूप में प्रतिष्ठित किया, वह एआई को भी केवल बाज़ार और प्रभुत्व की प्रतिस्पर्धा में नहीं, बल्कि मानव कल्याण और वैश्विक संतुलन के संदर्भ में देखता है। भारत की सभ्यता-चेतना, जो महात्मा गांधी की अहिंसा और गौतम बुद्ध की करुणा से अनुप्राणित है, तकनीकी विकास को नैतिक अनुशासन से जोड़ने की प्रेरणा देती है। यहाँ विकास का अर्थ केवल गति नहीं, बल्कि दिशा भी है; केवल क्षमता नहीं, बल्कि संवेदना भी है। यदि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जीवन की समग्रता-प्रकृति, समाज और मानव गरिमा के साथ जोड़ा जाए, तो भारत विश्व संरचना में ऐसा संतुलित मॉडल प्रस्तुत कर सकता है जो तकनीक को विनाश का कारण बनने से रोककर उसे सृजन, समावेशन और मानव उत्कर्ष का सशक्त साधन बना दे।

आज दुनिया दो ध्रुवों के बीच खड़ी दिखाई देती है-एक ओर केंद्रीकृत तकनीकी वर्चस्व, दूसरी ओर साझेदारी और संतुलन का मॉडल। भारत का उभार इस द्वंद्व को संतुलन में बदलने की क्षमता रखता है। भारत न टकराव की राह पर है, न निष्क्रियता कीय वह सक्रिय संतुलन की नीति अपना रहा है। यह संतुलन ही भविष्य की शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था का आधार बन सकता है। पैक्स सिलिका के माध्यम से भारत और उसके सहयोगी एक ऐसी नई दिशा दे सकते हैं जहाँ तकनीकी नवाचार का लाभ वैश्विक दक्षिण तक पहुँचे, आपूर्ति श्रृंखला पारदर्शी हो और वैश्विक शक्ति-संतुलन स्थिर रहे। निस्संदेह, यह समय भारत के लिए ऐतिहासिक है। एआई और सेमीकंडक्टर के इस युग में भारत का यह कदम उसकी आर्थिक और तकनीकी शक्ति को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उभरती यह तकनीकी और एआई क्रांति न केवल भारत को सशक्त बना रही है, बल्कि विश्व को भी संतुलन और सहयोग की नई राह दिखा रही है। आने वाले वर्षों में यह साझेदारी नई सृष्टि का आधार बन सकती है-एक ऐसी सृष्टि जहाँ तकनीक प्रतिस्पर्धा का नहीं, बल्कि समन्वय और शांति का माध्यम बने। भारत इस दिशा में दृढ़ता से अग्रसर है और विश्व नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए स्वयं को सक्षम बना रहा है।

# कश्मीर से कोलकाता तमिलनाडु तक आतंक के तार

मनोज कुमार

हाल ही में देश में एक बार फिर बड़ी आतंकी साजिश बेनकाब हुई है. पाकिस्तान आइएसआइ और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों की शह पर बड़ी आतंकी साजिश रचने वाले 8 संदिग्धों को कल गिरफ्तार किया गया . उनकी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बीते दस दिनों में दिल्ली और कोलकाता के कई इलाकों में "फ्री कश्मीर" और "कश्मीर में जनसंहार बंद करो" जैसे पोस्टर लगाने की घटना के बाद शुरू हुई जांच अब एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क तक पहुंच गई है. इस पूरे ऑपरेशन में अब तक कुल 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है 6 तमिलनाडु से और 2 पश्चिम बंगाल से हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, पोस्टर लगाने की घटना के बाद संदिग्ध तुरंत दिल्ली और कोलकाता से निकलकर अपने-अपने ठिकानों पर लौट गए थे. इस मामले में सबसे पहले मालदा से दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जिनसे पूछताछ और मोबाइल डेटा एनालिसिस के आधार पर तमिलनाडु में सक्रिय मॉड्यूल का पता चला. इसके बाद तिरुप्पुर जिले के उथुकुली (2), पल्लडम (3) और तिरुमुरुगनपूंडी (1) स्थित गारमेंट यूनिट्स पर छापेमारी करते हुए छह और आरोपियों को पकड़ा गया.तमिलनाडु से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के रूप में हुई है. इनमें से अधिकांश के बारे में पता चला है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं और भारत में फर्जी आधार कार्ड व नकली पहचान के जरिए रह रहे थे. सभी को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है.

जांच में सामने आया है कि इनका सीधा या परोक्ष संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से था. कुछ संदिग्ध हाल ही में बांग्लादेश भी गए थे, जहां वे सक्रिय आतंकी नेटवर्क के संपर्क में आए.

सुरक्षा एजेंसियों ने कोलकाता में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की गहरी पैठ और एक सुनियोजित साजिश का सनसनीखेज खुलासा किया है। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी उमर फारूक ने कोलकाता महानगर को ही अपना मुख्य परिचालन केंद्र बना लिया था और वह लश्कर के एक सक्रिय हैंडलर के तौर पर काम कर रहा था। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि उमर का संपर्क मार्च 2025 में कश्मीर निवासीसब्बिर अहमद लोन से हुआ था, जिसके बाद कोलकाता को दहलाने की खतरनाक साजिश की पटकथा लिखी गई। इस नेटवर्क ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए न केवल हिंदू नामों का सहारा लिया, बल्कि शहर के अति-संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर उनके वीडियो सीमा पार अपने आकाओं को भेजे।खुफिया एजेंसियों के दावे के मुताबिक, हैंडलर सब्बिर के सीधे निर्देश पर उमर ने कोलकाता में एक किराए का मकान लिया था. जिसे साजिश को अंजाम देने के लिए सेफ हाउस के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि आतंकियों के निशाने पर चांदनी चौक इलाके के पास स्थित एक प्रमुख मंदिर था। उमर और उसके साथियों ने अपनी पहचान छिपाकर इस मंदिर की येह ली और उसका विस्तृत वीडियो बनाकर कश्मीर मेंबैठे अपने हैंडलर को भेजा। माजिश का दायरा केवल रेकी तक सीमित नहीं था सुरक्षा बलों को पुख्ता इनपुट मिले हैं कि यह मॉड्यूल शहर में विस्फोटक और आधुनिक हथियार जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुका था। दिसंबर 2024 से ही कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में रेकी की जा रही थी और माहौल को अस्थिर करने के लिए देश विरोधी पोस्टर लगाने की भी योजना बनाई गई थी। उमर और उसके गिरोह नैखेची-समझी रणनीति के तहत हिंदू नामों का उपयोग किया ताकि स्थानीय लोगों और पुलिस की रडार से बचा जा सके। खुफियाअधिकारियों का मानना है कि यदि समय रहते इस मॉड्यूल का पर्दाफाश नहीं होता, तो कोलकाता किसी बड़ी आतंकी त्रासदी का गवाह बन सकता था। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां उम्र से मिली जानकारी के आधार पर इस नेटवर्क की अन्य कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि महानगर में उन्हें स्थानीय स्तर पर औरकिन लोगों से रसद व अन्य सहायता मिल रही थी।एसटीएफ ने दूसरे के आधार कार्ड पर भारतीय सिम सक्रिय कर उनका ओटीपी पाकिस्तान भेजने बाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुर्शिदाबाद के बहारमपुर से पकड़े गए आरोपी का नाम सुमन शेख है। वह पुणे में काम के दौरान पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में आया था। जांच में खुलासा हुधा है कि सुमन फर्जी आधार कार्ड के जरिए प्री-एक्टिवेटेड सिम खरीदता और उनके नंबर व व्हाट्सऐप ओटीपी सीमा पार भेज देता था। इसके बदले उसे क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान किया जाता था। इन सिम काईस का इस्तेमाल जासूसी या साइबर ठगी के लिए होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों के मुताविक, इस नेटवर्क के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ हो सकता है। आपको पता रहे कि मालदा जिले के मानिकचक थाना अंतर्गत गोपालपुर ग्राम पंचायत के अशिनटोला गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सुरक्षा एजेंसियों ने लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में उमर फारूक नामक युवक को गिरफ्तार किया। साठवीं कक्षा तक पढ़े इस युवक की गिरफ्तारी ने न केवल इलाके में सनसनी फैला दी है, बल्कि राज्य में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल्स की मौजूदगी को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे अधिक चौंकाने वाली बात उमर फारूक के परिवार के सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों में मौजूद भारी विरोधाभास है । उमर फारूक की मां ने अपने बयान में एक और बेटे की नासमझी का तर्क दिया है तो दूसरी और अनजाने में ही सही पर एक गंभीर संलिप्तता की ओर इशारा किया है। उनका कहना है कि उमर पूरी तरह अशिक्षित है और उसे किसी भी संगठन की विचारधारा की समझ नहीं है। मां के अनुसार, संभव है कि पैसों के लालच में आकर उसने कुछ पोस्टर लगाए हों, लेकिन उसे यह बिल्कुल भी पता नहीं था कि वे पोस्टर किसी उग्रवादी संगठन के हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधि में जानबूझकर शामिल नहीं हो सकता। यहीं दूसरी ओर, उमर की पत्नी ने अपनी सास के दावे को पूरी तरह से खारिज करते हुए अपने पति को बेकसूर और साजिश का शिकार बताया है। पत्नि का कहना है कि उम्र सालों से कोलकाता में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था और उन्होंने कभी भी उसके व्यवहार में कोई संदिग्ध बदलाव या किसी अज्ञात व्यक्ति से उसके संपर्क को नहीं देखा। एजेंसियां फिलहाल उबर के इन अलग-अलग दावों और पारिवारिक विरोधाभासों की बारीकी से जांच कर रही हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या यह कोलकाता में मजदूरी की आड़ में किसी आतंकी मॉड्यूल के लिए स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहा था। अधिकारियों का मानना है कि परिवार के बयानों में यह अंतर किसी बड़ी सच्चाई को छिपाने की कोशिश भी हो सकता है।




**मेष राशि**: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बडों से नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा।

**वृष राशि** : आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिलजुल कर किये गए कार्यो में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामले में आपको घर के बडों से अच्छी सलाह मिलेगी। काम की जगह बदलने से आपकी ऊर्जा में बदलाव आएगा।

**मिथुन राशि**: आज नए कार्यों करने में आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको ख़ुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। परिवार में किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप किसी व्यक्ति के बहकावे में आकर कहीं निवेश न करें। किसी काम में जीवनसाथी की सलाह फायदेमंद रहेगी।

**कर्क राशि**: आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बडों की राय लेना आपके लिए बेहतर होगा। बड़े बुजुर्गों के पैर छुए, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ो की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। आज पारिवारिक अनबन समाप्त होने से घर में सौहार्द का वातावरण रहेगा।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। छात्र आज कुछ नया करने की कोशिश करेंगे, आपको अपने दिनचर्या में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके विरोधी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी करने वाले लोगों को सहयोगियों से मदद मिलेगी, जिससे आपका कार्य जल्दी पूरा हो जायेगा।

**धनु राशि** : आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियां देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलेगी।

**मीन राशि** : आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आज शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं।

# जीवन की सौरभ मानवता का पुनर्जागरण

कांतिलाल मांडोत

संसार के सभी धर्मों और दार्शनिक परंपराओं ने मानव जीवन को अत्यंत मूल्यवान माना है। केवल शरीर धारण कर लेना ही मनुष्य होने का प्रमाण नहीं है बल्कि उसके भीतर करुणा सेवा त्याग विनम्रता और सत्यनिष्ठा जैसे मानवीय गुणों का विकास होना आवश्यक है। जब ये गुण जीवन में सुवासित होते हैं तभी जीवन की सच्ची सौरभ प्रकट होती है। आज जब चारों ओर भौतिक उपलब्धियों की चमक दिखाई देती है तब भी समाज के भीतर एक खालीपन अनुभव किया जा रहा है। यह खालीपन मानवता के क्षरण का संकेत है। ऐसे समय में मानवता के मूल्यों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। इतिहास में अनेक उदाहरण मिलते हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि सच्चा मनुष्य वही है जो दूसरों के दुख को अपना दुख समझे। एक बार मारवाड़ में भीषण अकाल पड़ा। जनता भूख और प्यास से तड़प रही थी। राजा ने राजकोष खोलकर जनता की सहायता की। जब कोष खाली हो गया तो उसने अपनी बहुमूल्य अंगूठी तक बेचकर प्रजा के लिए अन्न और पानी की व्यवस्था करवाई। यह घटना केवल उदारता का उदाहरण नहीं है बल्कि यह मानवता की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। एक शासक का यह भाव कि कोई भी आभूषण मनुष्य के प्राणों से अधिक मूल्यवान नहीं हो सकता। हमें यह सिखाता है कि त्याग ही सच्चे नेतृत्व का आधार है। यही भावना किसी भी समाज को महान बनाती है। मानवता का अर्थ केवल दया दिखाना नहीं है बल्कि यह एक व्यापक जीवन दृष्टि है। सेवाभाव विनम्रता चारित्रिक दृढ़ता त्याग और निर्व्यसनता जैसे गुण मानव जीवन को सार्थक बनाते हैं। यदि किसी के जीवन में परोपकार की भावना जागृत हो जाए तो समाज की अनेक समस्याएँ स्वतः समाप्त हो सकती हैं। किसी को कष्ट पहुँचाना अमानवीयता है जबकि पीड़ित को सहारा देना मानवीयता का सर्वोत्तम रूप है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम दूसरों की टांग तोड़ने के बजाय टूटे हुए मनों को जोड़ने का प्रयास करें। आँसुओं के स्थान पर मुस्कान के सुमन बिखेरना ही



सच्चा मानवीय कर्म है। स्वतंत्रता के बाद देश ने अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं परंतु जीवन मूल्यों का जो ह्रास हुआ है वह चिंताजनक है। लोकतंत्र के प्रति विश्वास डगमगाया है। राजनीति में नैतिकता का अभाव दिखाई देता है। समाज में स्वार्थ और भ्रष्टाचार की प्रवृत्तियाँ बढ़ी हैं। प्राकृतिक आपदाएँ हों या सामाजिक संकट हर क्षेत्र में असंतुलन झलकता है। इसका मूल कारण यही है कि हम मानव होते हुए भी मानवीय भावों से दूर हो गए हैं। जब व्यक्ति अपने हित को सर्वोपरि मान लेता है तब समाज का संतुलन बिगड़ जाता है। इसलिए आत्ममंथन आवश्यक है कि कहीं हम अपने मूल्यों से भटक तो नहीं गए हैं। भारत की भूमि ने ऐसे महापुरुषों को जन्म दिया जिन्होंने मानवता को जीवन का सर्वोच्च आदर्श माना। महावीर ने अहिंसा का संदेश दिया। गौतम बुद्ध ने करुणा और मध्यम मार्ग का उपदेश दिया। महात्मा गाँधी ने सत्य और अहिंसा को जीवन का आधार बनाया। राम और कृष्ण के जीवन चरित्र में भी कर्तव्यपरायणता और लोकमंगल की भावना स्पष्ट दिखाई देती है। इन महापुरुषों ने केवल उपदेश नहीं दिए बल्कि अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है। आज हम उनके नाम का जयघोष तो करते हैं पर उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का प्रयास कम करते हैं। यही विसंगति हमारे समय की सबसे बड़ी विडंबना है। मानवता का एक महत्वपूर्ण पक्ष स्वावलंबन भी है। दूसरों के कंधों पर चलकर कोई भी अपनी मंजिल तक नहीं पहुँच सकता। हमारे महापुरुषों ने अपने जीवन में परिश्रम और आत्मनिर्भरता को महत्व दिया। राम ने वनवास के समय अपनी कुटिया स्वयं बनाई। कृष्ण ने गुरु के आश्रम में रहते हुए श्रम को सम्मान दिया। महात्मा गांधी ने आश्रम जीवन में आत्मनिर्भरता की शिक्षा दी। आज के युग में जब सुविधाएँ बढ़ी हैं तब परिश्रम का महत्व कम होता जा रहा है। पश्चिमी देशों की प्रगति का एक बड़ा कारण वहाँ के नागरिकों का श्रमशील और अनुशासित होना है। यदि हमें सशक्त समाज का निर्माण करना है तो हमें भी श्रम और स्वावलंबन को जीवन का अंग बनाना होगा। शिक्षा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यालय और विश्वविद्यालय ज्ञान के मंदिर माने जाते हैं जहाँ प्रवेश ज्ञान के लिए और प्रस्थान सेवा के लिए होना चाहिए। परंतु आज की शिक्षा व्यवस्था में मूल्यों की शिक्षा गौण होती जा रही है। केवल डिग्री प्राप्त करना ही उद्देश्य बन गया है। जब शिक्षा चरित्र निर्माण के बजाय केवल रोजगार का साधन बन जाए तो समाज में नैतिक संकट उत्पन्न होना स्वाभाविक है। हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो विद्यार्थियों में संवेदनशीलता कर्तव्यबोध और राष्ट्रप्रेम जागृत करे। ज्ञान का वास्तविक उद्देश्य मानव को देवत्व के समान आदर देना सिखाना है। यदि शिक्षा यह नहीं सिखा पा रही तो उसमें सुधार की आवश्यकता है।

विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में मानव ने अद्भुत प्रगति की है। जल थल और नभ में उसके चमत्कार दिखाई देते हैं। अंतरिक्ष की यात्राएँ हों या डिजिटल क्रांति हर ओर मानव बुद्धि की विजय दिखाई देती है। परंतु विडंबना यह है कि उसने सब कुछ बनाना सीख लिया पर स्वयं मानव बनकर रहना नहीं सीखा। यदि विज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए न हो तो वह विनाश का कारण भी बन सकता है। इसलिए आवश्यक है कि तकनीकी प्रगति के साथ साथ नैतिक चेतना का विकास भी हो। अभी भी समय है कि हम जीवन मूल्यों की सौरभ को पुनः जागृत करें। विनम्रता सभ्यता और परोपकार के बीज यदि हमारे हृदय में अंकुरित हों तो समाज में मानवीयता के पुष्प खिल सकते हैं।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक पूर्णेन्दु 'पुष्पेश' द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीनंदु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय- गोपीनंदु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो-827013. झारखंड। रांची कार्यालय- 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
संपादक: Purnendu 'Pusshpesh'*; प्रबंध संपादक: राजेश मोहन सहाय; धनबाद ब्यूरोचीफ: राजीव रंजन | बिहार प्रभारी: संतोष श्रीवास्तव. Mob: 9288319159; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। • यहाँ प्रकाशित आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### भूतनाथ से मलाही पकड़ी के बीच चलेगी मेट्रो, कल ट्रायल रन, आम लोग नहीं कर पाएंगे गुरुवार को सफर

**पटना।** पटना मेट्रो अब भूतनाथ से मलाही पकड़ी तक जाएगी। कल पटना मेट्रो का ट्रायल रन है। इस कारण कल पटनावासी पटना मेट्रो से यात्रा नहीं कर पाएंगे। इस बात की जानकारी पटना मेट्रो रेल निगम लिमिटेड की तरफ से दी गई है। नए सेक्शन को यात्रियों के लिए खोलने से पहले यह ट्रायल रन जरूरी है। इसमें ट्रेन की गति, आपातकालीन ब्रेक सिस्टम और स्टेशनों के बीच तालमेल का परीक्षण किया जाएगा। पटना मेट्रो ने जानकारी देते हुए कहा कि पटना मेट्रो रेल निगम लिमिटेड द्वारा यात्रियों को सूचित किया जाता है कि भूतनाथ स्टेशन से



मलाही पकड़ी स्टेशन सेक्शन के आगामी उद्घाटन की तैयारी के लिए 26 फरवरी को मेट्रो ट्रेन का महत्वपूर्ण ट्रायल रन किया जाएगा। इस कारण, 26 फरवरी को मेट्रो की राजस्व सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगी। मेट्रो सेवाएं 27 फरवरी से पहले की तरह सामान्य समय पर पुनः शुरू हो जाएंगी। मलाही पकड़ी और खेमनीचक मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने से पहले फरवरी के अंतिम सप्ताह में कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी की (CMRS) अंतिम जांच प्रस्तावित है। सभी तकनीकी और सुरक्षा मानकों पर खरे उतरने के बाद, मार्च के पहले सप्ताह में इन दोनों स्टेशनों से मेट्रो सेवा शुरू हो सकती है। इस दौरान टीम मलाही पकड़ी और खेमनीचक स्टेशन के ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, प्लेटफॉर्म सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सुविधाएं और अन्य तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच करेगी।

### चतरा एयर एम्बुलेंस हादसा, पटना के सचिन मिश्रा की मौत, बतौर नर्सिंग स्टाफ थे तैनात

**पटना।** चतरा में एयर एम्बुलेंस क्रैश के दौरान पटना के सचिन मिश्रा की भी मौत हो गई। सचिन उस एयर एम्बुलेंस में बतौर नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे। हादसे से चंद घंटे पहले ही उन्होंने अपने घर पर बीमार मां से फोन पर बात कर हाल-चाल पूछा था। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां की तबीयत बिगड़ गई। परिजन बताते हैं कि वह बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। सचिन चार भाइयों में तीसरे नंबर पर थे। पिता का निधन वर्ष 2005 में हो गया था। इसके बाद बड़े भाइयों ने ननिहाल पक्ष के सहयोग से परिवार की जिम्मेदारी संभाली। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद पूजा-पाठ कर सचिन को पढ़ाया-लिखाया गया। परिवार फिलहाल राजीव नगर में रहता है, जबकि पैतृक घर सिवान जिले के तिलकथू थाना हसनपुरा में है। सचिन की मां ने बताया कि, उनकी तबीयत खराब चल रही थी, जिसके चलते बेटा छुट्टी लेकर उनसे मिलने घर आना चाहता था, लेकिन अस्पताल के कर्मियों की ओर से छुट्टी नहीं दी गई। तीन दिन पहले किसी पेशेंट को लेकर पटना एयरपोर्ट भी आया था। वहां से वह मिलने आ रहा था, लेकिन हॉस्पिटल के कर्मियों ने उसे एयरपोर्ट



पर ही रोक दिया। मृतक की बहन ने बताया कि, दोपहर में मां से सचिन की बात हुई थी। मां ने दवा के रिएक्शन की जानकारी दी, जिस पर सचिन ने एक डॉक्टर को दिखाने की सलाह दी। इसके बाद शाम से उनका फोन बंद हो गया। लगातार कॉल करने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। मृतक की बहन ने बताया कि, दोपहर के वक्त सचिन की बात मां से हुई थी। मां ने उसे दवा रिएक्शन के बारे में बताया था। तब उसने एक डॉक्टर के बारे में सजेस्ट किया और बोला वहां दिखा लो। इसके बाद शाम से उसका कॉल लगना बंद हो गया। लगातार हम लोग कॉल करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन लग नहीं रहा था। मेरा भाई मां को देखने के लिए बेचैन था। छुट्टी मांग रहा था, लेकिन उसके अस्पताल के कर्मियों ने छुट्टी नहीं दी। बहन का कहना है कि सचिन मां को देखने के लिए परेशान थे और छुट्टी मांग रहे थे। अगर उन्हें छुट्टी मिल जाती, तो शायद यह हादसा नहीं होता। परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सचिन के मामा दिनेश पांडे ने बताया कि, घटना के बारे में रात 11 बजे के वक्त जानकारी मिली। उसी समय परिवार के लोग वहां के लिए रवाना हुए। सुबह 7 बजे पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम समेत अन्य प्रक्रिया पूरी होते 12 बज गया। उन्होंने बताया कि मौके पर कई अधिकारी पहुंचे और आश्वासन दिया, लेकिन अब तक परिवार को किसी तरह की आर्थिक सहायता नहीं मिली है। यहां तक कि एंबुलेंस का खर्च भी नहीं दिया गया। जिस कंपनी में सचिन कार्यरत थे, उसकी ओर से भी कोई मदद नहीं मिली है।

### बिहार के छात्र की लाश बालाघाट में मिली, हैदराबाद में कर रहा था नीट की तैयारी

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में बिहार के एक छात्र का शव रेलवे लाइन पर कटा हुआ मिला है। छात्र की पहचान आदित्य (21) पुत्र हरिवंश राय के रूप में हुई है। वह हैदराबाद में अपने जीजा के यहां रहकर नीट की l तैयारी कर रहा था। बुधवार को परिजनों के पहुंचने पर शव की पहचान की गई। यह घटना मंगलवार की है। आरपीएफ को समनापुर और चरेगांव के बीच रेलवे लाइन पर खंभा नंबर 1061/4/7 के पास एक युवक का ट्रेन से कटा हुआ शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और जंगल क्षेत्र से शव को बरामद किया। आदित्य हैदराबाद से बिहार स्थित अपने गांव जाने के लिए होली स्पेशल चिरापल्ली-दानापुर एक्सप्रेस में सवार हुआ था। वह बालाघाट कैसे पहुंचा और उसके साथ यह घटना कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आरपीएफ और ग्रामीण थाना पुलिस दोनों मिलकर मामले की जांच कर रही हैं। बुधवार को युवक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर सूचना मिलने के बाद आदित्य के जीजा सिकंदर कुमार बालाघाट जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बताया कि आदित्य उनके यहां रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। 23 फरवरी को उन्होंने उसे ट्रेन में बैठाकर रवाना किया था। रात में उससे बात हुई थी, लेकिन उसके बाद संपर्क नहीं हो सका। मंगलवार को आदित्य के साथ हुई घटना की सूचना मिलने पर वह अपने बड़े भाई अविनाश के साथ यहां पहुंचे हैं। आरपीएफ एसआई विभा ने जानकारी दी कि घटनास्थल के पास ही एक पेड़ के नीचे आदित्य का बैग मिला है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि युवक एक्सप्रेस ट्रेन से कहां उतरा और यहां कैसे पहुंचा। आरपीएफ को यह भी जानकारी मिली है कि युवक मालगाड़ी ट्रेन के सामने आ गया था। फिलहाल, मामला संबंधित थाना क्षेत्र का होने के कारण ग्रामीण थाना पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। चिरापल्ली से दानापुर एक्सप्रेस नैनपुर के बाद बालाघाट में रुकती है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि युवक बालाघाट में उतरकर किसी अन्य ट्रेन से यहां पहुंचा होगा और इसके बाद सुनसान, जंगली क्षेत्र में उसने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली होगी।

### 127 आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु बीडीओ ने पंचायत सचिव को दिया निर्देश

**दुमकाः** दुमका जिला अंतर्गत प्रखण्ड कार्यालय कक्ष रानीश्वर में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा के द्वारा बुधवार को सभी कनीय अभियंता एवं पंचायत सचिवों के साथ समीक्षा बैठक किया गया। 46 आँगनबाड़ी केन्द्र में पोषण वाटिका निर्माण करने का निदेश प्राप्त है, जिसमें से 43 आँगनबाड़ी केन्द्र में पोषण वाटिका निर्माण कार्य चल रहा है एवं शेष आँगनबाड़ी केन्द्र में पोषण वाटिका निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त पी०एम०जनमन आवास के तहत कुल 155 लाभुकों को तृतीय किस्त का भुगतान किया गया है जिसमें से 96 आवास का ढलाई कार्य हो चुका है। शेष 59 आवासों को पूर्ण कराने हेतु विशेषकर मोहलबना, धनभाषा, वृन्दावनी, हरिपुर, रंगालिया, सुखजोड़ा एवं सादीपुर पंचायत के पंचायत सचिव को निदेश दिया गया है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत कुल 255 लाभुकों को द्वितीय किस्त का भुगतान किया गया है जिसमें से 128 आवास का ढलाई कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष 127 आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु पंचायत सचिव को निदेश दिया गया है। साथ ही 15वीं वित्त योजना के तहत पंचायतों को प्राप्त राशि के अनुसार लंबित योजनाओं को 31 मार्च से पहले पूर्ण करने का निदेश दिया गया ।

# बाहुबली अनंत सिंह-सूरजभान के समर्थकों के बीच बवाल

**एजेंसी, पटना**

विधानसभा चुनाव के बाद मोकामा में अनंत सिंह और सूरजभान गुट आमने-सामने है। रविवार (22 फरवरी) को अनंत सिंह के खास शोभीर सिंह की एनएच-31 स्थित पंडारक बाजार में गमछा से गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की गई। मारपीट और हत्या की कोशिश का आरोप सूरजभान सिंह के बहनोई खन्ना सहित पर लगा। अब इस मामले में पुलिस ने पूर्व सांसद समेत 8 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जख्मी के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें सूरजभान सिंह और कन्हैया सिंह पर साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। पुलिस पूरे मामले को लेकर तफ्तीश कर रही है। वहीं, केस दर्ज होने के बाद समर्थकों के बीच तनाव बढ़ गया है। इधर, सूरजभान सिंह के समर्थक इसे राजनीतिक साजिश करार दे रहे हैं।



**छोटे सरकार का खास बोला- गमछे से गला घोंटकर मारने की कोशिश, सूरजभान समेत 8 पर केस**

22 फरवरी को मोकामा के विधायक बाहूबली अनंत सिंह के समर्थक शोभीर और उसके भाई अमित कुमार पर सूरजभान सिंह के बहनोई खन्ना सहित कई लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना के बाद मोकामा विधानसभा चुनाव रंजिश का मामला एक बार फिर ताजा हो गया। पीड़ित का कहना है कि 22 फरवरी को वह तीन बजे अपने घर से निकल कर मंटुन पहलवान के घर के पास पहुंचा ही था। इसी बीच ओंकार उर्फ मिथुन, विकास कुमार, माधव कुमार उर्फ खन्ना, सुमन कुमार, अनिल सिंह उर्फ अकलु सिंह और किशु कुमार ने घेर लिया।

**गमछी से गला घोंट छाती पर कूदने लगेः** इतने में माधव कुमार उर्फ खन्ना एव ओंकार जान मारने की नीयत से गले मे गमछा बांध फंदा फंसाकर कस दिया। इस बीच अन्य आरोपित लात-मुक्के, फाइटर और पस्टिल की बट से मारने लगे। हमले में गला और दोनों आंखों में चोट आई। इसके बाद जमीन पर पटककर विकास कुमार छाती पर चढ़ गया और कूदने लगा। शोभीर कुमार ने बताया, इससे मेरे मुंह से खून बहने लगा और मैं बेहोश हो गया। जब होश आया तो खुद को पंडारक पीएचसी में पाया। वहां से हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

**दुलारचंद हत्याकांड केस में फंसायाः** शोभीर के भाई अमित का कहना है कि, हमलोग अनंत सिंह के समर्थक हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान दुलारचंद मर्डर केस में हम लोगों का कोई हाथ नहीं था लेकिन इसके बावजूद मेरे तीन भाइयों को नामजद आरोपी बना दिया गया।

## जामतारा कौशल विकास केंद्र की बदहालीः होटल से मंगाया जा रहा है भोजन



**राष्ट्रीय मुख्यधारा**

**डुमरी :** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी गिरिडीह पथ के जामतारा में मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत 18 से 35 वर्ष तक के युवक युवतियों को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण लेने वाले युवक युवतियों को रहने की व्यवस्था के साथ साथ भोजन,पढ़ाई,पाठ्य पुस्तक,भोजन एवं बैग निःशुल्क दिया जाता है।प्रशिक्षण की अवधि 5-6 महीने की उसके ट्रेड के अनुसार होता है।भोजन की गुणवत्ता निम्न रहने की मिली शिकायत के आलोक में बुधवार को झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो ने प्रशिक्षण केन्द्र जाकर प्रशिक्षण देने वाले कर्मियों और प्रशिक्षण ले रहे युवक युवतियों से मिल शिकायत की सत्यता को जाना।इस दौरान पाया कि भोजन बनाने व खिलाने की जिम्मेदारी जिन्हें मिला था,उसे राशि नहीं मिलने से वह छोड़ दिया है जिस कारण पिछले तीन चार दिनों से भोजन होटल से मंगाकर दिया जा रहा है।झाएकिमयू केंद्रीय अध्यक्ष ने बताया कि केंद्र इंचार्ज ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही भोजन में सुधार कर लिया जाएगा।झाएकिमयू केंद्रीय अध्यक्ष ने आमजनों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को कौशल विकास का प्रशिक्षण अवश्य दिलावें।ताकि बच्चे हुनरमन्द बन सके।

## 'राहुल जी, थोड़ा परिपक्व बनिए, देश को बदनाम मत करिए'

**एजेंसी, पटना**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने उन पर तीखा प्रहार किया है। राहुल गांधी ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को "तानाशाही प्रवृत्ति" बताया और ट्रेड डील को देशहित के खिलाफ करार दिया। ललन सिंह ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी के बयान को अपरिपक्व और देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया।

**राहुल जी, थोड़ा अपने में सुधार लाइए- ललन सिंहः** केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा, 'राहुल जी आपकी बात सुनकर मुझे हंसी आती है। थोड़ा तो परिपक्व बनिए। क्यों अपने आप को हास्यास्पद बनाते हैं। मोदी जी देश के प्रधानमंत्री हैं और उनके लिए सबसे पहले देश है। आपकी तरह वह हर बात पर टाय-टाय नहीं करते हैं।

AI समिट हुआ पूरे दुनिया



के लोग आए, पूरे दुनिया ने इस समिट को सारा और राहुल जी आपने क्या किया आपने वहां पर अपने कार्यकर्ताओं की ओर से नंगा प्रदर्शन करवाया। आपको थोड़ी सी लज्जा नहीं आई कि अपने पूरे देश को बदनाम कर दिया। पूरे विश्व के सामने जिस तरीके की हरकत आपके कार्यकर्ताओं ने किया वह देशद्रोह नहीं है तो क्या हुआ। लेकिन आप कभी सुधरने वाले नहीं हैं, भगवान आपका भला करें। दरअसल राहुल गांधी ने X पोस्ट कर लिखा था कि, 'शांतिपूर्ण विरोध हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह हमारे खून में है और हर भारतीय का लोकतांत्रिक अधिकार है।

## पीएमसीएच में नवजात को लेकर भागी महिला, गेट पर पकड़ाई, गुस्साई भीड़ ने जमकर पीटा, आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, पटना**

पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में बच्चा चोरी का मामला सामने आया है। एक नवजात शिशु को जन्म के महज तीन घंटे बाद चुराने का प्रयास किया गया। इस घटना से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। हालांकि, परिजनों, पीएमसीएच सुरक्षाकर्मियों की तत्परता से आरोपी महिला को अस्पताल के गेट के पास से पकड़ लिया गया और बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया। यह घटना सोमवार को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में हुई।

**खुद को रिश्तेदार बताया, फिर नवजात को लेकर निकलीः** बुद्ध मार्ग, कमला नेहरू नगर बस्ती की एक महिला को सुबह भर्ती कराया गया था, जिसने 8:05 बजे बेटे को जन्म दिया। पति के कुछ देर के लिए बाहर जाने पर प्रसूता वार्ड में अकेली थी। इसी दौरान वार्ड में



मौजूद जैकी कुमारी नामक महिला ने खुद को रिश्तेदार बताकर प्रसूता का विश्वास जीता। दोपहर करीब 1 बजे जब प्रसूता सो गई तो आरोपी महिला ने नवजात को गोद में लिया और कपड़े में छिपाकर वार्ड से बाहर निकल गई। कुछ मिनटों बाद जब पति लौटे और बच्चे को गायब देखा, तो वार्ड में हंगामा मच गया। सूचना मिलते ही PMCH पुलिस सक्रिय हुई और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में एक महिला संदिग्ध हालत में झाड़ियों की ओर जाती दिखी, जिसके हाथ में कपड़े में लिपटी नवजात थी।

**♦ बच्चे को सकुशल किया बरामद**

इसके बाद सुरक्षाकर्मियों और परिजनों ने उसे गेट के आगे दुर्गा मंदिर के पास धर दबोचा। गुस्साई भीड़ ने उसकी पिटाई भी की, जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि, 'उसकी शादी तीन साल पहले मध्य प्रदेश में हुई थी, लेकिन संतान न होने के कारण उसे ससुराल में ताने और प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी। इसी दबाव में उसने बच्चा चोरी की योजना बनाई।' पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नवजात को सकुशल बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया गया है। पीएमसीएच अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि, घटना पुरानी गायनी वार्ड की है। नए भवन में सुरक्षा व्यवस्था सख्त है और अब सभी भर्ती मरीज के लिए केवल एक परिजन को ही वार्ड में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए पहचान-पत्र आधारित कार्ड जारी किया जाएगा। साथ ही सीसीटीवी निगरानी और गार्ड तैनाती को और मजबूत करने की बात कही गई है। हालांकि, उन्होंने बताया कि घटना के तत्काल बाद ही पुलिस और गार्ड की सक्रियता से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है और वार्ड के बाहर जांच और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पटना शहर में हाल के दिनों में बच्चा चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसे में राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में हुई इस वारदात ने सुरक्षा इंतजामों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यदि थोड़ी भी देरी होती तो आरोपी महिला नवजात को लेकर फरार हो सकती थी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। अस्पताल प्रशासन ने भी सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा शुरू कर दी है।

## नितिन नवीन ने गांधी परिवार की राजनीति पर उठाए सवाल, बोले-राहुल गांधी विदेशी शक्तियों की कठपुतली

**एजेंसी, पटना**

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना से दिल्ली जाने से पहले कांग्रेस और गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए। नितिन नवीन ने कहा कि, राहुल गांधी ने अब तक 247 से अधिक विदेशी यात्राएं की हैं, लेकिन इनमें से आधी से ज्यादा यात्राओं की जानकारी देश की सुरक्षा एजेंसियों को नहीं दी गई। यह अपने आप में एक "कॉम्प्रोमाइज मिशन" का संकेत है, जो देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

**'गांधी परिवार की राजनीति कॉम्प्रोमाइज पर आधारित'- नितिन नवीनः** नितिन नवीन ने कहा कि, 'गांधी परिवार की पूरी राजनीति देश की जनता से समझौता करने की विरासत पर टिकी रही है।' उन्होंने आरोप लगाया कि 'कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रीय हितों की बजाय निजी और



विदेशी हितों को प्राथमिकता दी।'

**नेहरू काल पर भी साधा निशानाः** बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि, 'नेहरू ने स्वयं यह स्वीकार किया था कि 45 करोड़ जनता हमारी लायबिलिटी है।' नितिन नवीन ने आरोप लगाया कि 'उस दौर में नेहरू का सचिवालय विदेशी एजेंसियों, यहां तक कि CIA के लिए भी खुला रहता था।

**राजीव गांधी पर भ्रष्टाचार के आरोपः** बीजेपी नेता ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि, 'बीजेपी राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए हर उस राजनीति का विरोध करेगी, जो देश की सुरक्षा और संप्रभुता से समझौता करती हो।'

**युवाओं को गुमराह करने का आरोपः** नितिन नवीन ने कहा कि कांग्रेस आज भी उसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है और देश के युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने पहले देश के हितों से समझौता किया और अब नई पीढ़ी को भ्रमित करने की राजनीति कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि, 'देश की जनता अब सब समझ चुकी है और आने वाले समय में कांग्रेस और गांधी परिवार को उनके "कॉम्प्रोमाइज मिशन" की सजा जरूर देगी।'

## बिहार के दंपती ने बच्चों समेत गुजरात में की आत्महत्या

**एजेंसी, पटना**

बिहार के एक परिवार के तीन सदस्यों ने गुजरात के सूरत में आत्महत्या कर ली। मृतकों में पति, पत्नी और एक बेटी शामिल हैं। वहीं दूसरी बेटी अभी भी अस्पताल में भर्ती है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना सूरत के वेसु इलाके स्थित हैप्पी एलीगेंस बिल्डिंग की है। मृतकों के घर से तीन पन्नों का एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें वैभव रुंगटा नाम के व्यक्ति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। वहीं स्थानीय लोग शेयर बाजार में हुए नुकसान और कर्ज के दबाव को आत्महत्या की वजह बता रहे हैं।

घर से बरामद तीन पन्नों के सुसाइड नोट पर प्रियंका और बालमुकुंद खेतान के हस्ताक्षर हैं।



पुलिस ने जब प्रियंका के सिग्नेचर और हैंडराइटिंग का सुसाइड नोट से मिलान किया, तो पता चला कि यह नोट प्रियंका खेतान ने ही लिखा था। सुसाइड नोट में दोनों ने अपने पालतू कुत्ते 'कैंडी' को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा है, "कैंडी को सुरक्षित रखने के लिए उसे किसी डॉग शेल्टर या पालतू पशु देखभाल केंद्र में भेज दिया जाए।"

## लैंड फॉर जॉब मामले में आज हो सकती सुनवाई

**एजेंसी, पटना**

लैंड फॉर जॉब मामले में आज दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में अहम सुनवाई होने की संभावना है। इस सुनवाई में पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के अदालत में पेश होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके पहले, मंगलवार को लालू यादव और राबड़ी देवी दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में लालू अपना रूटीन हेल्थ चेकअप भी कराएंगे। लैंड फॉर जॉब मामले में इसके पहले 16 फरवरी को सुनवाई हुई थी। इस दौरान लालू यादव व्हीलचेयर पर कोर्ट पहुंचे थे।

उस समय उनके साथ राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती भी मौजूद थीं। अदालत परिसर में उस दिन सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। आज की सुनवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं, क्योंकि इस मामले में अदालत की कार्यवाही राजनीतिक रूप से भी काफी अहम मानी जा रही है।



इधर, सुनवाई से पहले मीसा भारती ने कहा है था कि, मामला कोर्ट में है और हमें कोर्ट पर विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा। एक ही केस में बहुत से केस बनाने से लोगों को परेशानी हो रही है।' कोर्ट रूम में क्या हुआ आज आरोपों को तय करने कानूनी प्रक्रिया चल रही थी। करीब 18 दिन पहले, सुनवाई के दौरान स्पेशल जज विशाल गोग्ने ने अपने आदेश में कड़ी टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था, 'लालू यादव और उनका परिवार एक आपराधिक गिरोह की तरह काम कर रहा था। सरकारी नौकरियों के बदले संपत्ति हासिल करने की एक व्यापक साजिश रची गई थी'।

## बिहार में बांस क्लस्टर विकसित होंगे, किसानों की बढ़ेगी आय

### शिखर सम्मेलन में पहुंचे रामकृपाल यादव, बोले- बांस उद्योग से सशक्त होगा ग्रामीण बिहार

**एजेंसी, पटना**

बिहार में बांस आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कृषि भवन में बिहार बांस अर्थव्यवस्था शिखर सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने किया। सम्मेलन में राज्य के विभिन्न जिलों से आए किसान, बांस उत्पादक समूहों के प्रतिनिधि, उद्यमी, उद्योग विशेषज्ञ और सरकारी अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बांस उत्पादन, वैज्ञानिक प्रसंस्करण, विपणन, स्टार्टअप की संभावनाएं और रोजगार सृजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

**बांस से बढ़ेगी किसानों की आयः** कृषि मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बांस बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। इसके वैज्ञानिक और व्यावसायिक उपयोग से किसानों की आय



में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने बताया कि बांस अब केवल पारंपरिक उपयोग तक सीमित नहीं है। इससे फर्नीचर, अगरबत्ती, हस्तशिल्प, निर्माण सामग्री, सजावटी वस्तुएं और बायो-एनर्जी जैसे विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। मंत्री ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार बांस आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता और वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराएगी। इसके लिए विशेष योजनाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।

**विशेषज्ञों ने दिए सुझावः** सम्मेलन में उपस्थित विशेषज्ञों ने बांस की उन्नत खेती, आधुनिक मशीनों के माध्यम से प्रसंस्करण और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ने की रणनीतियों पर अपने विचार रखे। विशेषज्ञों का कहना था कि यदि किसान समूह बनाकर बांस उत्पादन करें और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करें, तो यह क्षेत्र एक बड़े उद्योग के रूप में विकसित हो सकता है।

**स्टार्टअप और रोजगार के अवसरः** कार्यक्रम के दौरान बांस आधारित स्टार्टअप की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि बांस उद्योग न केवल किसानों की आय बढ़ाएगा, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर भी सृजित करेगा। सरकारी अधिकारियों ने जानकारी दी कि आने वाले समय में बांस क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जहां उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण और विपणन तक की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
+91 8873 319 159
बोकारो, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### डिजिटल ट्रांजेक्शन और आर्थिक नीति पर पूछे गए सवाल

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की मंगलवार को यूपी बोर्ड कक्षा 12वीं की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान डिजिटल ट्रांजेक्शन, आर्थिक नीति पर सवाल पूछे गए। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि द्वितीय पॉली में आयोजित 12वीं कक्षा की परीक्षा में 10276 अभ्यर्थी शामिल हुए। राजधानी के एक परीक्षा केंद्र से निकले महेश कुमार ने बताया कि अर्थशास्त्र विषय में जीडीपी, कृषि और औद्योगिक निर्माण से रोजगार व विकास पर सवाल पूछे गए। डिजिटल ट्रांजेक्शन से कैसे आर्थिक मजबूती होती है के बारे में सवाल पूछे गए। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि पहली और दूसरी पाली में मुख्यत: इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई। इनमें कृषि वनस्पति विज्ञान एवं कृषि अर्थशास्त्र विषय शामिल रहे।

### तंग गली में पांच मंजिला कॉम्प्लेक्स निर्माण पर सवाल, जिम्मेदार बेपरवाह

**मेरठ।** लोहियानगर में सोमवार को अग्निकांड में पांच बच्चों और एक महिला की मृत्यु के बाद भी विकास प्राधिकरण ने सबक नहीं लिया। शहर की तंग गलियों में अवैध रूप से बेसमेंट व निर्माण कार्य चल रहा हैं। शिकायत के बावजूद भी विभागीय कार्रवाई नहीं हो रही हैं। कोतवाली लाला का बाजार में तंग गली में अवैध रूप से बेसमेंट खोदकर 5 मंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा हैं। बिल्डर ने नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य को अंजाम दे रहे हैं। तंग गली में बड़े व्यावसायिक भवन का निर्माण होने से स्थानीय लोगों ने विकास प्राधिकरण शिकायत की हैं। जोनल अधिकारी अर्पित यादव का कहना है कि जांच कराई जाएगी।

### खेत में पानी लगा रहे किसान पर फायरिंग

**अलीगढ़।** गांव बमनोई में मंगलवार की रात फसल में पानी लगा रहे एक किसान पर अज्ञात लोगों द्वारा फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पीड़ित किसान से मामले की जानकारी ली है। गांव बमनोई निवासी कालू उर्फ विकास कुमार ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार की रात वह अपने भाई सूरज के साथ गांव के बाहर अपने खेत में गेहूं की फसल में पानी लगा रहा था। इसी दौरान रात 9 :30 बजे तीन अज्ञात लोग आए और उस पर फायरिंग कर दी। जिससे वह बाल-बाल बच गए हैं। पीड़ित किसान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार का कहना है कि गोली चलने की सूचना मिली है मामले जांच की जा रही है।

### अखिलेश की दो जमानत याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई 11 मार्च को

**कानपुर , एजेंसी।** जेल में बंद अधिवक्ता अखिलेश दुबे के दो मुकदमों में जमानत याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई अब 11 मार्च को होगी। स्वरूप नगर निवासी कारोबारी सुरेश पाल ने किदवई नगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि वर्ष 2022 में अधिवक्ता अखिलेश दुबे द्वारा साजिश के तहत उन्हें दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर ढाई करोड़ की रंगदारी वसूली। वहीं परेड निवासी मोइनुद्दीन ने ग्वालटोली थाने में अखिलेश दुबे और अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट में फर्जी दस्तावेज बनाकर वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। दोनों ही मुकदमों में सेशन कोर्ट से अखिलेश की जमानत अर्जी खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में जमानत याचिकाएं दाखिल की गई हैं। मंगलवार को याचिकाओं पर सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

### केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी को संस्कृतात्मा सम्मान

**लखनऊ, एजेंसी।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी को भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण तथा संस्कृत भाषा के वैश्विक प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'संस्कृतात्मा' सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिक्षण प्रसारक संस्था, संगमनेर की ओर से संचालित संगमनेर महाविद्यालय (नई दिल्ली) में आयोजित संस्कृतात्मा सम्मान समारोह में दिया गया। इस अवसर पर प्रो. वरखेड़ी ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, दर्शन और उन्नत ज्ञान-विज्ञान की आधारशिला है। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सर्व नारायण झा ने बताया कि प्रो. वरखेड़ी को सम्मान स्वरूप 51,000 रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

### नेट जीरो सरोजनीनगर अभियान को मिला डिजिटल समर्थन

**लखनऊ, एजेंसी।** पर्यावरण संरक्षण और नेट जीरो सरोजनीनगर अभियान को देशभर के लोगों ने डिजिटली समर्थन दिया है। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह और अभिनेता संजय दत्त के साथ 22 फरवरी को शुरू हुई मुहिम को देशभर में 200 मिलियन से ज्यादा लोगों ने देखा है। संजय दत्त और डॉ. राजेश्वर सिंह ने रोड शो कर इस मुहिम की शुरुआत की थी।

ताज महोत्सव 2026: आगरा का हर बाजार धरोहर

# यहां अनूठे हैं शिवालय, सहेजने और बचाने की जरूरत

**आगरा , एजेंसी।** ताज महोत्सव के तहत आयोजित 'आगरा बियॉन्ड ताज' सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि आगरा के बाजार, गलियां और शिवालय भी पर्यटन की धरोहर हैं। सैलानियों को ताजमहल के साथ शहर की सांस्कृतिक विरासत का अनुभव कराने पर जोर दिया गया।

सिर्फ ताजमहल आगरा की पहचान नहीं है, बल्कि यहां का हर बाजार, हर गली, मोहल्ला धरोहर की तरह है, जिसे सहेजने, बचाने की जरूरत है। यहां के शिवालय अनूठे हैं और बटेश्वर मंदिर शृंखला न केवल धार्मिक पर्यटन, बल्कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के पैतृक गांव के रूप में सैलानियों को रिझा रहा है। सैलानियों को ताज, किला, सीकरी के साथ शहर की गलियां, मोहल्ले, पुराने बाजार घुमाकर अनुभव कराएं।

टूरिज्म गिल्ड ऑफ आगरा, स्पीहा और यूपी टूरिज्म के एक होटल में आयोजित सेमिनार में मुख्य वक्ता दयालबाग एजूकेशनल इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. प्रेम कुमार कालरा ने कहा कि पर्यटन केवल घूमने तक सीमित नहीं है, बल्कि इतिहास, संस्कृति, सभ्यता और उपलब्धियों को अनुभव करने का माध्यम है। प्रो. रुपाली सत्संगी ने कहा कि कछपुरा में पत्थरों पर उकेरे गए अवशेष आज भी मुगलकालीन इतिहास की झलक देते हैं। यमुना नदी मुगलकालीन आगरा के विकास की आधारशिला रही है। पर्यटन विशेषज्ञ अरुण डंग ने मुगलकाल में हींग मंडी, पीपल मंडी, राजा की मंडी, सौंठ की मंडी, नाई की मंडी, नौलखा, घटिया आजम खां आदि बाजारों के बारे में बताया। जूता एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद के अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि आगरा में उद्योग और विरासत के बीच संतुलन स्थापित करना समय की मांग है।



### 20 एकड़ जमीन ज्योतिर्लिंग के लिए देने का प्रस्ताव

कार्यक्रम के मंच पर चिकित्सक डॉ. डीवी शर्मा ने फतेहाबाद में अपनी 20 एकड़ जमीन को 12 ज्योतिर्लिंग के निर्माण के लिए देने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि वह पर्यटन विभाग को 20 एकड़ भूमि में से 12 एकड़ पर ज्योतिर्लिंग निर्माण तथा 8 एकड़ विभाग को दान देने की पेशकश कर रहे हैं, जिससे लोग एक ही स्थान पर 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन कर सकें। इसके लिए उन्होंने विधायकों और सांसदों के पत्र के जरिए शासन तक संपर्क किया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि बटेश्वर मंदिर शृंखला की तरह यह भी देश भर के लोगों को आकर्षित करेगा।

### आगरा सिर्फ चार घंटे का शहर नहीं

टूरिज्म गिल्ड ऑफ आगरा के अध्यक्ष अमूल्य कक्कड़ ने कहा कि ताज और किला देखकर चार घंटे में पर्यटक चले जाते हैं। आगरा के बाजार, भवन और संस्कृति इसे बहुआयामी पर्यटन केंद्र बना सकते हैं। पूर्व अध्यक्ष राजीव सक्सेना, हरी सुकुमार, देवाशीष भौमिक, केशो मेहरा, डॉ. रुचिरा माथुर, रजनी नायर, डॉ. पंकज महेंद्रू, रिचा बंसल, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रजिस्ट्री में परेशानी, 15 मिनट बढ़ाया गया समय

**गोरखपुर , एजेंसी।** रजिस्ट्री विभाग में मंगलवार को सर्वर में दिक्कत आने से जमीन की रजिस्ट्री कराने आए लोगों को काफी दिक्कतें हुईं। दोपहर तक सर्वर पूरी तरह से बंद रहा। इसके बाद जब चला तो स्पीड बहुत धीमी रही। इसके चलते भीड़ बढ़ गई। शाम पांच बजे कार्य अवधि खत्म होने के बाद भी चार रजिस्ट्री नहीं हो पाई। इसके लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय लेना पड़ा। इसके बाद रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हुई।

रजिस्ट्री के समय आधार कार्ड का जबसे सत्यापन अनिवार्य हुआ है, सर्वर स्लो होने की समस्या बढ़ गई है। मंलवार को दोपहर करीब 12 बजे तक सर्वर चला ही नहीं। इसके बाद बहुत ही स्लो चलने लगा। एक-एक रजिस्ट्री में 10 मिनट का समय लगने लगा। दोपहर दो बजे भारी भीड़ लग गई। लोग सीढ़ियों पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे।

रजिस्ट्री कराने गए रुस्तमपुर के महेश गुप्ता और राकेश पांडेय ने बताया कि दो घंटे तक खड़ा रहना पड़ा। बैठने के लिए कोई इंतजाम ही नहीं था। यह व्यवस्था तो विभाग के अधिकारियों को करनी चाहिए। शाम पांच बजे जब रजिस्ट्री का समय खत्म हो गया तब चार लोगों की रजिस्ट्री नहीं हो सकी। इसके लिए विभाग के अफसरों ने शासन से संपर्क कर फिर से पोर्टल खुलवाया तब रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी हो सकी। विभाग के खंड प्रथम में 69 और द्वितीय में 68 रजिस्ट्री हुई।इस संबंध में एआईजी स्टांप संजय दुबे ने बताया कि सर्वर स्लो चलने की समस्या थी, इसके चलते रजिस्ट्री में समय ज्यादा लगा।

### पंचायत चुनाव से पहले ओबीसी आयोग गठन की मांग तेज, शासन को भेजा प्रत्यावेदन




**लखनऊ, एजेंसी।** पंचायत चुनाव से पहले ओबीसी आयोग का गठन आवश्यक है, क्योंकि इससे सीटों के आरक्षण का निर्धारण जुड़ा है। अधिवक्ता का आरोप है कि आयोग गठन का मामला पांच माह से अधिक समय से लंबित है। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आयोग के गठन की मांग को लेकर एक जनहित याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने प्रदेश सरकार को प्रत्यावेदन भेजा है। याचिकाकर्ता अधिवक्ता मोतीलाल यादव ने कहा है कि हाईकोर्ट में 4 फरवरी को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने 15 दिन के भीतर ओबीसी आयोग गठन की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया था। यदि तय समय में आयोग का गठन नहीं किया गया तो वे अवमानना याचिका दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने राज्य सरकार के इस कथन के आधार पर उनकी जनहित याचिका निस्तारित कर दी थी। सुनवाई न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति अबधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने की थी। याचिकाकर्ता का कहना है कि पंचायत चुनाव से पहले ओबीसी आयोग का गठन आवश्यक है, क्योंकि इससे सीटों के आरक्षण का निर्धारण जुड़ा है। उनका आरोप है कि आयोग गठन का मामला पांच माह से अधिक समय से लंबित है। उन्होंने राज्य सरकार और राज्य निर्वाचन आयोग से अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच प्रस्तावित पंचायत चुनाव समय पर कराने के लिए आयोग गठन शीघ्र पूरा करने की मांग की है।

# शिव-गौरा विवाह: 108 थालों के चढ़ावे के साथ मां गौरा को लगी अभिमंत्रित हल्दी, महंत आवास में निभाई गई परंपरा

**वाराणसी।** काशी में मंगलवार को शिव-गौरा विवाह परंपरा के तहत माता गौरा के गौने की हल्दी की रस्म की परंपरा टेढ़ीनीम स्थित पूर्व महंत आवास में सविधि निभाई गई। 108 थालों में भोग के साथ नौ गौरीङ्क्नौ दुर्गा के आह्वान मंत्रों से अभिमंत्रित पावन हल्दी जब माता गौरा की चल प्रतिमा पर अर्पित की गई, तब पूरा परिसर हर-हर महादेव और जय गौरा के उद्घोष से गूंज उठा।

माता के शृंगारित छवि के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार देर रात तक लगी रही। 27 फरवरी को रंगभरी एकादशी पर बाबा की पालकी यात्रा के साथ इस लोकपरंपरा का समापन होगा। गौने की हल्दी की परंपरा के अनुसार सुबह दुर्गाकुंड स्थित दुर्गा मंदिर में विशेष अनुष्ठान हुआ।

वैदिक ब्राह्मणों ने नौ गौरी और नौ दुर्गा के आह्वान मंत्रों के साथ हल्दी का विधिवत पूजन किया। मंदिर के महंत कौशल द्विवेदी के आचार्यत्व में वैदिक ब्राह्मणों ने शंखध्वनि, घंटानाद और वैदिक ऋचाओं से हल्दी को अभिमंत्रित कर मंगलमय बनाया।

शाम को कौशल द्विवेदी के साथ अवनीश शुक्ला, संजय दुबे सहित महंत परिवार ने शोभायात्रा निकाली। यात्रा टेढ़ीनीम स्थित पूर्व महंत के आवास पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर इस यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद मंगल मंडप सजाया गया। रंग-बिरंगे पुष्पों, आम्र पल्लव और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित कर हल्दी की रस्म शुरू हुई।



पूर्व महंत स्व. कुलपति तिवारी के पुत्र और आयोजक पं. वाचस्पति तिवारी के सानिध्य में 11 वैदिक ब्राह्मणों ने माता गौरा की चल प्रतिमा का विशेष पूजन किया। वेदमंत्रों की गूंज के साथ माता को मंडप में विराजमान कराया। इसके बाद वैदिक रीति से अभिमंत्रित हल्दी मां को अर्पित की गई। हल्दी चढ़ाकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महिलाओं के पारंपरिक मंगलगीत और सोहर गूंज उठे। गीतों में दुल्हन की विदाई, ससुराल और शुभकामनाओं के भाव झलक रहे थे।

### बनारसी वस्त्र, रत्नाभूषण और सिंदूरी आभा में सजीं गौरा

हल्दी के रस्म के साथ माता गौरा का शृंगार हुआ। मां को बनारसी वस्त्र, रत्नाभूषण, पुष्पमालाएं और सिंदूरी आभा से सुसज्जित कराया गया। मां के शृंगारित छवि के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। रस्म निभाने के लिए काफी संख्या में भक्त पहुंचे थे।

# आठ विश्वविद्यालयों के 49 बाबू शक के घेरे में, एसआईटी कर सकती है पूछताछ

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में रुपये लेकर डिग्री बेचने के मामले में एसआईटी की शक की सुई विश्वविद्यालयों के बाबुओं व अन्य स्टाफ पर घूम रही है। अंदेशा है कि इन्होंने न सिर्फ आरोपियों के साथ मिलीभगत कर फर्जीवाड़े के खेल में सहयोग किया, बल्कि कुछ दस्तावेजों में हेराफेरी भी की। यह जानकारी एसआईटी की प्रारंभिक जांच से सामने आई है। अब तक 49 लिपिक शक के घेरे में हैं।

एसआईटी ने आठ विश्वविद्यालयों से इन बाबुओं की डिटेल मांगी है। जल्द ही इनसे पूछताछ हो सकती है। किदवईनगर पुलिस ने रुपये लेकर डिग्री और अन्य दस्तावेज बनाने के आरोप में चार युवकों को गिरफ्तार किया था। इनकी जांच करने पर आरोपियों के तार देश के 14 विश्वविद्यालयों से जुड़े मिले। उनकी डिग्रियां बनाई गई थीं। पुलिस और एसआईटी ने कड़ियां खंगाली।

**लिपिकों की डिटेल निकाल रही है पुलिस :** आरोपियों की कॉल डिटेल चेक की जिसमें चौंकाने वाले तथ्य मिले। आरोपियों की कॉल डिटेल में कई विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों के नंबर मिले। कुछ को व्हाट्सएप कॉल भी की गई थी। आसपास में दस्तावेजों और पीडीएफ फाइल का आदान प्रदान भी हुआ है। पुलिस इसकी जानकारी जुटाने के लिए विश्वविद्यालयों के विभिन्न पटलों पर पूर्व व मौजूदा समय में तैनात लिपिकों की डिटेल निकाल रही है।

**विश्वविद्यालयों को कुछ मार्कशीट व डिग्रियां भेजीं :** एसआईटी सूत्रों के मुताबिक कुछ मार्कशीट व डिग्रियों की फोटो व कार्रवाई के दौरा ली गई वीडियो को संबंधित विश्वविद्यालयों को भेजा गया है। विश्वविद्यालय भी अपने स्तर पर जांच करा रही है। उन्होंने कुछ मार्कशीट व डिग्रियों में विशेष तरह के नंबरों को पुलिस से स्कैन करके भेजने के लिए कहा है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से विश्वविद्यालयों के शीर्ष अधिकारियों की बातचीत चल रही है।

**लगातार फेल होने के बाद पास छात्रों की डिटेल मांगी :** एसआईटी ने विश्वविद्यालयों से पिछले कुछ वर्षों के दौरान लगातार फेल होने के बाद अचानक पास हुए ऐसे छात्रों की डिटेल मांगी है। अब उन डिटेल का आरोपियों के पास से मिली डिग्री व मार्कशीट से मिलान कराया जाएगा।

अगर उन छात्रों की मार्कशीट या ऐसे कोई रिकार्ड आरोपियों के पास से बरामद होते हैं तो उन छात्रों को भी पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। विश्वविद्यालय से उनके रोल नंबर व अन्य जानकारियां मांग गई हैं। किदवईनगर पुलिस ने मास्टर माइंड शैलेंद्र कुमार ओझा, नागेश मणि त्रिपाठी, जोगेंद्र, अश्वनी कुमार सिंह को पहले जेल भेजा था जबकि आरोपी छतरपुर निवासी मयंक भारद्वाज, हैदराबाद का मनीष, गाजियाबाद का विनीत, भोपाल का शेखू और शुभम दुबे की तलाश जारी है।

# नमाज पढ़ रही थीं, तभी घर में भरा धुएं का गुबार, नाजिश और जकिया ने बताई मेरठ अग्निकांड की पूरी कहानी

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के कपड़ा कारोबारी इकबाल के मकान में आग के दौरान मौजूद रहे इकबाल के बड़े बेटे फारूक की पत्नी नाजिश और बेटी जकिया ने दहशत में गुजरे पलों की दास्तां बयां की। उन्होंने बताया कि परिवार की सभी महिलाएं मकान की प्रथम मंजिल के कमरे में नमाज पढ़ रहीं थीं, तभी कुछ ही देर में मकान में आग लग गई और घर में धुएं का गुबार भर गया। बचाव के लिए पहुंचे लोगों की मदद से वह घर से बाहर निकल आईं।

उन्होंने वहां से गुजर रहे बाइक सवार दो लोगों को रोका और उनसे मदद मांगी। इसके बाद बाइक सवारों ने भी शोर मचाया तो अन्य लोग बचाव के लिए दौड़ पड़े। मकान में फंसी जकिया ने बताया कि वह भी नमाज पढ़ रहीं थीं।

उन्होंने खुद को परिवार के बच्चों को बचाने का प्रयास किया। इस प्रयास में वह भी मकान में फंस गईं। इससे उनके हाथ और पैर भी



झुलस गए। बाद में उन्हें लोगों की मदद से छत के रास्ते बाहर निकाला गया। नाजिश ने बताया कि रुखसार पहले बच्चों की जान बचाने के लिए नीचे की ओर भागी, जबकि अन्य लोग दूसरी मंजिल पर ही थे। नीचे आग और धुएं का गुबार देखकर फिर वह बच्चों को लेकर दूसरी मंजिल पर चली गई। उसने बच्चों को बचाने के लिए कमरे का दरवाजा बंद कर लिया। इससे कमरे में धुआं भर गया।

**अमीर बानो पूछती रही कहां हैं सभी लोग :** पीड़ित परिवार ने बताया कि मकान में मौजूद आसिम की मां अमीर बानो धुएं के कारण बेसुध हो गई थीं। उन्हें भी वहां से निकालकर राजधानी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आसिम ने बताया कि उनकी मां का अभी उपचार चल रहा है। इसलिए दूसरे दिन भी उन्हें यह नहीं बताया कि आगजनी में परिवार के छह लोगों की जान चली गई है। हालांकि उन्होंने बताया कि वह उनसे मिलने गए तो पूछने लगीं कि परिवार के सभी लोग कहां है। अकदस को लेकर क्यों नहीं आया।

# प्रदेश में हो सकता है बिजली संकट, 5000 मेगावाट की उत्पादन इकाइयां बंद; गांवों की आपूर्ति पर पड़ेगा असर

**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में इन दिनों करीब 5000 मेगावाट की बिजली उत्पादन इकाइयां बंद हैं। इकाइयां बंद करने के पीछे बिजली की कम मांग (लो डिमांड) को बड़ा कारण बताया जा रहा है। हालांकि, 22 उत्पादन इकाइयां रिवर्स शटडाउन (आरएसडी), प्लांड शटडाउन (एओएच) अथवा अन्य कारणों से बंद हैं। कुछ मरम्मत कार्य के चलते बंद हैं। इस स्थिति पर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाया कि उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली मिल नहीं रही और इकाइयां कम मांग के चलते बंद की जा रही हैं।



परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा, हर उपभोक्ता से फिक्स चार्ज लिया जाता है। केंद्रीय उपभोक्ता अधिकार नियमावली 2020 की धारा 10 के तहत हर उपभोक्ता को 24 घंटे बिजली पाने का अधिकार है। इसके बाद भी ग्रामीण इलाके में 18 घंटे बिजली देने का रोस्टर लागू है। पर, हकीकत में उपभोक्ताओं को 10 से 12 घंटे ही बिजली मिल रही है। कहा, इस वक्त कम मांग है तो सभी इकाइयों को चलाकर ग्रामीण उपभोक्ताओं को भी 24 घंटे बिजली देने का प्रयास होना चाहिए था। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रदेश में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो उपभोक्ता हित में व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी ऊर्जा प्रबंधन की होगी।

### ये इकाइयां बंद

राज्य विद्युत उत्पादन निगम की अनपरा, हरदुआगंज, जवाहरपुर, ओबरा सी और परीछा। टांडा थर्मल की चारों इकाइयां।

# मार्च के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगा 38 ट्रेनों का संचालन

**बरेली, एजेंसी।** बरेली होकर गुजरने वाली 38 ट्रेनें निरस्त चल रही हैं। इन ट्रेनों का संचालन मार्च के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगा, जिससे होली के बाद लौटने वाले यात्रियों को कन्फर्म टिकट के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। साथ ही रेलवे कई विशेष ट्रेनों का संचालन भी कर रहा है।

होली विशेष ट्रेनों में बुकिंग तेज होने के साथ ही अब नियमित गाड़ियों पर दबाव कम होने लगा है। नियमित गाड़ियों में वेटिंग स्थिर होने लगी है। इधर, निरस्त चल रहीं 38 नियमित ट्रेनों का भी मार्च के पहले सप्ताह संचालन शुरू हो जाएगा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार यात्रियों को लंबी दूरी की ट्रेनों में कन्फर्म टिकट के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। रेलवे बरेली होते हुए अब तक 48 से ज्यादा होली विशेष ट्रेनों की समय सारिणी जारी कर चुका है। 25 से 28 फरवरी के बीच ज्यादातर विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। होली के कारण फरवरी के अंतिम और




मार्च के दूसरे सप्ताह नियमित ट्रेनें पहले से ही फुल थीं। हालांकि बरेली होते हुए पूर्वांचल, बिहार, बंगाल, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, जम्मू आदि राज्यों के विभिन्न स्टेशनों तक जाने-आने वाली तमाम ट्रेनों में चार से छह मार्च तक सीटें खाली हैं। अन्य दिनों में वेटिंग है।

बरेली होते हुए सामान्य दिनों में औसतन 102 ट्रेनों का आवागमन होता है। इनमें 28 फरवरी तक 38 गाड़ियां निरस्त हैं। मार्च के पहले सप्ताह विशेष ट्रेनों को मिलाकर बरेली होते हुए लंबी दूरी की 150 से ज्यादा ट्रेनों का आवागमन होगा। इससे यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

**दिल्ली-सीतामढ़ी के बीच दो फेरों के लिए विशेष ट्रेन :** दिल्ली से पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में लगातार दबाव के बीच रेलवे सीतामढ़ी-दिल्ली के बीच दो फेरों के लिए विशेष ट्रेन चलाएगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 04009 सीतामढ़ी-दिल्ली के बीच 27 फरवरी और छह मार्च के लिए विशेष गाड़ी सीतामढ़ी से रात 11:55 बजे चलने के बाद अगले दिन शाम 5:58 बजे बरेली आएगी और रात 11:30 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

**दिल्ली-सीतामढ़ी के बीच दो फेरों के लिए विशेष ट्रेन :** दिल्ली से पूर्वांचल और बिहार की ओर जाने वाली ट्रेनों में लगातार दबाव के बीच रेलवे सीतामढ़ी-दिल्ली के बीच दो फेरों के लिए विशेष ट्रेन चलाएगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि 04009 सीतामढ़ी-दिल्ली के बीच 27 फरवरी और छह मार्च के लिए विशेष गाड़ी सीतामढ़ी से रात 11:55 बजे चलने के बाद अगले दिन शाम 5:58 बजे बरेली आएगी और रात 11:30 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026



## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए। न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया और कहा कि स्कूल मंगलवार को खुलेंगे। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है।

### भारतीय सोलर पैनल पर अमेरिका ने 126% ड्यूटी लगाई

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत से आने वाले सोलर पैनलों और सेल पर 126% की शुरुआती ड्यूटी लगा दी है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग का कहना है कि भारत अपने मैन्युफैक्चरर्स को गलत तरीके से सब्सिडी दे रहा है, जिससे अमेरिकी घरेलू कंपनियों को नुकसान हो रहा है। भारत के अलावा लाओस और इंडोनेशिया पर भी 81% से 143% तक की लेवी लगाई गई है। शुरुआती जांच के आधार पर यह फैसला लिया गया है। जांच पर अंतिम फैसला 6 जुलाई को आएगा। यानी सब्सिडी की बात साबित हो जाती है, तो यह टैक्स स्थायी हो जाएगा। इस फैसले से भारतीय सोलर एक्सपोर्टर्स के लिए अमेरिकी बाजार में टिकना मुश्किल हो सकता है। 126% ड्यूटी लगने का मतलब है कि इन पैनलों की कीमत अमेरिका में दोगुनी से भी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में अमेरिकी खरीदार भारतीय माल के बजाय लोकल कंपनियों या अन्य देशों से पैनल खरीदना पसंद करेंगे क्योंकि भारतीय प्रोडक्ट अब कॉम्पिटिशन से बाहर हो जाएंगे। यह टैक्स उन 10% ग्लोबल टैरिफ से अलग है, जिसकी घोषणा ट्रम्प ने हाल ही में की थी। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले हफ्ते ट्रम्प के पुराने टैरिफ प्लान को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्होंने नए सिरे से टैरिफ लगाए थे। अब इस नए फैसले ने इंडस्ट्री की चिंता बढ़ा दी है। ब्लूमबर्ग एनईएफ के के मुताबिक, 2025 की पहली छमाही में अमेरिका में होने वाले कुल सोलर मॉड्यूल आयात का 57% हिस्सा भारत, इंडोनेशिया और लाओस से आया था। भारतीय एक्सपोर्ट की बात करें तो 2024 में अमेरिका को 792.6 मिलियन डॉलर ( करीब 7,200 करोड़ रुपए) के सोलर उत्पाद भेजे गए थे, जो 2022 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिन से बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली/भोपाल/देहरादून/शिमला।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के पंचाचूली समेत कई क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। यहां ऊंचाई वाले इलाकों में तीन दिन से बर्फबारी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 27 और 28 फरवरी से मौसम का मिजाज बदलेगा और पहाड़ी जिलों में बारिश होगी। मध्य प्रदेश में पिछले 2 दिन में इंदौर, उज्जैन, रतलाम, बैतूल और सीहोर समेत 20 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ में ओले भी गिरे। इस वजह से गेहूं-चने की फसलों पर असर पड़ा। मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार को मौसम साफ रहेगा, लेकिन मार्च की शुरुआत में बारिश होने का अनुमान है। राजस्थान में गर्मी का सीजन शुरू हो गया और दिन का अधिकतम तापमान अब 36°C से ऊपर चला गया। बाड़मेर में मंगलवार को दिन का टेंपरेचर 36.3°C रहा। अधिकांश इलाकों में न्यूनतम-अधिकतम सामान्य से 2 से 5 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हो रहा है। मौसम विभाग ने राज्य में होली के आसपास हीटवेव की चेतवानी जारी की है। इस दौरान पारा 40°C तक जा सकता है। वहीं, सिक्किम के ऊंचे इलाकों में मंगलवार को 15th माइल और त्सोमगो झील के पास भारी बर्फबारी हुई। इससे सड़कें जाम हो गईं। यहां लगभग 2,736 टूरिस्टों को ले जा रही कुल 541 टूरिस्ट गाड़ियां फंस गईं। अधिकारियों ने बताया कि सिक्किम पुलिस, GREF/BRO, ड्राइवर एसोसिएशन की मदद से सभी गाड़ियों और टूरिस्ट्स को सुरक्षित निकाला गया।



### केरल- 5 लाख लोगों को वॉट्सएप पर चुनावी मैसेज मिला

**कोच्चि।** केरल में सरकारी कर्मियों, न्यायिक अधिकारियों और विभिन्न लाभार्थियों सहित करीब 5 लाख लोगों को वॉट्सएप पर चुनावी संदेश भेजकर केरल सरकार घिर गई है। हाईकोर्ट ने मंगलवार को नाराजगी जताते हुए पूछा कि मुख्यमंत्री कार्यालय को इनके मोबाइल नंबर कैसे मिले। कोर्ट ने डेटा सोर्स की पुष्टि तक ऐसे संदेश भेजने पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने कहा कि इस पहल में गोपनीयता की कमी है। साथ ही, संदेह जताया कि कहीं वेतन और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए बने एसपीएआरके पोर्टल का डेटा गलत तरीके से मुख्यमंत्री कार्यालय तक तो नहीं पहुंचाया गया। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक डेटा का राजनीतिक प्रचार के लिए उपयोग अनुच्छेद-21 के तहत निजता के अधिकार और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम, 2023 का गंभीर उल्लंघन है। कोर्ट ने पूछा है कि डेटा प्रोसेसिंग का कानूनी आधार क्या है? हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए। याचिका में आरोप है कि मुख्यमंत्री कार्यालय ने गोपनीयता कानून का उल्लंघन कर विधानसभा चुनाव से पहले सीएम के फोटो वाले वॉट्सएप संदेश भेजे। इनमें 10% डीए बढ़ोतरी जैसे काम गिनाए गए थे। केरल देश का इकलौता राज्य है, जहां अभी भी लेफ्ट सत्ता में है। यहां सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चा (LDF) ने इस ट्रेंड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। कांग्रेस गठबंधन की कोशिश इस बार एंटी इनकम्बेंसी को कैश करानी की रहेगी। वहीं, BJP अब तक केरल में एक भी विधानसभा सीट नहीं जीत पाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां उसने त्रिशूर लोकसभा सीट जीती थी। इसके अलावा दिसंबर 2025 में भी BJP ने पहली बार त्रिवेंद्रम (तिरुवनंतपुरम) नगर निगम का चुनाव जीता।

### फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर रोक लगाने की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि फिल्म के नाम में ऐसा कोई शब्द नहीं है, जिससे यादव समाज की छवि खराब होती हो। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने याचिका में कहा था कि फिल्म का नाम यादव समाज को गलत तरीके से दिखाता है। साथ ही फिल्म में यादव समाज की एक हिंदू लड़की और एक मुस्लिम लड़के की प्रेम कहानी दिखाई गई है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने सुनवाई के दौरान पूछा, "क्या किसी हिंदू लड़की की मुस्लिम लड़के से शादी सामाजिक ताना-बाना तोड़ती है?" बेंच ने हाल में 'घूसखोर पंडित' फिल्म से जुड़े आदेश से इस मामले को अलग बताया। कोर्ट ने कहा कि 'घूसखोर' शब्द का अर्थ भ्रष्ट होता है, जो सीधे तौर पर नकारात्मक अर्थ जोड़ता है। जबकि मौजूदा फिल्म के नाम में ऐसा कोई नकारात्मक संकेत नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि फिल्म खुद को एक सच्ची कहानी पर आधारित बताती है। इस पर कोर्ट ने जवाब दिया, "फिल्म बैंडिट क्वीन में भी गुर्जर समुदाय को गलत तरीके से दिखाने की बात उठी थी, तब भी कोर्ट ने बैन से इनकार किया था।" वकील ने कहा कि फिल्म अभी रिलीज नहीं हुई है और अगर रिलीज के बाद कुछ आपत्तिजनक लगे तो वे फिर कोर्ट आ सकते हैं। इस पर बेंच ने कहा, "जरा सहनशील बनिए। यह फिक्शन है। एक हफ्ते में सब खत्म हो जाएगा।

# ओडिशा माइनिंग अफसर के घर से 4.27 करोड़ नकद मिले

## नोट गिनने की मशीनें लाना पड़ीं, 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया था

एजेंसी, कटक

ओडिशा विजिलेंस ने बुधवार को कटक सर्किल के डिप्टी डायरेक्ट (माइंस) देबब्रत मोहंती के घर से 4.27 करोड़ रुपए नकद जब्त किए। मोहंती को लाइसेंसी कोयला व्यापारी से 30 हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। आरोप है कि वह कोयला डिपो को बिना रुकावट चलाने और काम आसान करने के बदले रिश्वत ले रहा था। यह ट्रैप ऑपरेशन ओडिशा विजिलेंस ने रिश्वत मांगने की शिकायत मिलने के बाद किया था।

**अलमारियों में नोटों के ढेर मिले:** गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस की टीमों ने मोहंती और उनके करीबियों के कई ठिकानों पर छापे मारे। विभाग ने मठासाही में मोहंती के पैतृक घर और भुवनेश्वर के पाटिया इलाके वाले फ्लैट पर छापा मारा। भुवनेश्वर वाले फ्लैट से सूटकेस, ट्रॉली बैग और अलमारियों में नोटों के ढेर मिले। इसके अलावा, उसके ऑफिस से 1.20 लाख नकद भी बरामद हुए। नोटों की गिनती के लिए करेंसी काउंटिंग मशीनें लाई गईं।



**सोना, मकान और प्लॉट भी मिले:** विजिलेंस के भुवनेश्वर डिवीजन के एसपी सरोज कुमार समल ने बताया कि अब तक 4.27 करोड़ की गिनती हो चुकी है। जांच में सामने आया है कि मोहंती के पास भुवनेश्वर में दो मंजिला मकान है। इसके अलावा अफसर के नाम करीब 130 ग्राम सोना और 2400 वर्गफीट का प्लॉट है, जिस पर दो मंजिला बिल्डिंग बन रही है। मोहंती के नाम 10 बैंक खाते और लॉकर भी हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

**विजिलेंस के इतिहास का सबसे ज्यादा कैश जब्त:** विजिलेंस अधिकारियों ने इसे ओडिशा विजिलेंस के इतिहास की सबसे बड़ी नगद बरामदगी बताया है। इससे पहले विजिलेंस की सबसे बड़ी नगद जब्ती 3.4 करोड़ थी, जो 7 अप्रैल 2022 को गंजाम जिले में लघु सिंचाई विभाग के एक असिस्टेंट इंजीनियर के घर से मिली थी।

**2009 में भी दर्ज हो चुका है केस:** एसपी समल ने बताया कि मोहंती के खिलाफ 2009 में भी भ्रष्टाचार का मामला दर्ज हुआ था। उस मामले की सुनवाई मयूरभंज जिला कोर्ट में अभी चल रही है।

**8 हजार की नौकरी से की थी शुरुआत:** अधिकारियों ने बताया कि मोहंती ने 2004 में 8 हजार वेतन पर जूनियर माइनिंग ऑफिसर के तौर पर सरकारी सेवा शुरू की थी। वे बोलांगीर, बारीपदा और बरहामपुर में काम कर चुके हैं और फिलहाल कटक में तैनात थे।

**कांग्रेस का BJP पर हमला:** इस मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास ने बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह बरामदगी राज्य में चल रहे "डबल इंजन सरकार" के दौरान पनप रहे बड़े भ्रष्टाचार को उजागर करती है।

# असम-बॉयफ्रेंड के सामने 7 लोगों ने महिला का रेप किया

एजेंसी, गुवाहाटी




♦ 10 हजार ट्रांसफर कराए, 2 गिरफ्तार एक आरोपी के परिवार ने पत्रकार पर हमला किया

असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास एक 28 साल की महिला का उसके बॉयफ्रेंड के सामने 7 लोगों ने गैंगरेप किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में शिकायत 19 फरवरी को दर्ज कराई गई थी। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि रेप के बाद एक आरोपी ने महिला से 10 हजार रुपए उसके खाते में ट्रांसफर कराए। पीड़ित के घरवालों ने कहा कि वह सिलचर शहर से कुछ किलोमीटर दूर बाईपास रोड पर अपने बॉयफ्रेंड के साथ कार में थी, तभी एक SUV में कुछ लोग आए और उन पर हमला कर दिया।

उन्होंने कहा आरोपियों ने पहले कपल से उनके ठिकाने के बारे में पूछा और फिर अचानक महिला और उसके दोस्त को पकड़ लिया। वहां करीब 7 आदमी थे, और उन्होंने उसके दोस्त के सामने एक-एक करके उसका रेप किया। न्यजू एजेंसी PTI के मुताबिक पुलिस शुरू में इस मामले पर चुप थी, लेकिन मंगलवार को सिलचर के एक पत्रकार पर एक आरोपी के परिवार वालों ने हमला कर दिया। इसके बाद यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**दो की पहचान हुई, 5 अभी भी फरार:** पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने दो लोगों की पहचान की, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में बाकी लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि सिलचर सदर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308 (5) (जान से मारने की धमकी देकर वसूली), 310 (2) (डकैती), 351(2) (आपराधिक धमकी), 61(2) (दो या उससे ज़्यादा लोगों का गैर-कानूनी काम, 70(1) (गैंग रेप) एवं अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

# 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी किताब की बिक्री पर रोक

एजेंसी, नई दिल्ली

♦ सीजेआई ने कहा था- न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत किसी को नहीं, केस खुद देखूंगा

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की आपत्ति के बाद 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली NCERT किताब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। NCERT के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी ANI से इसकी पुष्टि की है। CJI सूर्यकांत ने बुधवार को इस मुद्दे पर नाराजगी जताई थी।

CJI ने कहा था- दुनिया में किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने अभिषेक सिंघवी के साथ CJI सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने यह मामला उठाया था। सिब्बल ने बताया कि NCERT के क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह बहुत निंदनीय है। सिंघवी ने कहा कि किताब में राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार का कोई जिक्र नहीं है। NCERT ने मान लिया है कि और जगह भ्रष्टाचार है ही नहीं।

इसपर CJI ने कहा- मुझे इसकी जानकारी है। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है। हम इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहते। जस्टिस बागची ने कहा कि किताब में संविधान की मूल संरचना की संवैधानिक अखंडता का अभाव है।

NCERT ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था।

# अमेरिकी संसद में ट्रम्प बोले- भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाई, गाजा सीजफायर बड़ी जीत

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय समय के मुताबिक बुधवार सुबह संसद में भाषण दिया। साल की शुरुआत में संसद में प्रेसिडेंट के भाषण को 'स्टेट ऑफ द यूनियन' स्पीच कहा जाता है। ट्रम्प ने 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में एक बार फिर भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का दावा किया। ट्रम्प यह बात 100 से ज्यादा बार दोहरा चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है। अपने भाषण में ट्रम्प ने इजराइल-हमास के बीच गाजा सीजफायर को अपनी उपलब्धि कहा। वहीं वेनेजुएला पर कब्जे के करीब डेढ़ महीने बाद वहां तेल उत्पादन में बढ़ोतरी का दावा करते हुए उसे अमेरिका का नया दोस्त करार दिया। ट्रम्प ने ईरान को लेकर दावा किया कि अमेरिका ने पिछले साल जुलाई में हमला कर उसका न्यूक्लियर प्रोग्राम खत्म कर दिया था। साथ ही 28 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान 32 हजार प्रदर्शनकारियों को मारने का आरोप भी लगाया।



**ईरान को चेतावनी:** ट्रम्प ने बताया कि ईरान अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइल बना सकता है। उन्होंने कहा ईरान ने पहले ही ऐसी मिसाइल बना ली हैं जो यूरोप और हमारे विदेशों में मौजूद ठिकानों के लिए खतरा हैं। ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर हथियार प्रोग्राम को खत्म दिया गया है।

**भारत- पाकिस्तान संघर्ष पर दावा:** ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान जंग में 3.5 करोड़ मौतें रोकीं। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच परमाणु जंग में 3.5 करोड़ लोगों के मारे जाने की आशंका थी। हालांकि, भारत इस दावे को हमेशा खारिज करता आया है।

❐ वेनेजुएला नया दोस्त, ईरान ने 32000 लोग मारे, उसका परमाणु कार्यक्रम तबाह किया

**गाजा संघर्ष विराम:** ट्रम्प ने गाजा में इजराइल-हमास सीजफायर को कामयाब बताया, जिससे सभी इजराइली बंधक रिहा हो गए।

**महंगाई और ऑयल प्रोडक्शन:** ट्रम्प ने कहा कि महंगाई के लिए डेमोक्रेट्स जिम्मेदार हैं और उनकी नीतियों से कीमतें तेजी से नीचे आ रही हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका में तेल का प्रोडक्शन रोज करीब 6 लाख बैरल से ज्यादा बढ़ा है।

**टैरिफ और व्यापार नीति:** ट्रम्प ने सुप्रीम कोर्ट के टैरिफ फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और नए 15% वैश्विक टैरिफ लागू करने की बात कही।


**एनर्जी प्रोडक्शन और वेनेजुएला:** ट्रम्प ने तेल और गैस उत्पादन बढ़ाने की बात की और वेनेजुएला को अमेरिका का नया दोस्त बताया।

# हरियाणा के 590 करोड़ घोटाले में 4 गिरफ्तार

एजेंसी, पंचकूला

हरियाणा के सरकारी डिपार्टमेंट के खातों में 590 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पंचकूला में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) के चीफ एएस चावला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। चावला ने बताया कि 23 फरवरी को पंचायत विभाग से एक पत्र मिला था, जिसमें गबन की जानकारी दी गई थी। इसके बाद एसीबी में मुकदमा नंबर 4 दर्ज किया गया। इस मामले में पहले रिभव ऋषि और अभय को गिरफ्तार किया गया। रिभव IDFC बैंक का मैनेजर है, जबकि अभय बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर था। बैंक ने सारा पैसा हरियाणा सरकार को लौटा दिया है। ये दोनों मुख्य आरोपी हैं और इन्होंने ही इस घोटाले की प्लानिंग की थी। दोनों को कल शाम को राउंड अप किया गया।

जांच में पता चला कि एक स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट के खाते में करीब 300 करोड़ रुपए गए थे। इसके अलावा, AU स्मॉल फाइनेंस बैंक में भी पैसा गया। स्वाति सिंगला अभय की पत्नी है और एक निजी कंपनी की मालिक है। स्वाति के भाई अभिषेक को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं, इस फ्रॉड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।



सरकार को पिछले साल जुलाई में ही इस गड़बड़ी की भनक लग गई थी। इसे लेकर वित्त विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (ACS) ने सभी विभागों को लेटर लिखकर अलर्ट भी किया।

वित्त विभाग ने अपने लेटर में लिखा कि कुछ विभाग बैंक खातों के संचालन और एफडी करवाने में नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। निर्धारित निकटता मानदंडों का पालन किए बिना बैंकों/शाखाओं में खाते खोले जा रहे हैं। बैंक खाते खोलने में व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के आधार पर बैंक और शाखा का चयन किया जा रहा है। एफडी करवाने के लिए भी प्रबंधन में पक्षपात के संकेत मिल रहे हैं। पंचकूला स्थित कई कार्यालयों ने निर्धारित निर्देशों के विपरीत, बिना किसी वैध औचित्य के चंडीगढ़ में खाते खोले हैं। ऐसी प्रथाएं सार्वजनिक निधियों के प्रबंधन में वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और निष्पक्षता से समझौता करती हैं। लेटर में वित्त विभाग ने लिखा था कि सभी विभागों को निर्देश दिया जाता है कि आप अपने संगठन द्वारा रखे गए सभी बैंक खातों और सावधि जमा का 15 दिनों के भीतर इंटरनल अकाउंटस की जांच करें। अकांउटस विभाग की जांच में यह देखा जाए कि वित्त विभाग के दिशानिर्देशों के अनुसार खाते खोले गए हैं? क्या आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किए गए हैं? क्या किसी सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है?


♦ सरकार को 7 महीने पहले लगी बैंक फ्रॉड की भनक, एसीएस ने लेटर से अलर्ट किया था

यदि सुधारात्मक उपाय आवश्यक पाए जाते हैं, तो उन्हें अगले 15 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिए और 30 जुलाई, 2025 तक वित्त विभाग को एक विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए। यह कार्य आपके लेखा विभाग द्वारा कड़ी निगरानी में किया जाना चाहिए। वित्त विभाग भी विचलनों की सीमा का आकलन करने के लिए अपनी लेखापरीक्षा करेगा। किसी भी गैर-अनुपालन के लिए जवाबदेही तय की जाएगी।

# अरुणाचल की महिलाओं पर नस्लीय कमेंट करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी रूबी जैन और उसके पति हर्ष सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को SC/ST Act के तहत गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने कपल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले मंगलवार को हर्ष सिंह ने न्यूज एजेंसी ANI से कहा कि हम शर्मिंदा हैं। ये सब कुछ हीट ऑफ द मोमेंट में हो गया। हर्ष ने कहा कि मामले में हम दिल्ली पुलिस का पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि उनका ऑफिस पहले दिन से ही पीड़ितों व दिल्ली पुलिस के लगातार संपर्क में है। कहा आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।




रिजिजू ने कहा कि मामले में गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में नॉर्थईस्ट के लोगों के खिलाफ किसी भी तरह के दुर्व्यवहार को अधिकारी गंभीरता से लेते हैं। अगर दिल्ली में नॉर्थईस्ट के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई घटना होती है, तो हम तुरंत कार्रवाई करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं खुद फॉलो-अप कर रहा हूं। हम सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे और सबक सिखाएंगे कि नॉर्थईस्ट के लोगों के साथ बुरा बर्ताव नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि नॉर्थईस्ट के बच्चों को पहले टॉर्चर किया जाता था। वे उन्हें पीटते थे और फेंक देते थे और कोई उनसे सवाल नहीं करता था और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती थी।

# दिल्ली पुलिस ने शिमला से 3 कांग्रेस वर्कर गिरफ्तार किए

एजेंसी, शिमला

दिल्ली पुलिस ने हिमाचल प्रदेश से तीन इंडियन यूथ कांग्रेस वर्कर को बुधवार सुबह शिमला के रोहड़ू से गिरफ्तार किया। पुलिस इन्हें लेकर दिल्ली जा रही थी। हिमाचल पुलिस को जब इसकी भनक लगी तो दिल्ली पुलिस को कंडाघाट के साथ रोका और गिरफ्तार किए तीनों लड़कों को छुड़ाया। इसके बाद शिमला पुलिस ने दिल्ली पुलिस जवानों की आइडेंटिटी जांची और गिरफ्तार किए गए तीनों लड़कों को जिला कोर्ट चक्कर लेकर आई। अब इन्हें चक्कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

हिमाचल ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को अवैध बताकर यह एक्शन लिया है, क्योंकि प्रदेश पुलिस को तीन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं दी गई। इससे हिमाचल और दिल्ली की पुलिस आमने-सामने आ गई है। इस मामले में हिमाचल पुलिस ने अपने मुंह सिल दिए है। SP-DGP तक इस मामले में बोलने को तैयार नहीं है।



सूत्रों के अनुसार- दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई AI समिट 2026 के दौरान टी-शर्ट उतारकर दिल्ली में प्रदर्शन मामले में की है। सूत्र बताते हैं कि जिन इंडियन यूथ कांग्रेस के अरबाज, सौरव और सिदार्थ को गिरफ्तार किया गया है, वह हिमाचल के नहीं और दूसरे राज्यों के है।

# बंगाल एसआईआर-पहचान सत्यापन में एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के दौरान 10वीं या माध्यमिक परीक्षा का एडमिट कार्ड अकेले पहचान के रूप में मान्य नहीं होगा। इसे सिर्फ सहायक (पूरक) दस्तावेज माना जाएगा। एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा जब उसके साथ मार्कशीट भी दी जाए। सीनीयर एडवोकेट डीएस नायडू ने सुप्रीम कोर्ट के सामने मामला उठाते हुए पूछा था कि क्या क्लास 8वीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड अपने आप में पहचान पत्र रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि क्लास 8वीं की मार्कशीट पहचान सत्यापन के लिए मान्य दस्तावेजों में शामिल है। एडमिट कार्ड सिर्फ उसी की पुष्टि के लिए जोड़ा जा सकता है। एडमिट कार्ड सिर्फ सहायक कागज है, यह अकेले पहचान का आधार नहीं बन सकता। पश्चिम बंगाल समेत 12 राज्यों में SIR के फेज 2 के तहत वोटर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया जारी है। यहां पर 28 फरवरी को फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश होगी। बंगाल में प्रक्रिया के दौरान राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच खींचतान चल रही है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट मामले पर सुनवाई कर रहा है।



**अधूरे दस्तावेज 26 फवरी की शाम तक जमा करने का निर्देश:** कोर्ट ने 24 फरवरी 2026 के अपने आदेश का हवाला देते हुए कहा कि जो दस्तावेज अभी तक अपलोड नहीं हुए हैं और 15 फरवरी से पहले मिले थे, उन्हें संबंधित ईआरओ और एईआरओ गुरुवार शाम 5 बजे तक न्यायिक अधिकारियों के सामने पेश करें।

**पास प्रमाणपत्र के बिना एडमिट कार्ड मान्य नहीं:** कोर्ट ने कहा कि जन्मतिथि और पिता का नाम साबित करने के लिए मार्कशीट के साथ एडमिट कार्ड दिया जा सकता है। लेकिन एडमिट कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि जिन लोगों ने परीक्षा नहीं दी या पास नहीं की, उनके पास भी एडमिट कार्ड हो सकता है। इस पर कोर्ट ने साफ किया कि एडमिट कार्ड तभी मान्य होगा, जब उसके साथ पास प्रमाणपत्र भी हो।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159



# जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

» मैच शाम सात बजे शुरू होगा

एजेंसी, चेन्नई




भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां सुपर-8 के अपने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे पर बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 76 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसे सेमीफाइलन की उम्मीदें बनाये रखने के लिए इस मैच में बड़े अंतर से जीत चाहिये। भारतीय टीम के लिए हालांकि ये आसान नहीं है क्योंकि उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ असफल रहे थे। वहीं गेंदबाजी भी खास नहीं रही है। इसके अलावा जिम्बाब्वे का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है उसने लीग स्तर में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया है। ऐसे में उसे कमजोर मानना भूल होगी। दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद भारतीय टीका का रन रेट भी माइनस 3.80 हो गया है। इससे उससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए इस मुकाबले में बड़ी जीत चाहिये। इसके लिए पारी की शुरुआत और तीसरे नंबर की असफलता से उसे उबरना होगा। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा फार्म में नहीं है। वहीं नंबर तीन पर तिलक वर्मा भी अब तक बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। केवल ईशान किशन ने ही अब रन बनाये हैं। ऑफ स्पिनरों के सामने अभिषेक रन नहीं बना पा रहे हैं जिससे भी भारतीय टीम को भारत को नुकसान हो रहा है। इस टूर्नामेंट में चार मैचों में वह केवल 15 रन ही बना सके हैं जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। ऐसे में उनकी जगह पर इस मैच में संजू सैमसन को उतारने की मांग हो रही है। वहीं तिलक को भी अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा। अब तक केवल ईशान ने ही 193 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव का स्ट्राइक रेट 127 रहा है जो उनके टी20 करियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है जिससे ईशान पर काफी दबाव बन गया है। शिवम दुबे और हार्दिक पांड्या ने अब तक अच्छा खेला है और निचले क्रम पर इन दोनो से आगे भी बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीदें हैं। बायें हाथ के तीन बल्लेबाजों ईशान, अभिषेक और तिलक के सामने विरोधी टीमों ने पावरप्ले में आफ स्पिनरों का उपयोग कर इनपर अंकुश लगाने का प्रयास किया है जिसमें वे सफल भी हुई हैं। इस मैच में ऑफ स्पिनरों की रणनीति को विफल करने के लिए संजू सैमसन को अवसर मिल सकता है। उनके आने से दाये और बाएं हाथ की सलामी जोड़ी बेहतर रहेगी। ऐसे में टीम प्रबंधन सूर्यकुमार को तीसरे और तिलक को चौथे नंबर पर उतार सकता है। वैसे चेपॉक की पिच से उन्हें काफी मदद मिल सकती है। जिम्बाब्वे के पास उतना खतरनाक स्पिन आक्रमण भी नहीं है। तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी , रिचर्ड एनगारावा और ब्राड इवांस को हालांकि कम नहीं आंका जा सकता है। गेंदबाजी में भी भारतीय टीम को वरुण चक्रवर्ती , जसप्रीत बुमराह से और बेहतर गेंदबाज की उम्मीद करनी होगी। पिछले मैच में भारतीय गेंदबाजों ने दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट 20 रन पर गिरा दिये थे पर बीच के दौर में कमजोर गेंदबाजी के कारण अफ्रीकी टीम 187 रन बनाने में सफल रही। जिससे भारतीय बल्लेबाज दबाव में आ गयी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वॉशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वे:** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा।

## शास्त्री ने टीम को सही रणनीति और संयोजन से उतरने की सलाह दी

एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का कहना है कि अब टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 में मिली करारी हार से सबक लेते हुए आगे के मैचों में सही संयोजन से उतरना होगा। इस मैच में मिली हार के बाद प्रबंधन के कई फैसलों पर भी सवाल उठे हैं। ऐसे में अब टीम के ऊपर बचे हुए दोनो मैचों को बड़े अंतर से जीतने का दबाब है। शास्त्री का कहना है कि अब टीम को अपने संयोजन पर फिर से विचार करना होगा। शास्त्री ने कहा, "आप लगातार 12 मैच जीतते हैं, तो एक खराब दिन आना तय है। शायद यही वह बदलाव है जिसकी भारत को जरूरत थी। यह टीम को अपनी रणनीति और संयोजन पर फिर से सोचने के लिए मजबूर कर सकता है। इस हार से उन्होंने यह सीख लिया होगा कि अब चीजों को हल्के में नहीं लिया जा सकता है क्योंकि सुपर 8 में अगर एक और मैच हारते हैं तो बाहर हो जाएंगे।" दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल की जगह पर टीम ने वाशिंगटन सुंदर को अवसर दिया पर सुंदर असफल रहे। अब अक्षर को वापस टीम में लाने की मांग बढ़ रही है। वहीं शास्त्री चाहते हैं कि सुंदर को भी टीम से बाहर न किया जाए। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि उन्हें अक्षर को वापस लाना चाहिए। आपको उनका अनुभव चाहिए। मैं कहूंगा कि दोनों को खिलाएं। स्वयं को एक अतिरिक्त विकल्प दें। किसी भी दिन एक गेंदबाज का खराब दिन हो सकता है, जैसे रविवार को वरुण चक्रवर्ती का हुआ था। वह अपने सर्वश्रेष्ठ पर नहीं थे और इसका नुकसान टीम को हुआ। ""अगर अक्षर पटेल खेल रहे हैं, तो वह नंबर 8 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।,"

## तिलक को कोहली जैसी भूमिका निभानी चाहिये : कैफ


एजेंसी, मुम्बई



पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने बल्लेबाज तिलक वर्मा से कहा है कि वह विराट कोहली की तरह पारी को संवारने की भूमिका निभाऐं। कैफ का मानना है कि तिलक को तेजी से खेलने की जगह अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिये। वहीं टीम प्रबंधन को भी ये स्पष्ट रूप से बताना चाहिए कि उनकी भूमिका कैसी होगी है। कैफ ने कहा कि हर टीम को एक ऐसे बल्लेबाज की जरूरत होती है जो पारी को संभाले और अंत तक लेकर जाए। उनका मानना है कि तिलक में वह क्षमता है और उन्हें उसी जिम्मेदारी पर ध्यान देनी की बात कही जानी चाहिए। एशिया कप में शानदार प्रदर्शन कर भारतीय टीम को जीत दिलाकर तिलक ने दिखाया था कि वह दबाव में लंबी पारी खेल सकते हैं पर टी20 विश्वकप में अपने कमजोर प्रदर्शन के कारण वह आलोचकों के निशाने पर हैं। तिलक इस बार पांच मैचों में 118 के स्ट्राइक रेट से 107 रन ही बना पाये है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 मैच में तेजी से खेलने के प्रयास में उन्होंने शुरुआत में ही विकेट गंवा दिया। इसी को देखते हुए कैफ का मानना है कि उन्हें आक्रामक रुख अपनाने की जरुरत नहीं है। इसके लिए टीम में कई अन्य बल्लेबाज हैं। कैफ ने तिलक को विराट की भूमिका अपनाने की सलाह दी। कोहली टी20 क्रिकेट में आम तौर पर एक छोर संभले रहते थे। वह पारी को संभलते हुए जरूरत पड़ने पर शॉट भी लगा देते थे। तिलक अगर इसी भूमिका पर बरकरार रहते हैं, तो वे टीम के लिए अधिक उपयोगी साबित हो सकते हैं। स्ट्राइक रेट का दबाव हर खिलाड़ी पर होता है, लेकिन अपनी शैली से समझौता करना हमेशा सही रणनीति नहीं होती।कैफ के अनुसार, अगर पूरी टीम ही आक्रमाक तेज खेलने की कोशिश करेगी तो विकेट जल्दी गिर सकते हैं। इसलिए संतुलन बनाना जरूरी है।

## बाबर आजम विश्वकप में सबसे धीमी बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी बने

एजेंसी, कोलंबो



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बल्लेबाज बाबर आजम ने टी20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 24 गेंदों पर 25 रनों रन ही बनाये। इस दौरान बाबर केवल दो चौके ही लगा पाये और उनका स्ट्राइक रेट 104.17 का था। इसके साथ ही उनके नाम सबसे धीमी बल्लेबाजी का अनचाह रिकार्ड दर्ज हो गया है। यह पहली बार नहीं है जब बाबर ने इतनी धीमी बल्लेबाजी की है। विश्वकप में अगर धीमी बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ियों की सूची पर नजर डालें तो उनमें सबसे खराब स्ट्राइक रेट बाबर का ही है। शीर्ष-5 बल्लेबाजों की इस सूची में दो और पाकिस्तानी भी मौजूद हैं। बाबर ने साल 2021 में इस टूर्नामेंट में डेब्यू किया था। तब से लेकर वह अभी तक 23 पारियां में उन्होंनें 640 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट मात्र 111.5 का रहा है, जो कम से कम टी20 वर्ल्ड कप में 500 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में सबस कम है। बाबर आजम ने इस सूची मे अपने ही देश के मोहम्मद हफीज को ही पीछे छोड़ दिया है। हफीज का टी20 वर्ल्ड कप में स्ट्राइक रेट 111.8 का था। सूची में तीसरे नंबर पर पाकिस्तान के ही मोहम्मद रिजवान है। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में 113 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। वहीं श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 112.2 - जबकि न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने 112.5 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये।

## पाकिस्तानी खिलाड़ियों के भविष्य पर ईसीबी की सफाई, द हंड्रेड में भेदभाव से किया इनकार

एजेंसी, नई दिल्ली




पाकिस्तानी खिलाड़ियों को द हंड्रेड टूर्नामेंट की चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को यह स्पष्ट किया। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि भारत के स्वामित्व वाली कुछ फ्रेंचाइज़ियां राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर सकती हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में शामिल चार भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइज़ियां — मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, एमआई लंदन, साउदर्न ब्रेव और सनराइजर्स लीड्स — अगले महीने होने वाली नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर विचार नहीं कर रही हैं। द हंड्रेड के आगामी सीज़न के लिए कुल 67 पाकिस्तानी खिलाड़ियों (63 पुरुष और 4 महिला) ने अपना नाम चयन हेतु पंजीकृत कराया है। ईसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, "इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड तथा द हंड्रेड की सभी आठ फ्रेंचाइज़ियां इस बात की पुनः पुष्टि करती हैं कि यह प्रतियोगिता समावेशी, स्वागतयोग्य और सभी के लिए खुली रहेगी। सभी टीमें चयन केवल क्रिकेट प्रदर्शन, उपलब्धता और टीम की जरूरतों के आधार पर करेंगी।" गौरतलब है कि कूटनीतिक तनाव के चलते पाकिस्तानी खिलाड़ी वर्ष 2009 के बाद से इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा नहीं ले पाए हैं। अब जब आईपीएल मालिक विभिन्न देशों की लीगों में भी टीमों के मालिक हैं, तो आशंका जताई जा रही थी कि अन्य टूर्नामेंटों में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के अवसर सीमित हो सकते हैं। द हंड्रेड की नीलामी 11 और 12 मार्च को लंदन में आयोजित की जाएगी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन भी उन लोगों में शामिल रहे जिन्होंने इन अफवाहों के बाद ईसीबी से हस्तक्षेप की मांग की थी। वॉन ने कहा, "वे इस लीग के मालिक हैं और ऐसा होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यदि क्रिकेट को देश का सबसे समावेशी खेल बनाना है, तो इस तरह की स्थिति स्वीकार्य नहीं हो सकती।"

## संक्षिप्त

### एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर की तैयारियों में लगी है भारतीय टीम

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम आजकल मुख्य कोच शॉर्ड मारिन के मार्गदर्शन में एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर की तैयारियों में लगी है। टीमें में शामिल उभरती हुई मिडफील्डर साक्षी राणा भी अभ्यास में लगी हुई है और अपनी ओर से और बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है। साक्षी का कहना है कि वह हर दिन यही सोचकर मैदान पर उतरती हैं कि उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। इस शिविर में मुख्य कोच मारिन के अलावा वैज्ञानिक सलाहकार वेन लोम्बार्ड भी खिलाड़ियों की सहायता कर रहे हैं। वहीं साक्षी ने कहा, हर दिन मैं यह सोचकर बाहर निकलती हूं कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। अगर मैं क्वालिफाइंग राउंड में खेलती हूं, तो मेरा लक्ष्य टीम की जीत में योगदान देना है। आजकल हम हर दिन अभ्यास कर रहे हैं और कोच द्वारा बनायी योजना को पूरी तरह लागू करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोचिंग स्टाफ टीम की कमजोरियों पर विशेष ध्यान दे रहा है। फिटनेस, ताकत और रिकवरी पर लगातार काम हो रहा है। लोम्बार्ड खिलाड़ियों को शारीरिक क्षमता और रिकवरी के महत्व को समझा रहे हैं। साक्षी ने कहा कि सीनियर खिलाड़ियों से भी पूरा सहयोग मिल रहा है। टीम में सकारात्मक माहौल है और सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कोच ने साक्षी को मैदान में संवाद शैली भी ठीक करने को कहा है। वह सेंटर मिडफील्ड में खेलती हैं, इसलिए खेल को तेजी से पढ़ना और सही समय पर पास देना उसके लिए सबसे जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव तेजी से बनता है, ऐसे में समय पर फैसला लेना भी जरुरी है। भारतीय टीम को पहले क्वालिफायर में 8 मार्च को तेलंगाना के हैदराबाद में उरुग्वे से खेलना है।

## यौन उत्पीड़न के आरोपों से हिली इटली की क्रिकेट, महिला समन्वयक निलंबित

एजेंसी, नई दिल्ली



टी-20 विश्व कप में ऐतिहासिक पदार्पण के कुछ ही दिनों बाद इटली क्रिकेट में उस समय बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जब महिला टीम की एक खिलाड़ी ने महिला क्रिकेट समन्वयक प्रभात एकनेलिगोड़ा पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए। इन आरोपों के बाद इटली क्रिकेट बोर्ड फेडेराज़ियोने क्रिकेट इटालियाना (एफसीआरआई) ने प्रभात एकनेलिगोड़ा को निलंबित कर दिया है। एफसीआरआई द्वारा मंगलवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इन आरोपों की जांच संघीय अभियोजक कार्यालय द्वारा की जा रही है। बयान के अनुसार, वर्ष 2025 के दौरान महासंघ की अध्यक्ष ने अपने संस्थागत दायित्वों के तहत संबंधित अधिकारी को सभी संघीय जिम्मेदारियों और गतिविधियों से तत्काल प्रभाव से एहतियातन निलंबित करने का आदेश दिया। बयान में कहा गया, "यह निर्णय परिस्थितियों की विस्तृत और अंतिम समीक्षा तक एहतियाती कदम के रूप में लिया गया है। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की अटकलों को रोकना, खेल वातावरण की गरिमा बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि तथ्यों की जांच उचित मंच पर व्यक्तिगत सम्मान, विधिक प्रक्रिया और निर्दोषता की धारणा के साथ हो।" मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रभात एकनेलिगोड़ा के वकील ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि इन आरोपों के पीछे "अन्य उद्देश्य" हो सकते हैं। बोर्ड के मीडिया प्रबंधक रकबीर हसन ने पुष्टि की कि टी-20 विश्व कप के दौरान प्रभात एकनेलिगोड़ा, बोर्ड अध्यक्ष मारिया लोरेना हाज़ पाज़ के साथ भारत और श्रीलंका की यात्रा पर गए थे, हालांकि उनके पास कोई आधिकारिक जिम्मेदारी नहीं थी। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि संघीय अभियोजक कार्यालय के समक्ष कार्यवाही जारी है और खेल नियमों के तहत आवश्यक जांच और मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है।

## आईआईएस दंगल चैंपियनशिप का शानदार अंदाज में समापन, निशु और यश का रहा जलवा

एजेंसी, हिसार (हरियाणा)




इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) दंगल चैंपियनशिप 2026 का समापन शानदार अंदाज में हुआ, जहां अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता निशु और यश ने अपने-अपने भार वर्ग में खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं। आईआईएस द्वारा पारले-जी के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में रिकॉर्ड 300 से अधिक प्रविष्टियां मिलीं, जबकि करीब 240 पहलवानों ने नौ भार वर्गों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन शहीद मदन लाल धींगरा बहुउद्देशीय हॉल, गिरी सेंटर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में किया गया। 53 किलोग्राम वर्ग की पहलवान निशु, जिन्होंने हाल ही में सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में नजर आईं और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं 74 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर रहे यश ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। निशु को 31,000 रुपये और यश को 51,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता में आईआईएस के कई प्रमुख पहलवानों ने भी भाग लिया, जिनमें काजल (+62 किग्रा), निशु (53 किग्रा), सूरज (60 किग्रा ग्रीको-रोमन, अंडर-17 विश्व स्वर्ण पदक विजेता), सुमित (60 किग्रा ग्रीको-रोमन, अंडर-20 विश्व कांस्य पदक विजेता) और सुमित मलिक (57 किग्रा फ्रीस्टाइल, अंडर-20 विश्व कांस्य पदक विजेता) शामिल रहे। पूरी चैंपियनशिप एक ही दिन में तीन मैट पर समानांतर मुकाबलों के साथ आयोजित की गई, जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों को लगातार रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। महिला कोच कोसेई अकाइशी और उच्च प्रदर्शन निदेशक गैरी हॉल भी प्रतिभाओं को परखने के लिए मौजूद रहे। साई-आईआईएस हिसार केंद्र के संचालन प्रमुख सत्य प्रकाश ने कहा, "यह आयोजन उभरते सितारों के लिए बेहतरीन मंच है। राष्ट्रीय शिविर के बीच आयोजन चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इससे नई पीढ़ी को वरिष्ठ स्तर पर खेलने का अवसर मिला।" वहीं उच्च प्रदर्शन निदेशक गैरी हॉल ने कहा, "यह दंगल युवा पहलवानों के लिए खुद को परखने और निखारने का शानदार अवसर है।"

**प्रमुख परिणाम (वरिष्ठ वर्ग)**

**फ्रीस्टाइल**

**57 किग्रा:** स्वर्ण – सतेंद्र (हरियाणा), रजत – रोहित (हरियाणा)

**74 किग्रा:** स्वर्ण – यश (दिल्ली), रजत – अंकित जसमेर (हरियाणा)

**125 किग्रा:** स्वर्ण – रोहित (हरियाणा), रजत – दीपक (हरियाणा)

**ग्रीको-रोमन**

**60 किग्रा:** स्वर्ण – सूरज (हरियाणा)

**77 किग्रा:** स्वर्ण – विकास (हरियाणा)

**130 किग्रा:** स्वर्ण – विपिन (दिल्ली)

**महिला कुश्ती**


**53 किग्रा:** स्वर्ण – निशु (हरियाणा)

**62 किग्रा:** स्वर्ण – अंजलि (हरियाणा)

**76 किग्रा:** स्वर्ण – चंचल (हरियाणा)

## चैंपियंस लीग: बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को चौंकाया, पहली बार अंतिम-16 में प्रवेश

एजेंसी, मिलान



नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने मंगलवार को सैन सिरो स्टेडियम में खेले गए प्लेऑफ के दूसरे चरण में पिछले सत्र के उपविजेता इंटर मिलान को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस जीत के साथ बोडो/ग्लिम्ट ने कुल 5-2 के अंतर से मुकाबला अपने नाम करते हुए पहली बार चैंपियंस लीग के अंतिम-16 चरण में जगह बना ली। पहले चरण में बोडो में 3-1 की जीत से बढ़त बनाने वाली नॉर्वेजियन टीम ने दूसरे चरण में भी दबदबा बनाए रखा। मैच के 58वें मिनट में येन्स पेट्टर हाउगे ने गोलकीपर द्वारा रोके गए शॉट पर रिबाउंड को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके 14 मिनट बाद हाकॉन एवजेन ने सटीक दाएं पैर के शॉट से स्कोर 2-0 कर मुकाबला लगभग तय कर दिया। आर्कटिक सर्कल क्षेत्र से आने वाली इस टीम की इस सत्र में परीकथा जैसी यात्रा रही है। लीग चरण के अंतिम दो मुकाबलों में मैनचेस्टर सिटी और एटलेटिको मैड्रिड पर शानदार जीत दर्ज कर टीम प्लेऑफ में पहुंची थी। इंटर के खिलाफ पहले चरण की जीत के बाद बोडो/ग्लिम्ट ने लगातार तीसरी जीत हासिल की और वही शुरुआती एकादश दूसरे चरण में भी उतारी।

**शुरुआत में इंटर का दबदबा-** इंटर मिलान ने आक्रामक शुरुआत की। पियो एस्पोसिटो ने शुरुआती मिनटों में हेडर से मौका बनाया, जबकि 15वें मिनट में मार्कस थुराम का कर्व शॉट गोल के करीब से बाहर गया। घरेलू टीम ने पहले हाफ में लगातार दबाव बनाया, लेकिन मध्यांतर तक स्कोर 0-0 रहा। दूसरे हाफ में भी इंटर ने दबाव बनाए रखा। हैंडबॉल की अपील पर रेफरी ने पेनल्टी नहीं दी और वीडियो सहायक रेफरी ने भी निर्णय बरकरार रखा। 58वें मिनट में ओले डिड्रिक ब्लोमबर्ग ने इंटर के क्षेत्र में ढीली पास पर कब्जा जमाया और गोल की ओर बढ़े। यान सोमर ने उनका शॉट रोक दिया, लेकिन हाउगे ने तेजी दिखाते हुए रिबाउंड को गोल में बदल दिया। 72वें मिनट में एवजेन ने सटीक शॉट लगाकर परिणाम लगभग तय कर दिया। 77वें मिनट में एलेस्सांद्रो बास्तोनी ने इंटर के लिए एक गोल जरूर किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस जीत के साथ बोडो/ग्लिम्ट चैंपियंस लीग के नॉकआउट दौर से आगे बढ़ने वाला पहला नॉर्वेजियन क्लब बन गया और उसने यूरोपीय फुटबॉल में नया इतिहास रच दिया।

## आईपीएल के कारण टी20 क्रिकेट का बेहतर खिलाड़ी बना हूं : एनगिडी

एजेंसी, मुम्बई



दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खेलने का लाभ उन्हें मिला है। एनगिडी के अनुसार आईपीएल में मिले अनुभवों से ही उनकी गेंदबाजी बेहतर हुई है। इस तेज गेंदबाज के अनुसार टी20 अंतरराष्ट्रीय नहीं बल्कि आईपीएल के कारण उनका गेंदबाजी कौशल बेहतर हुआ है। वह 2018 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ जुड़े थे और इस दौरान उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला। इस दौरान उन्होंने वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो से धीमी गेंद की बारीकियां सीखी और तब से उनकी गेंदबाजी भी बदल गयी। इसी कारण वह इस बार विश्वकप में अच्छी गेंदबाजी करने में सफल रहे हैं। एनगिडी के अनुसार जब वह पहली बार आईपीएल खेलने के लिए उतरे तो उस सत्र में उन्हें ज्यादा अवसर नहीं मिले थे पर नेट्स में समय बिताने से उनकी गेंदबाजी निखर गयी। एनगिडी ने कहा कि उन्होंने धीमी गेंद, यॉर्कर, बैक ऑफ लेंथ स्लोअर डिलीवरी और धीमी बाउंसर पर लगातार काम किया। उन्होंने कहा कि एक ही एक्शन से अलग-अलग लेंथ और गति से गेंदबाजी आसान नहीं होती पर अभ्यास से से उनके लिए आसन हुआ है। बल्लेबाज के लिए अगली गेंद का अंदाजा लगाना कठिन बनाना ही उनका लक्ष्य रहता है। स्वदेश लौटने के बाद उन्होंने इस कौशल को बेहतर बनाने पर काम किया है। इसी कारण वह टी20 प्रारूप में अधिक प्रभावी गेंदबाज बन पाये हैं। एनगिडी ने भारतीय टीम के खिलाफ मुकाबल में भी कसी हुई गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में केवल 15 रन देकर भारतीय टीम पर दबाव बना था। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को उनकी गेंदों की दिशा और गति समझने में परेशानी हुई। एनगिडी ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर ऑफ-कटर की जगह लेग कटर का इस्तेमाल किया

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026





# टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को दें दिशा

**अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने जा रहे हैं। टनल इंजीनियरिंग का कोर्स कर आप महीने के लाखों रुपए कमा सकते हैं।**

दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वाले लोगों का टनल से तो वास्ता जरूर होता होगा। टनल ट्रांसपोटेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का हमेशा से एक अभिन्न अंग रहा है। इंजीनियर और एक्सपर्ट्स मिलकर टनल को तैयार करते हैं। सिविल इंजीनियरिंग का ही एक पार्ट टनल इंजीनियरिंग है। यह जियोटेक्निकल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग का एक कॉम्बिनेशन होता है। बता दें कि टनल इंजीनियर को चट्टानों व मिट्टी की काफी अच्छी समझ होती है। आपको बता दें कि आप टनल इंजीनियरिंग कर अपने भविष्य को एक दिशा दे सकते हैं। अगर टनल इंजीनियर शब्द आपके लिए नया है, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि टनल इंजीनियर कैसे बनते रहैं, इसके लिए कौन सा कोर्स करना चाहिए और इसमें जॉब की क्या संभावनाएं होती हैं।

## योग्यता

यदि कोई युवा इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहता है, तो उसको सबसे पहले सिविल इंजीनियरिंग में बैचलर डिग्री प्राप्त करनी होगी। इसके बाद वह टनल कंस्ट्रक्शन में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। वहीं सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक या एमटेक करने के बाद आप टनल बोरिंग की तकनीकों में जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों के विश्वविद्यालय टनल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा और सर्टिफिकेशन कोर्स ऑफर करते हैं। इसके अलावा बीटेक-एमटेक करने के बाद भी आप टनल इंजीनियर बनने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं।

## सैलरी

भारत देश में एक टनल इंजीनियर की एवरेज सैलरी करीब 1,73,615 रुपए के महीने के आसपास होती है। हांलाकि नॉलेज, स्किन और एक्सपीरियंस के हिसाब से ग्रोथ मिलती रहती है। ऐसे में युवा इस फील्ड में अपना शानदार करियर बना सकते हैं।





# ई-मेल मार्केटिंग में बना सकते हैं शानदार कॅरियर

**आज के समय में कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना शानदार कॅरियर बना सकते हैं।**

वर्तमान समय में ईमेल के जरिए हर कंपनी मार्केटिंग अभियानों को कस्टमर तक पहुंचाने का काम कर रही हैं। आपको बता दें कि ग्राहकों के लिए ई-मेल मार्केटर ऐसी कॉपी लिखते हैं। जो कस्टमर को कंपनी के साथ इंगेज कर सके। इसके लिए ईमेल मार्केटर हर ईमेलर के लिए स्ट्रैटली तैयार करते हैं। वह कंटेट से लेकर ग्राफिक्स तक तैयार करवाते हैं। इस काम के लिए कंपनियां बड़ी संख्या में डिजिटल कंटेट राइटर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर और लीड ईमेल कंटेंट मार्केटर हायर करती हैं।

ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाकर घर बैठे काम सीख सकते हैं। इसके जरिए कंपनियां हफ्ते भर में होने वाली गतिविधियां न्यूजलेटर के जरिये ग्राहकों को हर हफ्ते भेजती रहती हैं। जिस कारण ईमेल मार्केटिंग आज एक बड़ी फील्ड के तौर पर उभरा है। ऐसे में अगर आप भी ईमेल मार्केटिंग करना जानते हैं, तो आप इस फील्ड में आसानी से लाखों का पैकेज उठा सकते हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए आप डिजिटल मार्केटिंग कोर्स कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको इस फील्ड से संबंधित सारी जानकारी देने का प्रयास कर रहे हैं।

## क्या होती है ई-मेल मार्केटिंग

आपको बता दें कि यह एक कमर्शियल मैसेज की तरह होता है, जिसके इस्तेमाल से कंपनी सीधे तौर पर कस्टमर को टारगेट करती है। इसकी मदद से कंपनी कस्टमर को अपने उत्पाद के बारे में जानकारी देने के साथ उसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को बढ़ाने का काम करती है। यही कारण है कि ई मेल मार्केटिंग का कन्वर्जन रेट बाकी मार्केटिंग तरीकों की तुलना में ज्यादा होता है। वहीं कुछ टूल्स और सॉफ्टवेयर की मदद से आप इस काम को घर बैठे भी कर सकते हैं। ई-मेल मार्केटिंग में आप एक साथ सैकड़ों लोगों को कंपनी का मेल भेज सकते हैं।

## ई-मेल मार्केटिंग का लक्ष्य

- अपने बिजनेस वेबसाइट को प्रमोट करना
- नए ऑफर्स की जानकारी कस्टमर्स को देना
- अपने उत्पादों को उपभोक्ता तक पहुंचाना
- अपने वेबसाइट का ट्रैफिक बढ़ाना

## कैसे करें ई-मेल मार्केटिंग

अगर आप भी इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो आपके पास ई-मेल अकाउंट होना चाहिए। वर्तमान समय में तमाम कंपनियां ई-मेल के जरिए अपने मार्केटिंग अभियान को चलाती हैं। इस फील्ड में जाने के लिए आपके पास ई-मेल लिस्ट, मार्केटिंग टूल्स सेटअप होने के साथ ई मेल टेम्प्लेट भी होना भी जरूरी है।

## ई-मेल मार्केटिंग कोर्स के लाभ

- ई-मेल मार्केटिंग के जरिए आप अपने बिजनेस या उत्पाद को प्रमोट कर सकते हैं।
- एक ही समय में आप कई लोगों को ई-मेल भेजने का काम कर सकते हैं।
- साथ ही आपके मेल को किसने देखा और किसने स्पैम किया, आप इसकी भी जानकारी ले सकते हैं।
- बता दें कि इसका कनवर्जन रेट काफी ज्यादा है।
- आप बेहद कम बजट के साथ यह मार्केटिंग कर सकते हैं।
- इसमें कस्टमर डायरेक्ट कंपनी से संवाद कर सकते हैं।

## सैलरी

आपको बता दें कि इस फील्ड में कॅरियर बनाने वाले युवाओं को सालाना 6 लाख रुपए तक का पैकेज मिलता है। वहीं एक्सपीरियंस बढ़ने के साथ ही सैलरी में इंक्रिमेन्ट होता रहता है।

## कोर्स की खासियत

- गूगल सर्टिफाइड अनुभवी फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- 100 घंटे लाइव इंटरेक्टिव क्लासेस
- एक्सपर्ट्स के साथ मास्टर क्लास
- 100 फीसद प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 20 से ज्यादा लर्निंग टूल्स
- 8+ लाइव प्रोजेक्ट्स
- कम्प्लीमेंट्री कोर्स-सॉफ्ट स्किल्स

## कॅरियर को मिलेगी नई दिशा

युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए कई स्किल ओरिएंटेड शॉर्ट, प्रोफेशनल और और लॉन्ग टर्म कोर्सेज की शुरुआत की गई है। बता दें कि डिजिटल मार्केटिंग के अलावा कई ऐसे कोर्स हैं, जिनको करके युवा अपने कॅरियर को नई दिशा दे सकते हैं।





# कंटेंट मार्केटिंग के जरिए हर कंपनी बन रही बेस्ट
## युवाओं के लिए हैं कई अवसर

**कोई भी कंपनी अपने प्रोडक्ट का प्रचार करने के लिए कंटेंट का सहारा लेती है। कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है।**

अगर आप भी हर रोज अपने मोबाइल में तमाम विभिन्न कंपनियों द्वारा भेजे गए दर्जनों मैसेज, नोटिफिकेशन्स और व्हाट्सअप मैसेज और ईमेल्स को देखते होंगे। यह कंपनी द्वारा अपने प्रोडक्ट के लिए प्रचार करने का एक हिस्सा होता है। जिसे कंपनी के लिए काम करने वाले कंटेंट राइटर्स द्वारा किया जाता है। एक सर्वे के मुताबिक किसी भी कंपनी को तेजी से ग्रोथ पाने के लिए कंटेंट की जरूरत होती है। कंटेंट के जरिए ही बिजनेस लोगों के बीच पहचाना जाता है, जो धीरे-धीरे ब्रांड बन जाता है। यही कारण है कि साल 2026 तक कंटेंट मार्केटिंग का सेक्टर अपने वार्षिक रिवेन्यू को डबल करने जा रहा है। वहीं अगर साल 2023 के कंटेंट मार्केटिंग रिवेन्यू की बात की जाए, तो सिर्फ कंटेंट मार्केटिंग कंपनियों ने 66 बिलियन यूएस डॉलर गेन करने का काम किया है। ऐसे में अगर आप भी ग्रेजुएट हैं और अपने के लिए एक अच्छी नौकरी की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

## कंटेंट मार्केटिंग में स्कोप

- वर्तमान समय में कंटेंट ही किंग है।
- हर फील्ड की कंपनियां अपने कस्टमर से कनेक्ट करने के लिए कंटेंट का सहारा लिया जाता है।
- साल 2019 से 80% कंपनियां कंटेंट के जरिए मार्केटिंग कर रही हैं।
- साल 2021 में 97% कंपनियां कंटेंट के माध्यम से मार्केटिंग करना शुरू कर चुकी हैं।
- वहीं 40% मार्केटर्स ने साल 2022 में कंटेंट मार्केटिंग का बजट बढ़ाया है।
- जो युवा इस फील्ड में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उनको आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। एक्सपीरियंस के साथ ही सैलरी बढ़ती रहती है।
- बता दें कि कंटेंट मार्केटर की शुरूआती सैलरी 25,000 रुपए महीना होती है।

## कस्टमर को कैसे दें प्रोडक्ट की जानकारी

हर फील्ड में कंपनी या प्रोडक्ट के बारे में ग्राहकों को कई तरीके से जानकारी दी जाती है। आप वीडियो, जीआईएफ, ब्लॉग पोस्ट, इंफोग्रॉफिक, ईमेल न्यूजलेटर के जरिए कस्टमर को प्रोडक्ट की जानकारी दे सकते हैं। वहीं कस्टमर को जागरुक करने का सबसे प्रभावी तरीका प्रोडक्ट के बारे में तैयार किया गया ऑडियो विजुअल फॉर्मेट है। जोकि सबसे ज्यादा प्रचलन में है।

## डिजिटल मार्केटिंग प्रोग्राम की खूबी


डिजिटल मार्केटिंग कोर्स बाकी संस्थानों की अपेक्षा कम कीमत में मिलता है। इस फील्ड में आपको 40 से अधिक टूल्स और मॉड्यूल्स के बारे में सिखाया जाता है। इसके अलावा आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, कंटेंट राइटिंग, गूगल एड, ई-मेल मार्केटिंग, फेसबुक एड, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ग्रॉफ़िक्स डिजाइन, एंटरप्रेंन्योरशिप स्किल भी सिखाई जाती हैं। इसमें कैंडिडेट को स्पोकन इंग्लिश की ट्रेनिंग दी जाती है। साथ ही कैंडिडेट को 2 महीने की ऑन जॉब ट्रेनिंग भी दी जाती है।

## जॉब

- पे पर क्लिक एक्सपर्ट्स
- सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन
- सोशल मीडिया मैनेजर
- एफिलिएट मार्केटिंग
- गूगल एड एक्सपर्ट्स
- ई-मेल मार्केटिंग

# मेधावी छात्रों को कोलगेट दे रहा बंपर स्कॉलरशिप

**कोलगेट सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे।**




कोलगेट देश की सबसे बड़ी दंत मंजन कपनियों में से एक है। यह कंपनी सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इस प्रोग्राम का नाम कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम है। इस योजना के तहत मेधावी छात्रों को अपने सपने को पूरा करने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा मेधावी छात्रों को उचित मेंटरशिप भी प्रदान करता है।

आपको बता दें कि कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग फाउंडेशन के तहत उम्मीदवारों का चयन विभिन्न स्कॉलरशिप के लिए किया जाता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए 11वीं कक्षा से लेकर ग्रेजुएशन तक के छात्र आवेदन कर सकते हैं। हांलाकि अलग-अलग क्लास के लिए अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएं हैं।

## क्वालिफिकेशन

- इस स्कॉलरशिप का लाभ वर्तमान में बीडीएस पाठ्यक्रम के किसी भी वर्ष में नामांकित छात्र ले सकते हैं।
- छात्रों को न्यूनतम 60% अंकों के साथ कक्षा 12 की परीक्षा पास होना अनिवार्य है।
- आवेदन के इच्छुक उम्मीदवारों का किसी भी मान्यता प्राप्त सरकारी या प्राइवेट स्नातक बीडीएस संस्थान में नामांकित होना चाहिए।
- छात्र के परिवार की सालान वार्षिक आय 8 लाख से कम होनी चाहिए।
- यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम का लाभ सिर्फ भारतीय नागरिकों के लिए है।

## डॉक्यूमेंट्स


- आवेदक का पासपोर्ट आकार का फोटो
- आय प्रमाण (फॉर्म 16ए/सरकारी प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र/बीपीएल प्रमाण पत्र/वेतन पर्ची, आदि)
- छात्रवृत्ति आवेदक का बैंक खाता विवरण (रद्द चेक/पासबुक कॉपी)
- प्रवेश का प्रमाण (कॉलेज आईडी कार्ड/बोनाफाइड प्रमाणपत्र, आदि)
- पिछली कक्षा की मार्कशीट या ग्रेड कार्ड
- वर्तमान शैक्षणिक वर्ष की शुल्क रसीद
- फोटो पहचान प्रमाण (आधार कार्ड)
- विकलांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)

## स्कॉलरशिप का लाभ

इस स्कॉलरशिप प्रोग्राम के तहत 11वीं के छात्रों को 2 साल तक 20,000 रुपए, ग्रेजुएशन व डिप्लोमा धारक छात्रों को तीन सालों तक 30,000 रुपए, अंडरग्रैजुएट/इंजिनियरिंग के स्टूडेंट्स को 4 सालों तक 30,000 रुपए, वोकेशनल कोर्स कर रहे छात्रों को 1 साल तक 20,000 रुपए और स्पोर्ट्सपर्सन को 3 सालों तक 75-75 हजार रुपये मिलेगा।

RNI : JHAHIN/2014/54374
हिन्दी दैनिक
Rashtria Mukhyadhara
राष्ट्रीय मुख्यधारा
राष्ट्रवादी चेतना प्रवर्त्तक
https://rashtriyamukhyadhara.com/
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
बोकारो, गुरुवार, 26 फरवरी, 2026





# 'वाराणसी' को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं प्रियंका चोपड़ा

**प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। लेकिन अभिनेत्री एसएस राजामौली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'वाराणसी' को लेकर काफी उत्साहित हैं।**

प्रियंका इस फिल्म से भारतीय सिनेमा में वापसी कर रही हैं। यही कारण है कि प्रियंका 'वाराणसी' को अपने लिए काफी खास फिल्म मानती हैं। प्रियंका चोपड़ा हाल ही में पति निक जोनस के साथ 'द ब्लफ' के वर्ल्ड प्रीमियर में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने 'वाराणसी' को लेकर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने इसे करियर-डिफाइनिंग बताते हुए कहा कि 'वाराणसी' उनके लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। सात साल बाद किसी भारतीय फिल्म से दूर रहने के बाद, इस फिल्म को पहले से ही आने वाले समय की सबसे बड़ी सिनेमाई घटनाओं में से एक माना जा रहा है। प्रियंका ने निर्देशक राजामौली को भारत के सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्माताओं में से एक बताया। साथ ही कहा कि वो अपनी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं।

## अगले साल 7 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

एसएस राजामौली द्वारा निर्देशित 'वाराणसी' की घोषणा पिछले साल की गई थी। हैदराबाद में फिल्म का एक बड़ा इवेंट हुआ था, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई थी। इस फिल्म में महेश बाबू रुद्र के किरदार में नजर आएंगे। वो फिल्म में भगवान राम के अवतार में भी दिखाई देंगे। इसके अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन की भूमिका निभाएंगे, उनके किरदार का नाम कुंभा है। जबकि प्रियंका चोपड़ा फिल्म में मंदाकिनी के किरदार में दिखाई देंगी। 'वाराणसी' 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# अरेंज मैरिज को भी तैयार हैं मृणाल ठाकुर; खुद को बताया धनुष की बड़ी फैन

मृणाल ठाकुर इन दिनों हालिया रिलीज फिल्म 'दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चाओं में हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री अपनी शादी की खबरों को लेकर भी लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस बीच मृणाल का धनुष के साथ भी लगातार नाम जोड़ा जा रहा है। हालांकि, अभिनेत्री लगातार इन खबरों का खंडन करती रही हैं। अब अभिनेत्री ने एक बार फिर शादी और धनुष से अफेयर की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही बताया कि घर में उनकी शादी को लेकर माता-पिता की क्या राय है। बातचीत में मृणाल ने बताया कि घर में शादी को लेकर चर्चाएं अब आम बात हो गई हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता के मन में शादी की घंटियां बजती रहती हैं, मानो वे दिन में सपने देख रहे हों। कल रात ही पापा ने मुझसे कहा, 'अब तुम्हें शादी कर लेनी चाहिए।' मैंने कहा, 'क्यों न आप अपनी बहन को फोन करके पूछें कि क्या वह आपकी बेटी के लिए कोई अच्छा लड़का जानती है?' उन्होंने पूछा, 'लड़का कहां है?' मैंने कहा, 'बिल्कुल - लड़का कहां है?' अगर आप मुझसे ही यह सवाल पूछ रहे हैं, तो मैं क्या कहूं? यही तो हर घर की कहानी है।


## अरेंज मैरिज से मृणाल को नहीं कोई दिक्कत

अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे तयशुदा शादी से बिल्कुल भी डर नहीं लगता, क्योंकि मेरे लिए कोई सही रिश्ता मिलता ही नहीं है। हां, इतना तय है कि शादी सिर्फ दिखावे के लिए नहीं की जानी चाहिए। पहले, अरेंज मैरिज का मतलब होता था कि माता-पिता आपका परिचय किसी से करवाते थे। अब तो दोस्त भी लोगों का रिश्ता करवा देते हैं। यह भी एक तरह का अरेंजमेंट ही है। अंततः मायने यह रखता है कि चाहे प्यार हो या अरेंज मैरिज, अगर दो लोग एक-दूसरे से जुड़ते हैं और उनके बीच तालमेल बैठता है, तो वही मायने रखता है। वरना कुछ भी काम नहीं करता। आपको एक-दूसरे से जुड़ना होगा। परिवारों की सहमति भी जरूरी है। शादी सिर्फ एक पुरुष और एक महिला के बीच नहीं होती, यह दो परिवारों के बीच होती है। अगर सभी सहमत हैं, तो फिर शादी क्यों नहीं?



## मृणाल ने की धनुष की तारीफ

पिछले कुछ वक्त से मृणाल का नाम धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, मृणाल लगातार इन खबरों को नकारती रही हैं। इस बीच पिछले दिनों एक इंटरव्यू में मृणाल ने धनुष की जमकर तारीफ की थी। खुद को धनुष की बड़ी फैन बनाते हुए मृणाल ने कहा, 'रायन', 'मारी', 'रांझणा', 'कैप्टन मिलर' और 'असुरन' जैसी फिल्में देखने के बाद मैं उनकी बहुत बड़ी फैन बन गई हूं। मैं असुरन कई बार देख सकती हूं। वो एक इंस्टीट्यूट हैं। वो गीतकार, लेखक, डांसर, अभिनेता, निर्देशक, न जाने क्या-क्या हैं।



# 'सेयोन' में नए अंदाज में नजर आए शिवकार्तिकेयन

**अभिनेता शिवकार्तिकेयन के 41वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने फिल्म 'सेयोन' का टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म के निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन हैं और फिल्म का निर्माण कमल हासन ने किया है।**

शिवकार्तिकेयन के 41वां जन्मदिन के मौके पर निर्माताओं ने उनकी नई फिल्म 'सेयोन' का पहला टीजर रिलीज किया है। यह टीजर काफी दमदार है और शिवकार्तिकेयन के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। टीजर में शिवकार्तिकेयन एक बहुत ताकतवर और लगभग भगवान जैसे किरदार में नजर आ रहे हैं, जिसे लोग भगवान विरुमंडी कहकर बुलाते हैं।

## क्या है 'सेयोन' की कहानी

कहानी एक गांव के मंदिर उत्सव (मासी कलारी) के दौरान शुरू होती है, जहां पुलिस एक झगड़े की जांच कर रही है। लोग एक रहस्यमयी व्यक्ति के बारे में बात करते हैं। जब शिवकार्तिकेयन का किरदार थाने पहुंचता है, तो लोग उनके पैर छूते हैं और बहुत सम्मान से स्वागत करते हैं। एक पुलिस इंस्पेक्टर कहता है, 'ये भगवान विरुमंडी हैं।' एक बुजुर्ग महिला चिल्लाती है, 'ओजी वापस आ गया है'। इसके बाद एक झड़प होती है, जिसमें उनका किरदार किसी से हाथापाई करता है। देखते ही देखते यह पूरा सीन जोरदार एक्शन में बदल जाता है।

## 'सेयोन' के निर्माता हैं कमल हासन

फिल्म का नाम 'सेयोन' है और इसमें विरुमंडी का जिक्र कमल हासन की पुरानी फिल्म 'विरुमंडी' (2004) से जोड़ा गया है, जिसमें उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई थी। टीजर में एक व्यक्ति बताता है कि शिवकार्तिकेयन का किरदार पहले सेना में था और बाद में गांव के संघर्ष में शामिल हो गया।

यह फिल्म शिवकार्तिकेयन और निर्देशक शिवकुमार मुरुगेसन की साथ में पहली फिल्म है। कमल हासन की कंपनी राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल इसे बना रही है। फिल्म में संगीत संतोष नारायणन का है।

# तापसी ने अपने शादीशुदा रिश्ते और पति मैथियास को लेकर बात की



तापसी पन्नू अपनी शादी और पर्सनल जिंदगी को काफी सीक्रेट रखती हैं। उन्होंने पति मैथियास से शादी से पहले 13 साल तक डेट किया, लेकिन किसी को कानों कान खबर नहीं लगने दी। इसके बाद उन्होंने शादी भी बिना किसी हो-हल्ले के सिंपल तरीके से कर ली, जिसमें सिर्फ परिवार और करीबी ही शामिल हुए। अब हाल ही में तापसी ने बताया कि उन्हें किस तरह का रिलेशनशिप पसंद है और क्यों उन्होंने 13 साल बाद मैथियास को अपना हमसफर बनाया?

एक्ट्रेस ने अपने शादीशुदा रिश्ते और पति मैथियास को लेकर बात की। एक्ट्रेस ने मैथियास के बारे में कहा कि उन्होंने मुझे कभी भी रिश्ते का बोझ महसूस नहीं होने दिया। शादी के बाद भी कुछ खास बदलाव नहीं आया। मैं लगभग भूल ही जाती हूं कि मैं शादीशुदा हूं। शादी से पहले मेरी सिर्फ एक ही शर्त थी कि शादी के बाद भी सब कुछ पहले जैसा ही रहे। एक्ट्रेस ने कहा कि मेरे लिए रिश्ते में सहजता और कंफर्ट सबसे महत्वपूर्ण रखता है। यही कारण है कि मैंने मैथियास से शादी की, क्योंकि उनमें एक सहजता है।

## मैं नहीं चाहती शादी से रिश्ते में बदलाव आए

मैथियास बो एक प्रसिद्ध और ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। अब वो भारत में भी कई खिलाड़ियों को कोचिंग दे रहे हैं। तापसी ने बताया कि शादी के बाद वो डेनमार्क नहीं गईं, बल्कि मैथियास यहां भारत में रहने लगे। मैथियास से शादी को लेकर तापसी ने कहा कि उनकी सहजता ही इसकी वजह थी। कोई भावनात्मक बोझ नहीं था, कोई बाध्यता नहीं थी। मैं कभी नहीं चाहती थी कि शादी पहचान में बदलाव का एहसास कराए। मेरा मानना है कि अगर रिश्ते में बदलाव आता, तो इसे औपचारिक रूप देने का कोई मतलब नहीं होता। हमें सचमुच एक-दूसरे के साथ रहना पसंद है। तभी हमने आगे बढ़ने का फैसला किया। क्योंकि लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप में कई चुनौतियां आ रही थीं।

## शादी में एक-दूसरे पर निर्भर नहीं रहना चाहिए

तापसी का मानना है कि शादी में भी कभी एक-दूसरे पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। उनका कहना है कि लड़कियों को शादी तभी करनी चाहिए, जब अपने बल पर खड़ी हो चुकी हों। उन्हें अपने पति पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, इससे रिश्ते में समानता बनी रहती है। उन्होंने बताया कि अपनी शादी में भी वो और मैथियास अपने-अपने पैसों का हिसाब अलग-अलग ही रखते हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि शादी के बाद भी मैंने जो भी प्रॉपर्टी ली है, वो अपने नाम पर ही ली है। इससे एक-दूसरे पर निर्भरता नहीं आती।

# तापसी बहुत ही इंस्टिंक्टिव अभिनेत्री है, वे बहुत सहज भी हैं, इसलिए यूनिक हैं



अनुभव सिन्हा उन फिल्मकारों में से हैं, जिन्हें मीनिंगफुल सिनेमा का चेहरा कहा जाता है। उनकी फिल्म देखकर थिएटर से निकलने के बाद अंदर कुछ बदल सा जाता है। इस पर वे कहते हैं, 'अगर ऐसा है, भी तो मैं इस पर यकीन नहीं करना चाहता, क्योंकि इससे मैं खुद को ज्यादा अहमियत देने लगूंगा। मैं मीनिंगफुल सिनेमा का चेहरा जैसे टैग को इग्नोर कर देता हूं, क्योंकि मेरा करियर काफी चलायमान रहा है।' वह तापसी पन्नू की तारीफ करते हुए कहते हैं, 'तापसी बहुत ही इंस्टिंक्टिव अभिनेत्री है। वो अपने निर्देशक को बहुत गौर से सुनती हैं, उसे फील करती हैं। वे बहुत सहज भी हैं, इसलिए यूनिक एक्ट्रेस हैं।'

## 25 की उम्र में फिल्ममेकर बनने का खयाल, 'मुल्क' ने बदली धारा

अपनी बात आगे बढ़ाते हुए अनुभव सिन्हा कहते हैं, 'मैंने अपने करियर शुरुआत लव स्टोरी 'तुम बिन' से की, फिर आगे चलकर मैंने एक्शन फिल्म 'दस' बनाई। उसके बाद मैंने सुपरहीरो फिल्म बनाई और फिर मैं सोशियो पॉलिटिकल फिल्मों की तरफ आकर्षित हुआ। हो सकता है, मैं कल को कुछ और बनाने लगूं। देखिए, बचपन में तो मुझे पता ही नहीं था कि मैं फिल्ममेकर बनूंगा। 25 साल की उम्र में मुझे पता चला कि मैं फिल्मकार बनना चाहता हूं। मेरी एक ऐसी यात्रा रही, जहां फिल्ममेकिंग करियर था, मगर 'मुल्क' जैसी फिल्म ने काफी हद तक मेरे करियर की धारा मोड़ी। 'मुल्क' की आवाज ने जिस तरह से लोगों तक अपनी पहुंच बनाई, उसी ने मुझे इस विधा की ओर आकर्षित किया। मेरे करियर में हर जॉनर की 5-6 साल की जर्नी रही, मगर सोशियो पॉलिटिकल जॉनर में मैं सबसे ज्यादा रुक गया। ये सफर दस साल से चला आ रहा है। यहां मेरा कंफर्ट जोन सबसे ज्यादा है।'

## हमें बच्चों से वो बात करनी होंगी, बेटे को मर्द होने का फर्क समझाना होगा

हाल ही बच्चों के एक समूह द्वारा एक बच्ची की बलात्कार की खबर ने लोगों को हिलाकर रख दिया था। इस पर वह कहते हैं, 'ये वो बच्चे हैं, जिन्हें फिजिकल इंटिमेसी का सही अर्थ भी पता नहीं होगा। मुझे लगता है कि हमारी अपने बच्चों से कुछ बातचीतें रह गई हैं। हमें अपने बच्चों से और ज्यादा बात करने की जरूरत है। खास तौर पर अपने बेटों से। उन्हें एक मर्द होने का फर्क समझना होगा। उन्हें अपने अधिकार और ख्वाहिशों की सीमा मालूम होनी चाहिए, क्योंकि अपराध तभी शुरू होता है, जब आप अपनी ख्वाहिशों का दायरा लांघ जाते हैं।'

## मर्द के लिए औरत की तरह फील करना मुश्किल है

'अस्सी' के बारे में वह कहते हैं, 'इस फिल्म में मैं मानसिक रूप से बहुत खर्च हुआ हूं। मुझे औरत बनना पड़ता है। बहुत मुश्किल होता है एक मर्द के लिए औरत की तरह फील करना। हमारी वो ट्रेनिंग नहीं है। औरत होना बहुत मुश्किल है। ये कैसी विडंबना है कि जिसे हमने अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा किरदार माना है, जाने -अनजाने हमने उसका इस्तेमाल ही किया है। चाहे मां हो, बहन हो या पत्नी हो। मैं अपने दोस्तों से कहता हूं कि सड़क पर एक बार औरत बनकर चलने की कोशिश करो। वो दुनिया ही अलग है। एक बच्ची को बचपन से ही बता दिया जाता है कि वो अलग है। वो स्वच्छंद हो ही नहीं पाती।'

## छोटी फिल्मों को ज्यादा थिएटर भी नहीं मिल पाते

अनुभव सिन्हा अच्छा सिनेमा और बॉक्स ऑफिस की इसी बानगी में आगे बताते हैं, 'अब जैसे मेरी 'भीड़' और 'अफवाह' को बहुत अच्छे रियूज मिले, मगर वो एक अलग दौर था। लोगों का थिएटर से नाता टूट गया था। वो फिल्में गलत दौर में आईं। छोटी फिल्मों को ज्यादा थिएटर भी नहीं मिल पाते।

